7

तू मेरी, मैं तेरा...अनएक्सपेक्टेड...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

11

सामुदायिक कार्यक्रमों...

■ वर्ष 31 अंक 179 ■ जबलपुर शनिवार 20 दिसम्बर 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00

# 'मनरेगा' की वापसी के लिये कांग्रेस बनाएगी राष्ट्रव्यापी मोर्चा : राहुल गांधी



नई दिल्ली (वार्ता)

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि उसने संसदीय परंपराओं को ध्वस्त कर मनरेगा की जगह लेने वाला 'वीबी जी राम जी' विधेयक संसद में जबरदस्ती पारित कर करोड़ों लोगों की उम्मीदों पर पानी फेरा है इसलिए कांग्रेस पार्टी सरकार के इस कदम के खिलाफ लड़ेगी और राष्ट्रव्यापी मोर्चा बनाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि ग्रामीण भारत की उम्मीदों को खत्म करने वालीसरकार की इस योजना को कामयाब नहीं होने देंगे और जिन लोगों को आर्थिक रूप से कमजोर करने की साजिश हुई है उनके साथ खड़े होकर सरकार पर मनरेगा की वापसी करने के लिये दबाव बनाएंगे। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा कि कल रात, मोदी सरकार ने एक ही दिन में बीस साल की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को ध्वस्त कर दिया। 'वीबी जी राम जी' का कोई पुनर्गठन नहीं किया गया है। यह पूरी तरह अधिकार आधारित, मांग- प्रेरित गारंटी को खत्म करता है जो इसे दिल्ली से नियंत्रित एक सामान्य योजना में बदल देता है। यह सरकार राज्य और गांव विरोधी है और उसका यह जानबूझकर उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा कि मनरेगा ने देश के ग्रामीण श्रमिकों को शक्ति दी है और बेहतर विकल्प देकर उन्हें शोषण और संकट से बचाया है जिससे पलायन में कमी आई, मजदूरी बढ़ी, कार्य परिस्थितियों में सुधार हुआ, और साथ ही ग्रामीण बुनियादी ढांचे का निर्माण और पुनरुद्धार भी हुआ। यही वह शक्ति है जिसे यह सरकार तोड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि सबसे बुरी बात यह है कि इस कानून को संसद में इसकी विभिन्न पहलुओं की पड़ताल के बिना अनुचित और जबरदस्ती पारित कर दिया गया। विधेयक को स्थायी समिति के पास भेजने की विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया गया। करोड़ों मजदूरों को प्रभावित करने वाला ऐसा कानून, जो ग्रामीण सामाजिक अनुबंध को पूरी तरह से बदल देता है। इस पर संसदीय समिति गंभीरता से विचार करती। यह महत्वपूर्ण विधेयक था और इसे विशेषज्ञ परामर्श और सार्वजनिक सुनवाई के बिना जबरदस्ती पारित नहीं कराना था। प्रधानमंत्री मोदी के लक्ष्य स्पष्ट हैं, मजदूरों को कमजोर करना, ग्रामीण भारत, विशेषकर दलितों, ओबीसी और आदिवासियों के प्रभाव को कम करना, सत्ता का केंद्रीकरण करना और फिर नारों को सुधार के रूप में बेचना।

### विपक्षी सांसदों ने संसद की सीढ़ियों में बिताई रात




संसद में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन- ग्रामीण (वीबी जी-राम-जी) विधेयक 2025 पारित होने के विरोध में तृणमूल कांग्रेस और अन्य इंडिया ब्लॉक पार्टियों के सांसदों ने पुराने संसद भवन की सीढ़ियों पर गुरुवार की आधी रात को 12 घंटे का रात्रिकालीन धरना शुरू किया। राज्यसभा में रात भर बैठक चली और ध्वनि मत से विधेयक पारित किया गया, इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने प्रेरणा स्थल पर एकत्रित होने से पहले सदन से वॉकआउट किया। राज्यसभा में आधी रात को यह विधेयक पारित होने के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ। पूरी रात तीखे संदेश के साथ पोस्ट और नारे दिखाई और सुनाई देते रहे जिसमें लिखा था कि 'मनरेगा को वैसे मत मारो जैसे तुमने गांधीजी को मारा था।'

### विधेयक को जबरदस्ती पारित कराया



कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मनरेगा को खत्म कर सरकार ने संसद में जिस 'वीबी जी राम जी' विधेयक को जबरदस्ती पारित कराया है उसका पहला और सीधा असर गरीब, दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़ों पर होगा और इसका दूसरा असर राज्यों की वित्तीय स्थिति पर पड़ेगा। रमेश ने कहा कि कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कार्य समिति की 27 दिसंबर को बैठक होने वाली है और उसमें व्यापक रणनीति पर विचार किया जाएगा। रमेश ने यह भी कहा कि इस विधेयक के जरिए सरकार ने मनरेगा पर बुल्डोजर चलाया है और भाजपा के कई सांसद इसके पक्ष में नहीं थे और इस विधेयक का उन्होंने मन से समर्थन नहीं किया। खुलकर वे सामने नहीं आ सकते लेकिन उन्हें सरकार की मनरेगा को बदलने की नीति अच्छी नहीं लगी।

## संसद के शीतकालीन सत्र में पारित हुए 8 विधेयक



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त हो गया है। शुक्रवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा में सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का ऐलान कर दिया। 19 दिन चले इस सत्र के दौरान 15 बैठकें हुईं। शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा से कुल 8 विधेयक पारित हुए। इनमें जी राम बिल भी शामिल है। कड़े नियंत्रण वाले सार्वजनिक परमाणु क्षेत्र को प्राइवेट सेक्टर के लिए खोलने से जुड़ा बिल शांति भी पारित हुआ। लोकसभा ने बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा को मौजूदा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने वाला विधेयक भी पारित किया। 'सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक 2025' को लोकसभा से पारित होने के एक दिन बाद राज्यसभा ने भी ध्वनिमत से पारित कर दिया था। लोकसभा ने शीतकालीन सत्र के दौरान 65 संशोधन अधिनियमों और छह मूल कानूनों को निरस्त करने वाला विधेयक भी पारित किया, जो अब अप्रासंगिक हो चुके हैं। मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक 2025, केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक 2025 और स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक 2025 भी पारित हो गए हैं। संसद ने अनुपूरक अनुदान मांगें (प्रथम चरण) 2025-26 को भी मंजूरी दे दी। उच्च शिक्षा नियामक की स्थापना से संबंधित 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 2025' को दोनों सदनों की संयुक्त समिति के पास भेज दिया गया। बाजार प्रतिभूति संहिता से संबंधित एक अन्य विधेयक भी लोकसभा में पेश हुआ, जिसे स्क्रूटनी के लिए विभागीय स्थायी समिति को भेज दिया गया। इस सत्र के दौरान 300 तारांकित प्रश्न स्वीकार किए गए, जिनमें से 72 का मौखिक उत्तर दिया गया। शीतकालीन सत्र के दौरान कुल मिलाकर लोकसभा की बैठक 92 घंटे 25 मिनट हुई। स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही स्थगित करने का ऐलान करने से पहले कामकाज का लेखा जोखा सदन पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि इस सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही। उन्होंने देर रात तक चर्चा में सहयोग करने के लिए सदस्यों का धन्यवाद भी किया।

### दिल्ली में घने कोहरे के कारण 152 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार सुबह घने कोहरे के कारण 152 उड़ानें रद्द रहीं। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से जाने वाली कुल 79 उड़ानें रद्द रहीं। इनमें दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल हैं। वहीं, दूसरे शहरों से दिल्ली आने वाली दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों सहित 73 उड़ानें रद्द करनी पड़ी। इनके अलावा कई उड़ानें रद्द भी रहीं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली हवाई अड्डे पर गुरुवार रात नौ बजे के बाद ही दृश्यता कम हो गयी थी। आधी रात के बाद कैट-3 की परिचालन प्रक्रिया लागू करनी पड़ी। हवाई अड्डे के तीन रनवे अब दोनों छोरों पर कैट-3 उपकरणों से लैस हो चुके हैं। इससे कैट-3 से लैस विमान कैट-3 प्रशिक्षित पायलटों के साथ उपकरणों की मदद से लैंड और टेकऑफ करने में सक्षम हैं। दिल्ली के अलावा उत्तर भारत के दूसरे शहरों में भी आज सुबह घने कोहरे के कारण उड़ानों का परिचालन बाधित रहा।

### इस बार रविवार को पेश किया जाएगा केंद्रीय बजट

**नई दिल्ली (वार्ता)।** आगामी एक फरवरी को रविवार होने के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 का बजट लोक सभा में उसी दिन पेश किया जाएगा। संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त होने के बाद संसद परिसर में शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बजट एक फरवरी को ही संसद में पेश किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 से पहले बजट आम तौर पर 28 फरवरी को पेश किया जाता था और उस पर संसद की मुहर लगने में अप्रैल तक का समय लग जाता था। मोदी सरकार ने इस परंपरा को बदलते हुए बजट पेश करने की तिथि एक फरवरी कर दी ताकि इसे अगले वित्त वर्ष के शुरू होने से पहले पारित कराया जा सके।

### भोपाल मेट्रो का शुभारंभ आज

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** राजधानी भोपाल में 20 दिसम्बर शनिवार को अत्याधुनिक मेट्रो रेल सेवा का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल शाम 4 बजे भोपाल के कुशाभाऊ अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेन्टर में करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल सुभाष मेट्रो स्टेशन पर हरी झण्डी दिखाकर मेट्रो को रवाना करेंगे। मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री मेट्रो में सवारी भी करेंगे। दोनों एम्स पहुंचकर प्रेस को संबोधित करेंगे। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी मौजूद रहेंगे।

### आईएएस संतोष वर्मा मामले में कोर्ट का टाइपिस्ट गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर की एमजी रोड पुलिस ने आईएएस संतोष वर्मा को पदोन्नति का लाभ दिलाने वाले फर्जी निर्णय टाइप करने वाले कर्मचारी नीतू सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को शनिवार तक उसका रिमांड मिला है। पुलिस का मानना है कि आईएएस वर्मा के लिए तत्कालीन स्पेशल जज विजेन्द्र रावत की कोर्ट में जो फर्जी आदेश तैयार किया गया था उसे नीतू सिंह ने टाइप किया था। इसकी उसे पूरी जानकारी थी।

### ऑनलाइन गेम एवीएटर में 30 लाख हारा ठेकेदार, दी जान

**भोपाल।** भोपाल में शारदा नगर निवासी एक ठेकेदार शिवान गुप्ता ने ऑनलाइन गेमिंग में भारी नुकसान के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने ऑनलाइन गेम एवीएटर में करीब 30 लाख रुपए गंवाने का जिक्र सुसाइड नोट में किया है। सुसाइड नोट में उसने लिखा कि उसने लोगों से उधार लेकर ऑनलाइन गेम खेला और सारी रकम हार गया। नुकसान के बाद लेनदारों के दबाव और मानसिक तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया।

## हरियाणा: कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव सर्वसम्मति से खारिज



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में सीएम नायब सैनी की अगुआई वाली बीजेपी सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रस्ताव खारिज हो गया। कांग्रेस के सदन के वॉकआउट करने के बाद इसे वोटिंग के लिए रखा गया। जिसके बाद विरोधी दलों की गैरमौजूदगी में इसे सर्वसम्मति से रिजेक्ट कर दिया गया। स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने प्रस्ताव अस्वीकृत होने का ऐलान किया। इससे पहले अविश्वास प्रस्ताव पर लंबी चर्चा चली। सीएम नायब सैनी ने करीब डेढ़ घंटे का भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा- मैंने इनके अविश्वास प्रस्ताव को पढ़ा है, मैं हैरान हूं कि कहीं ये प्रस्ताव हड़बड़ी में तो नहीं ले आए। इन कांग्रेसियों ने अपने सीनियर नेता रघुवीर कादियान को बलि का बकरा तो नहीं बना दिया। वहीं कांग्रेस विधायक रघुवीर कादियान ने आरोप लगाया कि भाजपा कांग्रेस के लिए पर्ची-खर्ची की बात करती है, जबकि भाजपा के राज में यूनिवर्सिटीज में वाइस चांसलर पर्ची-खर्ची से लगाए। इससे पहले शून्यकाल के बाद वंदे मातरम् पर चर्चा हुई। सीएम नायब सैनी ने कहा- यह सबके लिए वंदनीय है। इस पर चर्चा बहुत जरूरी है। इससे युवाओं को जानकारी मिलेगी। उस समय के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को अपनी कुर्सी डोलती हुई नजर आई। यह सुनते ही कांग्रेस विधायकों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ कांग्रेस विधायक उठकर वेल में आकर बैठ गए।

## सोनू सूद, उर्वशी और युवराज सिंह की करोड़ों की संपत्ति अटैच

नई दिल्ली



ऑनलाइन सट्टेबाजी 1×बेट ऐप मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा समेत कई बॉलीवुड सेलिब्रिटिज की करोड़ों की संपत्ति जब्त कर ली है। 1×बेट मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने नए प्रोविजनल अटैचमेंट किए हैं, जिन लोगों की संपत्तियां अटैच की गई हैं, उनमें युवराज सिंह, रॉबिन उथप्पा, उर्वशी रौतेला, सोनू सूद, मिमी चक्रवर्ती, अंकुश हाजरा और नेहा शर्मा के नाम शामिल हैं। यह जांच कथित अवैध बेटिंग ऐप्स से जुड़ी है, जिन लोगों पर आरोप है कि उन्होंने लोगों और निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी की है या बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी की है। कंपनी का दावा है कि 1×बेट एक वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त बुकी है, जो पिछले 18 सालों से बेटिंग इंडस्ट्री में है। इसके ग्राहक हजारों खेल आयोजनों पर दांव लगा सकते हैं। कंपनी की वेबसाइट और ऐप 70 भाषाओं में उपलब्ध है। आज की कार्रवाई में ईडी ने कुल 7.93 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की है। इससे पहले इस मामले में ईडी ने शिखर धवन की 4.55 करोड़ रुपये की संपत्तियां और सुरेश रैना की 6.64 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की थीं। अब तक 1×बेट मामले में ईडी ने कुल 19.07 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच कर चुका है।

### किसकी, कितनी संपत्ति जब्त

- युवराज सिंह- 2.5 करोड़ रुपये
- रॉबिन उथप्पा- 8.26 लाख रुपये
- उर्वशी रौतेला- 2.02 करोड़
- सोनू सूद- 1 करोड़ रुपये
- मिमी चक्रबर्ती- 59 लाख रुपये
- अंकुश हाजरा- 47.20 लाख रुपये
- नेहा शर्मा- 1.26 करोड़ रुपये

## बांग्लादेश में हिंसा का दिल्ली तक असर

**नई दिल्ली।** प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में भड़के हिंसक विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए, नई दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, दिल्ली पुलिस ने किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए हाई कमीशन के अंदर और आसपास अतिरिक्त बल तैनात किए हैं। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, हाई कमीशन की सुरक्षा गुरुवार रात से ही बढ़ा दी गई थी।




शुक्रवार को पूरे दिन हाई कमीशन के आसपास कड़ी बैरिकेडिंग की गई और गाड़ियों की गहन जांच की गई। संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त भी बढ़ा दी गई और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नज़र रखी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्थिति पर लगातार नज़र रखी जा रही है और खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय बनाए रखा जा रहा है। इस बीच, मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस द्वारा शरीफ उस्मान हादी की मौत की पुष्टि के बाद बांग्लादेश में स्थिति तेजी से बिगड़ गई। गुरुवार रात को देश के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके परिणामस्वरूप हिंसा, हमले और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं।

## पानी की टंकी गिरने से 6 मजदूरों की मौत



**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में शुक्रवार को फैक्ट्री में पानी की टंकी गिरने से 6 मजदूरों की मौत हो गई और 4 अन्य घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 9.30 बजे हुआ। पुलिस ने बताया कि एमआईडीसी बुटीबोरी इलाके में सोलर पैनल बनाने वाली फैक्ट्री अवाडा इलेक्ट्रो प्राइवेट लिमिटेड में टंकी मजदूरों पर गिरी। इसमें 10 मजदूर दब गए। इनमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। 4 मजदूरों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये मजदूर पानी की टंकी के पास कंस्ट्रक्शन का काम कर रहे थे तभी टंकी ढह गई। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला। पुलिस ने आशंका जताई है कि टंकी का स्ट्रक्चर कमजोर होने और पानी के प्रेशर की वजह से हादसा हुआ। नागपुर रुरल की डिप्टी एसपी भाग्यश्री धीरबस्सी ने कहा, हमें सूचना मिली थी कि पानी के प्रेशर की वजह से बलास्ट हुआ है। 10 लोग हादसे की चपेट में आए है।

## मप्र: हर 10 में से 5 बच्चे और 3 महिलाएं एनीमिक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के लोगों में खून की कमी है। स्थिति यह है कि 5 साल से छोटे हर 10 में से 5 बच्चे और हर 10 में से 3 महिलाएं एनीमिक हैं। इसकी पुष्टि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रदेश भर में हुई स्क्रीनिंग की रिपोर्ट ने की है। यह स्थिति इशारा करती है कि प्रदेशवासी कम पोषण और खराब खान-पान ले रहे हैं। हालांकि,



एक राहत की बात यह है कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम में देशभर में मध्यप्रदेश लगातार 6 माह से पहली रैंक हासिल किए हुए हैं। यानी, प्रदेश के हेल्थ वर्कर्स एनीमिक मरीजों की समय रहते पहचान और उन्हें जरूरी इलाज मुहैया करा रहे हैं। एनीमिया मुक्त होने का अर्थ है कि बच्चों और महिलाओं के शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य हो, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर हो सके। यह कार्यक्रम मातृ एवं बाल स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में स्थापित हुआ है।

### 900 करोड़ से ज्यादा रिफंड का मामला

## हाईकोर्ट ने कस्टम से दो सप्ताह में मांगा जवाब

नई दिल्ली

उड़ानों के रद होने के कारण देशभर के एयरपोर्ट पर फैली अव्यवस्था के कारण सवालों के घेरे में आई इंडिगो को चलाने वाली इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड ने 900 करोड़ से ज्यादा के रिफंड की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने कस्टम विभाग से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति वी कामेश्वर राव व न्यायमूर्ति विनोद कुमार की पीठ ने डिप्टी कमिश्नर (रिफंड), प्रिंसिपल कमिश्नर ऑफ कस्टम्स, एयर कार्गो काम्प्लेक्स (इंपोर्ट) के कार्यालय को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के अंदर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले पर अगली सुनवाई आठ अप्रैल 2026 को होगी। याचिका में इंडिगो ने विदेशों में मरम्मत के बाद भारत में दोबारा आयत किए गए




एयरक्राफ्ट इंजन और पार्ट्स पर कस्टम ड्यूटी के तौर पर चुकाए गए 900 करोड़ से ज्यादा के रिफंड की मांग की है। इंटरग्लोब एविएशन ने याचिका में तर्क दिया है कि ऐसे दोबारा आयात पर कस्टम ड्यूटी लगाना गैर-कानूनी है और एक ही ट्रांजेक्शन पर डबल ड्यूटी लगाना है। याचिका में कहा गया कि यह मामला पहले कस्टम ट्रिब्यूनल ने सुलझा लिया था। ट्रिब्यूनल ने कहा था कि मरम्मत के बाद दोबारा आयात पर दोबारा कस्टम ड्यूटी नहीं लगाई जा सकती। हालांकि बाद में संबंधित छूट अधिसूचना में बदलाव किया गया और ट्रिब्यूनल ने फैसला सुनाया कि यह बदलाव सिर्फ आगे से लागू होगा। इंडिगो ने हाई कोर्ट को बताया कि कस्टम ने बाद में माना था कि ऐसे दोबारा आयात पर दोबारा कस्टम ड्यूटी लगाना गैर-संवैधानिक है और अधिसूचना के संबंधित हिस्से को रद कर दिया। इसके बावजूद कस्टम अधिकारियों ने इंडिगो को एयरक्राफ्ट इंजन और दूसरे जरूरी पार्ट्स की क्लियरेंस के लिए ड्यूटी देने के लिए मजबूर किया। नतीजतन, एयरलाइन ने 4,000 से ज्यादा बिल आफ एंट्री पर विरोध के तहत ड्यूटी चुकाई, जिसकी रकम 900 करोड़ रुपये से ज्यादा थी।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने गौशाला विचारपुर का किया भ्रमण



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नीलिमा खरे जी के मार्गदर्शन में एम एस डब्ल्यू (मास्टर ऑफ सोशल वर्क) के विद्यार्थियों द्वारा फील्ड वर्क कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय गौशाला कृष्ण गोपाल गौशाला विचारपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस दौरान छात्रों ने गौशाला की कार्यप्रणाली, पशु देखभाल व्यवस्था एवं सामाजिक भूमिका का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

प्रवीण नामदेव के द्वारा बताया गया कि कृषि वैज्ञानिक डॉ भानु प्रताप सिंह जी ने विचारपुर में चारागाह भूमि पर गौशाला संचालन की सलाह दी, तत्कालीन एस डी एम गजेंद्र सिंह ने अत्यधिक सहयोग देकर गौशाला संचालन में मदद की. शुरू में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा.जैसे कि दूर नदी से पानी लाना पड़ता था. उस समय समिति के सदस्यों व्यास नारायण पाठक, संजीव द्विवेदी, इस्तियाक ,पवन ,साकेत सिंघानिया, प्रवीण नामदेव, राजेश निर्मलकार,विकास चपरा,अभिषेक श्रीवास्तव, आदि के द्वारा स्वयं के खर्घ्चे से गौशाला का संचालन किया जाता था. बाद में समिति का गौ संवर्धन बोर्ड से पंजीयन हुआ। गोशाला में गांव के कई परिवारों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है, गोबर गोमूत्र से जैविक खाद व कंडे का निर्माण किया जा रहा है. वर्तमान में 150 से ज्यादा गौवंश का संवर्धन संरक्षण किया जा रहा है, साथ ही चारागाह भूमि का भी संरक्षण किया जा रहा है जिसमें आसपास के हजारों गौवंश आकर चरते हैं. भ्रमण के समय विद्यार्थियों ने गौशाला में रह रही गायों के भोजन, स्वच्छता, स्वास्थ्य देखभाल एवं पुनर्वास व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की।

छात्रों ने गौशाला संचालकों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और चुनौतियों को भी समझा। इस अवसर पर छात्रों ने पशु कल्याण, पर्यावरण संरक्षण एवं सेवा भावना के महत्व पर चर्चा की। साथ ही गौशाला को स्वावलंबी बनाने हेतु दान, स्वयंसेवा एवं जन जागरूकता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। संस्थान के मार्गदर्शक शिक्षक नितिन गर्ग ने बताया कि इस प्रकार के फील्ड वर्क से छात्रों को समाजकार्य का व्यावहारिक अनुभव मिलता है तथा उनमें करुणा, जिम्मेदारी और सामाजिक संवेदनशीलता का विकास होता है। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक बताया। उस विजिटिंग फैकल्टी नितिन गर्ग , डॉ चंद्रकांत त्रिपाठी, अर्पित दुबे ,एम एस डब्ल्यू से पुष्पलता सिंह, आयुष मिश्रा, रामबाबू पटेल, विद्या सिंह, मुस्कान शुक्ला, कीर्ति पाव, शाहीन खान, श्वेता तिवारी, सविता सिंह, उमा प्रजापति, अनामिका शर्मा, पिंकी कुशवाहा आदि सभी विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।



# अमझोर में छात्रों को किया गया सायकल वितरण

**जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)।** शासन की मंशानुरूप कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं में अध्ययनरत ऐसे छात्र-छात्राएं जिनका घर विद्यालय से 2 किमी. दूरी पर स्थित होता है। ऐसे समस्त छात्र-छात्राओं को सायकल का वितरण किया जाता है। इसी क्रम में संकुल केन्द्र शा.उ.मा. विद्यालय अमझोर में कक्षा 9 वीं के कुल 48 छात्रों को सायकल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुधीर पांडेय उपसरपंच ग्राम पंचायत अमझोर एवं शीला तिवारी भाजपा जिला मंत्री, प्राचार्य एनके खंडेलवाल, जनशिक्षक दिवाकर तिवारी, बीडी सिंह, अरविंद सिंह, राहुल सिंह, सौरभ सोनी, रचना द्विवेदी, पूजा सिंह, रूपेश गुप्ता, संतोष संत, चंद्रिका प्रजापति, सतीश तिवारी, जितेन्द्र तिवारी सहित समस्त विद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शेख रब्बानी के ब्यौहारी कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष बनने पर बधाईयों का तांता



**ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद से लोगों को ब्लाक अध्यक्ष की घोषणा को लेकर काफी दिनों से इंतजार था और जैसे ही हाई कमान ने ब्यौहारी ब्लाक इकाई का ब्लाक अध्यक्ष शेख रब्बानी के नाम की घोषणा की वैसे ही ब्यौहारी ब्लाक सहित आस पास के क्षेत्र के कांग्रेसियो एवं इष्ट मित्रो मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी और लोगो द्वारा उन्हें बधाईया प्रेषित की जा रही है। ज्ञात हो कि शेख रब्बानी का परिवार तीन पीढ़ियों से कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित रहा है। इनके पिता मोहम्मद रमजान कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता के रुप में अपनी पहचान बना कर रखे हैं वहीं शेख रब्बानी छात्र जीवन से कांग्रेस की राजनीति के लिए समर्पित भाव से काम करते रहे छात्र संघ अध्यक्ष, सेवादल सहित कांग्रेस पार्टी के विभिन्न संगठनों में काम करने से लोगों के बीच अच्छी पकड़ बनी हुई है इसके अलावा नगर परिषद ब्यौहारी में पार्षद पद पर अपनी सेवाएं दिये है पार्टी द्वारा ब्यौहारी नगर परिषद अध्यक्ष के रूप में इन्हे अपना उम्मीदवार बनाया गया था और महिला सीट होने पर इनकी पत्नी को टिकट दी गई थी।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो की चित्र प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ




### महिलाओं को आगे बढ़ाना विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए जरूरी : मनीषा सिंह

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** देश की महिलाएं जब आत्मनिर्भर और विकसित होगी तभी प्रधानमंत्री का वर्ष 2047 तक देश को विकसित करने का सपना पूरा हो सकेगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए केंद्र और राज्य सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं को उठाना चाहिए। उक्त विचार जयसिंहनगर क्षेत्र की विधायक मनीषा सिंह ने केंद्रीय संचार ब्यूरो की चित्र प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम में व्यक्त किए। वह केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से शहडोल के शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय, रघुराज क्रमांक 2 में आयोजित विकसित भारत 2047 चित्र प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर बोली रही थीं। इस अवसर पर सुशील शर्मा, प्रियम त्रिपाठी और विद्यालय के प्राचार्य पी.के. मिश्रा आदि उपस्थित रहे। मनीषा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री विभिन्न वर्गों जैसे गरीब, किसान, युवा, महिलाओं आदि के विकास के लिए संकल्पित हैं। हम सबको उनके प्रयासों में अपना सहयोग देकर विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अपना योगदान देना चाहिए। आज जहाँ ड्रोन दीदी के माध्यम से महिलाएं कृषि में तकनीकी योगदान दे रही हैं, वहीं स्वसहायता समूह के माध्यम से बड़ी संख्या में घरों से बाहर निकल कर व्यवसाय कर रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं।

वहीं स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से युवाओं को भी स्वरोजगार और कौशल निर्माण में सहायता मिल रही है। कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी देते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक पराग मांदले ने कहा कि प्रधानमंत्री की वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना की पूर्ति के लिए जिन योजनाओं और कार्यक्रमों को क्रियान्वित किया जा रहा है, उसकी जानकारी प्रत्यक्ष रूप से जन-जन तक पहुँचाने के लिए इस तरह की प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसके अलावा यहाँ प्रदर्शित जानकारियों से विद्यार्थियों को भी भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन हेमंत मरकवाड़े ने किया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अख्तर हुसैन के मार्गदर्शन में रासेयो के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत व लक्ष्य गीत की प्रस्तुति दी। साथ ही रांगोली प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। 20 दिसंबर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में जीएसटी सुधार, नये श्रम कानून, ऑपरेशन सिंदूर, सरदार पटेल की 150 वीं जयंती, वंदे मातरम, स्वच्छता अभियान सहित विकसित भारत 2047 के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी पोस्टर्स के माध्यम से प्रदर्शित की गई है। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। साथ ही आने वाले दर्शकों और विद्यार्थियों के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। विभाग की ओर से अधिक से अधिक नागरिकों से इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने का अनुरोध किया गया है।

# 14 वर्ष आयु वर्ग की 69वीं राष्ट्रीय शालेय बास्केटबाल प्रतियोगिता का गांधी स्टेडियम में किया गया भव्य शुभारंभ

### खेलों से अनुशासन, समन्वय और जीवन में आगे बढ़ने के मिलते हैं अवसर - विधायक मनीषा सिंह

### जुनून, उत्साह और प्रतिभा के संगम की साक्षी बनने जा रही है शहडोल की धरती : विधायक शरद कोल



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय में 14 वर्ष आयु वर्ग की 69वीं राष्ट्रीय शालेय बास्केटबाल प्रतियोगिता का गांधी स्टेडियम में भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक मनीषा सिंह रहीं। अध्यक्षता ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक शरद जुगलाल कोल ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत प्रभा मिश्रा, जिला योजना समिति की सदस्य अमिता चपरा, अध्यक्ष नगर पालिका घनश्याम दास जायसवाल रहे। इस अवसर पर आयुक्त संभाग सुरभि गुप्ता, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उमेश धुर्वे, राष्ट्रीय ऑब्जर्वर जयप्रकाश विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मनीषा सिंह ने एसएफजीआई के खेल ध्वज का ध्वजारोहण किया। प्रतियोगिता में भाग ले रही देश भर की 30 टीमों के खिलाड़ियों द्वारा मार्चपास्ट किया गया। जिसकी सलामी अतिथियों ने ली। मार्चपास्ट का नेतृत्व आंध्रप्रदेश की टीम ने किया। इस अवसर पर नगर की राष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाड़ी तथा मध्यप्रदेश टीम की सदस्य अनुष्का करांगले ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों को खेल को खेल भावना एवं अनुशासन के साथ खेलने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह ने कहा कि खेलों से अनुशासन, समन्वय और जीवन में आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं। उन्होंने कहा कि शहडोल नगर में राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन सुखद एहसास है। उन्होने प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी पूरे मनोयोग से प्रतियोगिता में भाग लें तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विजयश्री प्राप्त करें। खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के माध्यम से खेल की तकनीकों तथा उनकी कमजोरियों की जानकारी मिलेगी। प्रतियोगिता से अनुभव प्राप्त कर सभी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा में निखार लाएंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक ब्यौहारी शरद जुगलाल कोल ने कहा कि जुनून, उत्साह और प्रतिभा के संगम की साक्षी बनने जा रही है शहडोल की धरती। खेलों से खिलाड़ियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास तो होता ही है उनमें नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क तथा आत्मविश्वास भी बढ़ता है। सभी खिलाड़ी हार जीत की चिंता किए बिना अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन दें। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी जिले की सकारात्मक सोच के साथ अपने घरों को वापस जाएं।

जनजातीय संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने खिलाड़ियों एवं दर्शकों का मन मोहा, प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर जिले की जनजातीय संस्कृति के अनुरूप सामूहिक लोक नृत्यों की प्रस्तुतियों ने देश भर से आए खिलाड़ियों तथा खेल प्रेमी लोगों को भाव विभोर कर दिया। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। माता शबरी छात्रावास कटकोना, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास शहडोल, अशासकीय गुड शेफर्ड कान्वेन्ट स्कूल शहडोल तथा ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा जनजातीय लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ियों, अतिथियों तथा खेल प्रेमी लोगों ने भी अपनी सहभागिता कर इन कार्यक्रमों का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में भाग ले रहीं 30 टीमों के प्रबंधकों, कोचों तथा प्रतियोगिता के रेफरियों को टी-शर्ट, ट्रैक शूट तथा शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मारपाची, संभागीय क्रीड़ा अधिकारी सुदर्शन मिश्रा, सहायक संचालक खेल रईस अहमद, पुष्पराज सिंह, डीपीसी अमरनाथ सिंह, एपीसी अरविंद कुमार पाण्डेय, जिला क्रीड़ा अधिकारी रामरूद्र पटेल सहित अमित मिश्रा, प्रियम त्रिपाठी, संतोष लोहानी, सिल्लू रजक, सुशील शर्मा, रवीन्द्र वर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक, खेल प्रेमी जन, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार, प्राचार्य, शिक्षक, आयोजन समिति के सदस्य, खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### निर्वाचक नामावली कार्य में लापरवाही पर निलंबित 3 शिक्षकों की बहाली आदेश जारी

**डिंडौरी।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 104 डिंडौरी के प्रतिवेदन के आधार पर निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (एसआईआर) के कार्य को गंभीरता से नहीं करने के कारण निलंबित किए गए तीन शिक्षकों को बहाल कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार ब्रजमोहन वालरे, प्राथमिक शिक्षक, प्राथमिक शाला वनग्राम समरधा; मनीराम धुर्वे प्राथमिक शिक्षक प्राथमिक शाला अजगर विकासखंड समनापुर तथा दरबारी सिंह परस्ते, सहायक अध्यापक, प्राथमिक शाला कबीर मय खुरखुरीदादर, विकासखंड करंजिया को पूर्व में लापरवाही के कारण निलंबित किया गया था। प्राप्त अभ्यावेदन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए संबंधित शिक्षकों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए निलंबन से बहाल कर पूर्ववत पदस्थ किए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि निलंबन अवधि को समस्त प्रयोजनों के लिए कर्तव्य काल माना जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में लापरवाही को गंभीरता से लिया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति होने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# नायब तहसीलदार न्यायालय में लापरवाही उजागर एसडीएम ने जारी किया कारण बताओ नोटिस



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन ने शुक्रवार को नायब तहसीलदार करंजिया के न्यायालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड दुरुस्ती से संबंधित दर्ज प्रकरणों में कई अनियमितताएँ पाई गईं। जांच में सामने आया कि कुछ प्रकरणों में आदेश पत्रिका संधारित नहीं की गई थी, वहीं कई प्रकरण निर्धारित तिथि पर न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किए गए। इसके अलावा 58 प्रकरण ऐसे पाए गए, जिनमें पटवारी प्रतिवेदन प्रस्तुत होने के बावजूद उन्हें निराकरण के लिए पेश नहीं किया गया था।

इन लापरवाहियों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने प्रवाचक मुकेश पेंन्द्रो को कारण बताओ नोटिस जारी किया। साथ ही नायब तहसीलदार को निर्देश दिए गए कि



वे प्रत्येक सप्ताह अपने न्यायालय का नियमित निरीक्षण करें और लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।

इसी क्रम में ग्राम रैतवार एवं खम्हरिया रैयत में रास्ता विवाद के संबंध में ग्रामीणों के साथ स्थल जांच की गई। खम्हरिया गांव में लगभग दो किलोमीटर पैदल चलकर मौके पर पहुंचते हुए विवाद का समाधान किया गया। मौके पर एसडीएम को अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की और त्वरित निराकरण के लिए आभार जताया।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत रैतवार में धरती आबा सर्वे का निरीक्षण किया गया। साथ ही विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना की जांच की गई, जिसमें दाल, चावल एवं सब्जी की गुणवत्ता अच्छी पाई गई। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति लगभग 90 प्रतिशत दर्ज की गई। प्रशासन द्वारा किए गए इन निरीक्षणों एवं त्वरित कार्यवाही से न्यायिक कार्यों में पारदर्शिता बढ़ने और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

# आंगनवाड़ी केंद्रों में पुनः मिलेगा मिलेट्स आधारित नाश्ता



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्टर की अध्यक्षता में तेजस्विनी महिला संघों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला संघों द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार के रूप में वितरित किए जा रहे मिलेट्स आधारित कुकीज एवं नमकीन के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017-18 से तेजस्विनी महिला संघों द्वारा जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में मिलेट्स आधारित कुकीज, नमकीन एवं सेव-मुरमुरा का वितरण सुबह के नाश्ते के रूप में किया जा रहा था, जिसे अप्रैल 2025 में बंद कर दिया गया था। महिला संघों के अनुरोध पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिला स्तरीय समिति का गठन कर प्रस्ताव पर विचार किया।समिति की अनुशंसा पर कलेक्टर ने पुनः आंगनवाड़ी केंद्रों में सुबह के नाश्ते में कुकीज, नमकीन एवं सेव-मुरमुरा वितरण का निर्णय लिया। इस अवसर पर कलेक्टर ने महिला संघों को आदेश पत्र प्रदान करते हुए निर्देशित किया कि नाश्ता गुणवत्तापूर्ण, निर्धारित मासिक मेनू के अनुसार तथा समय-सीमा में वितरित किया जाए।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न

### मैकेनिकल संकाय के सहायक यंत्री को नोटिस, दिसंबर में शत-प्रतिशत पूर्णता के निर्देश

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिसंबर माह में पूर्णता हेतु लक्षित 99 नल-जल योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने 99 ग्रामों में से स्रोत के अभाव के कारण 11 ग्रामों को छोड़कर शेष 88 ग्रामों की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने दिसंबर माह में शत-प्रतिशत योजनाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिन ग्रामों में स्रोत के अभाव के कारण कार्य लंबित हैं, वहां शीघ्र नलकूप खनन हेतु कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (मैकेनिकल), जबलपुर को निर्देशित किया। मैकेनिकल संकाय को आवंटित ग्रामों में एक भी योजना पूर्ण न होने पर कलेक्टर ने सहायक यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सहायक यंत्री द्वारा कार्य प्रभावित होने की जानकारी पर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता से समन्वय कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद शहडोल, जिला शहडोल

**Office of the Municipal Coucil Shahdol, Distt. Shahdol**

D.D.Complax, Near Tagore Park Shahdol. Distt. Shahdol-484001, Ph. No. 07652-245175 (O), 241015 (F)

### सार्वजनिक निविदा सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मरक संक्रांति पर्व 14 जनवरी 2026 बाणगंगा मेला का आयोजन नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा किया जा रहा है। जिसमें ग्राउण्ड शुल्क वसूली एवं साइकिल स्टैण्ड (दो पहिया/चार पहिया/वाहन) फीस की वसूली का कार्य ठेके पर दिया जावेगा। ठेके की आनलाईन निविदा प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार है।

| सरल क्र. | आनलाईन निविदा क्र. | प्रारंभ तिथि | अंतिम तिथि | निविदा खोलने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD-469954_1 | 20/12/2025 समय 10:30AM से | 03/01/2026 समय 05:30PM तक | 05/01/2026 कार्यालयीन समय पर |

उपरोक्तानुसार इच्छुक व्यक्ति mptender.gov.in के माध्यम से निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा की शर्तें एवं विवरण आनलाइन देखी जा सकती है। निविदा से संबंधित शुद्धि पत्र केवल वेबसाईड में प्रकाशित की जावेगी।

(अक्षत बुंदेला)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद शहडोल (म.प्र.)

# विकास और सेवा के 2 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का बांधवगढ़ विधानसभा सम्मेलन संपन्न




उमरिया (स्वतंत्रमत)।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की मध्य प्रदेश सरकार के 2 वर्ष सफलतम पूर्ण हुए हैं इसके अवसर पर शुक्रवार 19 दिसंबर को जिला भाजपा कार्यालय भरौली में बांधवगढ़ विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया, भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, वरिष्ठ नेता मिथिलेश पयासी, बांधवगढ़ क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे मनीष सिंह राकेश शर्मा महामंत्री दीपक छतवानी उपाध्यक्ष सुमित गौतम धनुषधारी सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह गहरवार, जिला एस आई आर प्रभारी सुमित गौतम मौजूद रहे। आयोजित विधानसभा सम्मेलन मुख्यत: तीन विषयों पर आधारित रहा है मतदाता सूची शुद्धिकरण मध्य प्रदेश सरकार का 2 वर्ष का कार्यकाल और पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती के कार्यक्रम रहा है। इन तीनों विषयों को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया।

विधानसभा सम्मेलन को संबोधित करते हुए संभागीय संगठन प्रभारी गौरव सिरोठिया ने कहा कि हमें गर्व है कि हम पंडित अटलबिहारी वाजपेई जैसे महान व्यक्तित्व जिन्होंने त्याग तपस्या और बलिदान से संगठन को आगे बढ़ाया ऐसी पार्टी के हम कार्यकर्ता हैं। आज हमारे भारत देश सहित अन्य कई राज्यों में सरकार है। लेकिन आज भी हमारे संगठन और हमारी सरकार पंडित अटल बिहारी वाजपेई के दिखाए मार्गों पर चल रही है। उनकी सोच रही है कि कश्मीर से धारा 370 हटाएंगे और अयोध्या में राम मंदिर बनाएंगे जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है। आज उनके बलिदान के कारण हम कुर्सियों और मंचों पर बैठे हुए हैं। एसआई आर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपने गांव मोहल्ले के ऐसे नाम चिन्हित करें जो संदिग्ध हो उसकी जानकारी लेकर आपत्ती करें।

इसी क्रम में संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के सफलतम 2 वर्ष पूरे हुए हैं निश्चित रूप से भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की आम जनता को योजनाओं के माध्यम से अनेको लाभ मिले हैं। लेकिन एक सबसे महत्वपूर्ण बात यह की जो भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से करना है। एसआईआर का कार्य समाप्त हो चुका है अब आने वाले समय में सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इस दौरान बीएलए1,2 और सभी कार्यकर्ता फर्जी और अवैध जुड़े नाम को चिन्हित करें और आपत्ति दर्ज कराए। सूची प्रकाशन होने के बाद एक माह का समय दावा आपत्ति के लिए रखा गया है। लेकिन कार्यकर्ता अंतिम समय का इंतजार नहीं करें बल्कि शुरुआत में ही प्रमाण के साथ आपत्तियां दर्ज कराए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी मुगालते में नहीं रहे कि उनकी सरकार है तो उनका काम कोई शासकीय कर्मचारी करेगा बल्कि वह स्वयं इस कार्य को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करें।

बांधवगढ़ क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने बीते दो वर्षों में आम जनता के लिए अनेकों योजनाएं संचालित कर अनेकों लाभ प्रदान किए हैं। इसके पहले के भी शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने आम जनता के लिए आने को योजनाएं बनाई थी वह भी संचालित है और आम जनता को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने लाडली बहनों को 1250 से 1500 हर महीने दे रहे हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में भी हमारी सरकार लगातार काम कर रही है पहले चार मेडिकल कॉलेज हुआ करते थे अब 24 25 मेडिकल कॉलेज प्रदेश में हो गए हैं। मुख्यमंत्री बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए उद्योगों को बढ़ावा दे रहे हैं इन्वेस्ट मीट के माध्यम से उद्योगपतियों को उद्योग लगाने का न्योता दे रहे हैं सरकार उद्योग लगाने के लिए जो भी उचित और जरूरी व्यवस्थाएं वह देने के लिए तैयार है।



## 2 दिवसीय कुश्ती का महादंगल शुरू पहलवानों ने दिखाए अपने अपने दांवपेंच

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

नगर में आयोजित राष्ट्रीय महादंगल कुश्ती प्रतियोगिता का पहला दिन अपनी परंपरागत ख्याति के अनुरूप अत्यंत रोमांचक रहा। अखाड़े में हुए प्रत्येक मुकाबले में पहलवानों के दांव-पेंच और दमखम ने दर्शकों को उत्साह से भर दिया। कई मुकाबलों के दौरान जोश में आए खेलप्रेमी निर्णय की भूमिका में अखाड़े के समीप तक पहुंच गए, जिन्हें नियंत्रित करने में वालंटियरों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार 19 दिसम्बर 2025 को दोपहर करीब 12.30 बजे अखाड़े की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात श्री रघुराज मानस कला मंदिर के अध्यक्ष अजय सिंह ने रिबन काटकर दंगल का औपचारिक शुभारंभ किया।

इससे पूर्व दंगल में भाग लेने आए देश-विदेश के नामी-गिरामी पहलवानों ने भगवा साफा धारण कर बैंड-बाजों के साथ नगर भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह नागरिकों ने पहलवानों का अभिनंदन कर स्वागत किया। गौरतलब है कि जिले की प्रतिष्ठित साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्री रघुराज मानस कला मंदिर द्वारा बहराधाम, उमरिया में आयोजित इस कुश्ती प्रतियोगिता में इस वर्ष भी देश-विदेश के साथ-साथ महिला पहलवानों की सहभागिता रही। पहले दिन देवा पहलवान (हरियाणा), अल्लू पहलवान (गोरखपुर), संजू पहलवान (बनारस), पुष्पेन्द्र पहलवान (महोबा), मंगल पहलवान (बारांगहटा), सूर्या पहलवान (झांसी), पवन पहलवान (लखनऊ), कल्लू पहलवान (प्रतापगढ़), मलिंगा पहलवान (ओडिशा), विक्की पहलवान (नेपाल), साजन पहलवान (गाजियाबाद), धमाका पहलवान (ओडिशा), अशोक पहलवान (प्रतापगढ़), मंगल पहलवान (टीकमगढ़) एवं आकांक्षा पहलवान (अनूपपुर) सहित अनेक पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया।

### मेडिटेशन कार्यक्रम 21 दिसंबर को

**उमरिया।** सिविल सर्जन ने बताया कि 21 दिसम्बर को मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव मुक्ति हेतु हार्टफुलनेस मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिला चिकित्सालय उमरिया के समस्त अधिकारी/कर्मचारियो को निर्देशित किया गया है कि उक्त दिनांक एवं समय पर अमर शहीद स्टेडियम में हार्टफुलनेस मेडिटेशन कार्यक्रम में सम्मिलित हों।



## नव आरक्षक प्रशिक्षुओं का जंगल कैम्प प्रारंभ

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण), राजा बाबू सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय उमरिया के पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य के निर्देशन में 39वां नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षणरत् प्रशिक्षुओं का जंगल कैंप का औपचारिक प्रारंभ पुलिस अधीक्षक पीटीएस उमरिया द्वारा लवली सोनी प्रभारी (बाह्य प्रशिक्षण) एवं बाह्य प्रशिक्षण की समस्त टीम की उपस्थिति में किया गया। पुलिस अधीक्षक पीटीएस उमरिया द्वारा प्रशिक्षुओं को पुलिस के कर्तव्य पालन में जंगल कैंप के महत्व के बारे में बताया गया उसके बाद प्रशिक्षुओं को कैंप अलर्ट के बारे में बताया गया एवं कैंप अलर्ट की कार्रवाई कराई गई।

## जनसुनवाई में कार्यालय के विभाग प्रमुख या उनके प्रतिनिधि उपस्थित होना सुनिश्चित करें

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** म0प्र0शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जनसुनवाई को सफल बनाये जाने हेतु माह के प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक उपस्थिति अनिवार्य है। संयुक्त कलेक्टर ने जनसुनवाई मे अनुपस्थित रहने वाले विभाग बांधवगढ टाईगर रिजर्व, सीईओ जिला पंचायत, जिला योजना अधिकारी एवं सांख्यिकी अधिकारी, परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नौरोजाबद, जिला कमांडेंट होमगार्ड, सचिव कृषि उपज मंडी से कहा है कि प्रभारी अधिकारी के शासकीय कार्य में व्यस्त/मुख्यालय से बाहर होने अथवा अन्य कारण होने की दशा में अपने कार्यालय के ही प्रतिनिधि (सहायक प्राधिकृत अधिकारी) की पृथक से डियूटी आदेश जारी करें।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में चल रहा पोषण जागरुकता कार्यक्रम

मानपुर (स्वतंत्रमत)

कुपोषण हटाने के लिये सरकार द्वारा हमेंशा कई सतत कार्यक्रम और अभियान संचालित रखे जाते हैं, जिसके तहत इस समय उमरिया जिला अंतर्गत सभी आगनबाड़ी केन्द्रों पोषण थाली जागरुक्ता कार्यक्रम दैनिक हो रहे हैं।

इस अवसर पर प्रत्येक आंगनबाड़ी में कुपोषण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रंग बिरंगे फ्लैश कार्ड और रंग बिरंगी थालियों के माध्यम से पोषण आहार की जानकारी दी गई।कुपोषित बच्चों के परिवार जन को समझाइश के रूप में वजन बढ़ाने वाले पौष्टिक भोजन,हरी सब्जिया फल, सुपुष्टि चूर्ण के रूप में मुरमुरा गुड चना इत्यादि सामग्री का मिश्रण तैयार करने एवं सहजन की पत्तियों का पाउडर बनाकर बच्चो को खिलाने की समझाइश जा रही है, साथ ही



साथ जो कुपोषित बच्चे अब स्वस्थ हो चुके हैं, उन के माता-पिता का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है जिससे अन्य परिवारजनों का उत्साह बढ़ सके।

शुक्रवार 19 दिसम्बर 2025 को मानपुर ब्लॉक के नगर परिषद मानपुर वार्ड नम्बर 2, 3 और 4 के आगन बाड़ी केन्द्र सिगुड़ी क्रमांक 01 और 02 में पोषण थाली कार्यक्रम रखा गया, कार्यक्रम में कुपोषण से बचाव एवं सदा स्वास्थ्य बने रहने के लिये हमेशा पौष्टिक आहार लेते रहने एवं स्वास्थ्य जांच टीकाकरण पर विशेष ध्यान देते रहने के लिये समझाइश दिया गया।

आगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा अपनें हांथों से बनाकर विविध मिस्ठान, पौष्टिक आहार एवं स्वास्थ्य वर्धक पदार्ध को केन्द्रों में लाकर कार्यक्रम की तयारी की गई, जहां क्षेत्रीय हितग्राही महिला और बच्चों को बुलाकर समझाईश दिया गया।

पोषण जागरुक्ता कार्यक्रम में आगन बाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रानी मिश्रा, श्रीमती चम्पाकली पटेल और मानपुर सेक्टर की पर्यवेक्षक श्रीमती अभिलाशा सोंधिया द्वारा विभिन्न प्रकार से सम्झाइस दिये गये, जिन्हों ने कहा कि अपने बच्चों और खुद के पोषण स्तर को बनाये रखने एवं सदा स्वास्थ्य रहने के लिये अविभावकों को विशेष ध्यान देते रहना चाहिये, बच्चों बाजार से मिलने वाले रबर युक्त खाद्य पदार्थों को खिलाने से बचते रहें, स्वयं अपने हांथों से बनवाकर ही खिलावें, हमें पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिये, दैनिक ब्यायाम करना चाहिये, स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण में विशेष ध्यान देते रहना चाहिये, हमेशा ताजा और देसी भोजन लेना चाहिये, सफाई पर ध्यान देते रहना भी जरूरी है, पौष्टिक आहार और पीचक पदार्थ अपने घरों में बनाया जा सकता है।

बच्चों को कुपोषण से बचा के रखें, यदि कोई बच्चा अति कुपोषित हो जाता है तो उसे सीघ्री पुनरवास केन्द्र में भर्ती करवाना सुनिश्चित करें, 06 वर्ष तक के अपने बच्चों को आगनबाड़ी केन्द्र प्रतिदिन भेजें, आगनबाड़ी केन्द्र में बच्चे एवं गर्भवती - धात्री महिला के स्वास्थ्य जांच निह शुल्क होता रहता है, वहां बच्चों को प्राथमिक शिक्षा भी दिया जाता है।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**बालाघाट।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में साइबर अपराधों से बचाव एवं डिजिटल सुरक्षा को लेकर एक साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति सजग करना और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में साइबर अपराध शाखा बालाघाट से आरक्षक सुश्री चांदनी शांडिल्य एवं आरक्षक सुश्री शिखा मीसारे तथा भरवेली थाना से नगर निरीक्षक श्री संजय रीक्षिश्वर उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई।

## पीजी कॉलेज में वंदे मातरम के मूल पाठ के पूर्ण गायन का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 19 दिसंबर को राष्ट्रीय गीत च्वंदे मातरम्ज्ञ के मूल पाठ के पूर्ण गायन का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के वर्चुअल कक्ष में दोपहर 12.00 बजे से किया गया, जो महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के शुद्ध उच्चारण एवं भावपूर्ण गायन से परिचित कराना रहा।इस अवसर पर डॉ. कंचन मसराम (नोडल अधिकारी, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ), डॉ. प्रतिमा बिसेन (प्रभारी, कॅरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ) तथा डॉ. गीतेश पटले (सहायक नोडल अधिकारी, भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ) द्वारा विद्यार्थियों को वंदे मातरम् के मूल पाठ का पूर्ण गायन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ. योगेश विजयवार, डॉ. ताराचंद बड़घैया, प्रो. सुखचंद ऐडे, प्रो. परसराम ठाकरे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय के विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

## रेत खनन करते एक ट्रैक्टर किया जब्त

**बालाघाट।** जिले में अवैध रेत खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 19 दिसंबर को लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम पौनी में अवैध रूप से रेत का खनन एवं परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। उपसंचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि खनिज निरीक्षक सुरेश कुमार कुलस्ते एवं खनिज अमले परसाराम काकोटे, ओरीलाल एवं मोनू ठाकुर द्वारा तहसील किरनापुर के ग्राम कड़कना में छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान रेत के अवैध खनन में लिप्त पाए जाने पर ट्रैक्टर क्रमांक स्क्क-50–3953 को जब्त किया गया।

## तन्नौर नदी के ऐतिहासिक स्थल बाबा मंडी में चला जल संचय अभियान

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, बैहर के तत्वाधान में बैहर की जीवन रेखा तन्नौर नदी के ऐतिहासिक स्थल बाबा मंडी में जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर बोरी बंधान का कार्य किया गया। इस अभियान का उद्देश्य नदी में जल संचय कर जल की एक-एक बूंद को संरक्षित करना रहा। जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में ग्राम भांडेरी स्थित तन्नौर नदी में बोरी बंधान कर जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जल के महत्व को समझाने हेतु विकासखंड समन्वयक श्री महेश पटले द्वारा जन चौपाल का आयोजन भी किया गया। जन चौपाल को संबोधित करते हुए विकासखंड समन्वयक ने



कहा कि जल प्रत्येक जीव-जंतु के जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए जल को सुरक्षित रखना होगा, क्योंकि जल से ही जीवन संभव है। उन्होंने जल की एक-एक बूंद बचाने के लिए प्रत्येक नागरिक से संकल्प लेने की अपील की। बोरी बंधान कार्य में नवांकुर संस्था श्रीराम शैक्षणिक समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र बिसेन, परामर्शदाता शिवनाथ यादव, सुश्री आकांक्षा तेकाम, छात्र ज्योति कुर्वेति, साक्षी दुबे, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भांडेरी की अध्यक्ष भद्रशीला तेकाम, सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम मरकाम, छात्र सुरमा बिसेन, मेघा बिसेन, प्रियंका अड़मे, संदीप बिसेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पाली के जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 8 से पुष्पलता सिंह निर्विरोध निर्वाचित



उमरिया (स्वतंत्रमत)।

रिटर्निंग आफीसर पंचायत उप निर्वाचन एवं एसडीएम पाली ने बताया कि पंचायत उप निर्वाचन 2025 अंतर्गत जनपद पंचायत पाली के जनपद सदस्य क्षेत्र क्र 08 से पुष्पलता सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुई है। इसी तरह ग्राम पंचायत के पंच पद हेतु सेमरिहा वार्ड क्र 04 से देवशरण बैगा, मुदरिया वार्ड क्र 01 से मेलकुमार सिंह, वार्ड क्र 17 से कृष्णा सिंह, मंगठर वार्ड क्र 12 से राकेश सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए, जिन्हे विजयी होने का प्रमाण पत्र दिया गया।

# कलेक्टर ने किया सालेटेका, रजेगांव एवं बोलेगांव के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 19 दिसम्बर को किरनापुर तहसील के अंतर्गत सालेटेका, रजेगांव एवं लांजी तहसील के अंतर्गत ग्राम बोलेगांव के धान खरीदी केंद्रो का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने धान लेकर आए किसानों से भी चर्चा की। धान खरीदी केंद्रो के निरीक्षण के दौरान कलेक?टर श्री मीना ने केंद्र में धान की बिक्री के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों, स्लॉट बुक कराने वाले किसानों एवं धान विक्रय कर चुके किसानों की जानकारी ली। उन्होंने खरीदी केंद्रो में बारदाने की उपलब्धता, सीसीटीवी कैमरे से निगरानी एवं तौल के संबंध में केंद्र प्रभारी से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने तीनों केंद्रो पर तौल कर रखी गई बोरियों में से कुछ बोरियों का चुनाव कर अपने सामने फिर से तौल करायी और देखा कि धान की सही मात्रा में तौल की जा रही है या नहीं। तीनों केंद्रो में जांच के दौरान बोरियों में निर्धारित मात्रा में ही धान पाया गया। कलेक्टर श्री मीना ने केंद्र प्रभारी एवं कम्?प्यूटर ऑपरेटर को सख्?त निर्देश दिये कि धान की खरीदी में किसी भी तरह की गड़बड़ी न होने दे अन्?यथा उनके विरूद्ध सख्?त कार्यवाही की जाएगी। उन्?होंने कहा कि जिस दिन धान की खरीदी की गई है उसकी उसी दिन ऑनलाइन एंट्री हो जाना चाहिए। यदि दूसरे दिन एंट्री किया जाना पाया जाता है तो दोषी व्यक्ति के



विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। बोलेगांव धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक श्री रमेश भटेरे भी उपस्थित थे। धान केंद्रो के निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री एमआर कोल, श्री कमल सिंहसार एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी भी उपस्थित थे।

**कलेक्टर ने किया सालेटेका के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण**-कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 19 दिसम्बर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सालेटेका का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सकों एवं स्टॉफ की उपस्थिति, स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए प्रतिदिन आने वाले मरीजों एवं उन्हें दी जाने वाली दवाओं की जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन 40 से 50 मरीज उपचार के लिए आते है। कलेक्टर श्री मीना ने प्राथमिक केंद्र सालेटेका के स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया ।

## ट्रांसफॉर्मर की बढ़ाई गई क्षमता

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अंजनिया विद्युत उपकेंद्र में क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाने नया पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। इस पावर ट्रांसफार्मर के चालू होने से क्षेत्र के लगभग 5 हजार उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज एवं ओवरलोड की समस्या से राहत मिलेगी, उपभोक्ताओं को निरंतर, स्थिर एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी। घरेलू, कृषि एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं को विशेष लाभ मिलेगा। यह कार्य विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता संचा-संधा मो. अयूब खान के मार्गदर्शन में तथा कार्यपालन अभियंता संचा-संघा संभाग बिछिया मयंक चौरसिया, सहायक अभियंता राजेन्द्र अर्सिया, कनिष्ठ अभियंता एसटीएम., एसटीसी अंकुर विज एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में पूर्ण किया गया है। इस उपलब्धि से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

## निर्वाचन प्रेक्षक ने ली बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नगर पालिका परिषद वार्ड क्रमांक 8 उपचुनाव के संबंध में प्रेक्षक अनूप तिवारी ने अभ्यर्थियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आदर्श आचरण संहिता का पालन करें। किसी भी तरह की समस्या होने पर निर्वाचन अधिकारी को सूचना दें। बैठक में व्यय लेखा के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में निर्वाचन शाखा के अधिकारी तथा अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया।

## विद्यार्थियों को किया जागरूक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में डिग्री कॉलेज बम्हनी बंजर एवं डिग्री कॉलेज अंजनिया में 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फार्म-6 वितरित कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को मतदाता बनने के महत्व की जानकारी दी गई और उन्हें जागरूक किया गया। साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन किया।

## स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मधुपुरी एवं एकीकृत विद्यालय हाईस्कूल बिंझिया में 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत सेक्सुअल हैरेसमेंट प्रीवेंशन वीक के कार्यक्रम किये गये। जिसमें प्रभारी प्रशासक श्रीमती मधुलिका उपाध्याय द्वारा जेंडर सेंसटाईजेशन, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह रोकथाम और पॉश एक्ट तथा शी-बॉक्स पोर्टल के बारे में बच्चों को बताया गया। जिसमें कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से बचाव के लिये आंतरिक परिवाद समिति बनाना और शी-बॉक्स पोर्टल पर आवश्यक जानकारी अपडेट करना आदि के विषय में जानकारी दी गई।

## कैम्पस एम्बेसडरों की बैठक आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला स्तर पर नियुक्त किये गये कैम्पस एम्बेसडर एवं नोडल अधिकारियों को समस्त स्वीप गतिविधियां एवं 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी विद्यार्थियों को निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने की कार्यवाही से अवगत कराने के लिए आज दोपहर 2 बजे जिला योजना भवन के समाकक्ष में बैठक आयोजित की जायेगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह ने बैठक में सभी संबंधितों को अपनी संस्था के कैम्पस एम्बेसडर नोडल अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

# मानसिक प्रताड़ना के शिकार पटवारी की बिगड़ी तबियत परिजन ले गए नागपुर, पटवारी संघ ने कहा- न्यायिक जांच हो

मण्डला(स्वतंत्र मत)





निलंबित पटवारी संदीप कछवाहा का मामला थमने का नाम नही ले रहा है। इस मामले को लेकर जिले भर के पटवारी एक हो गए हैं और इस मामले के सभी दोषियों पर उचित कार्यवाही के साथ न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं। पटवारी संघ की लगातार बैठक हो रही है और उनके ग्रुप में भी इस संबंध में जिले भर के पटवारी अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार को जिले भर के पटवारी मंडला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर सकते हैं। तो वहीं दूसरी तरफ पीड़ित पटवारी संदीप कछवाहा को उनके परिजन ईलाज के लिए नागपुर लेकर रवाना हुए हैं।

जहां पर पटवारी का ईलाज जारी है। मानसिक प्रताड़ना के शिकार पटवारी ने जैसे ही अपना दर्द सोशल मीडिया में लिखा वैसे ही पटवारियों का दल उनके घर पहुंच गया। जहां से पूरी कहानी सामने आई वहीं सूत्रों के अनुसार राजस्व विभाग के बड़े अधिकारी भी पटवारी से मिलने उनके घर पहुंचे थे जहां पर क्या चर्चा हुई इसकी जानकारी नही मिल पाई है। मामला काफी गंभीर और इस मामले को लेकर तरह तरह की चर्चाएं भी सुनाई देने लगी है तो दूसरी तरफ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने भी जिला प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए सोशल मीडिया में पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट में उन्होंने पटवारी का दर्द बयां किया है। इसी तरह जिला पटवारी संघ ने भी जिला प्रशासन के मुखिया पर आरोप लगा दिए हैं। बीते दिनों पटवारी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे जहां पर एडीएम से चर्चा की है और सम्पूर्ण घटना की वास्तुस्थिति बताई है। वहीं निलंबित पटवारी को आनन फानन में पूर्व दिनांक पर बहाल किए जाने की जानकारी भी सामने आई है। बिना दोष कारण लिखे पहले पटवारी को निलंबित किया गया और फिर जब मामले ने तूल पकड़ा तो पटवारी को रातो रात बहाल कर दिया गया। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन की गले की फांस बनते दिखे इस मामले को जैसे तैसे निपटाने का प्रयास किया गया है। वहीं दूसरी तरफ इस बात की चर्चा भी जमकर चल रही है कि क्या चंद लोगों के माध्यम से कोई निर्णय लिए जायेंगे। तो वही भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने भी इस मामले को संज्ञान में लिया है।

बता दें जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए जिला पटवारी संघ ने कलेक्टर पर प्रभावशाली उद्योगपति के इशारे पर एक पटवारी को प्रताड़ित करने का खुला आरोप लगाया है वही संघ ने उच्चस्तरीय जांच मांग की है। घटनाक्रम की शुरुआत निकटवर्ती चटुआमार गांव से जुड़ी है जहां पटवारी संदीप कुशवाह के रिश्तेदार की जमीन के ठीक सामने मंडला उद्योगपति की भूमि स्थित है। आरोप है कि उद्योगपति उक्त जमीन खरीदना चाहते हैं लेकिन संबंधित परिवार बेचने को तैयार नहीं है। इस असहमति के बाद कथित तौर पर दबाव बनाने के लिए उद्योगपति ने प्रशासन का सहारा लिया। जिला पटवारी संघ अध्यक्ष गीतू बैरागी ने बताया कि लगभग तीन महीने पूर्व पटवारी संदीप कुशवाह को निलंबित कर दिया गया था। इस कार्रवाई से पटवारी मानसिक रूप से अत्यधिक परेशान हो गए और हाल ही में सोशल मीडिया पर एक मार्मिक अपील जारी की जिसमें उन्होंने स्वयं को बचाने की गुहार लगाई। इस अपील के बाद पटवारी संघ, सामाजिक कार्यकर्ता और कुछ अधिकारियों ने त्वरित हस्तक्षेप किया जिसके फलस्वरूप पटवारी को तत्काल बहाल करने के आदेश जारी कर दिए गए। संघ अध्यक्ष गीतू बैरागी के नेतृत्व में पटवारियों का एक दल कलेक्टर कार्यालय पहुंचा और अतिरिक्त कलेक्टर राजेंद्र सिंह से मिले।

पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो शीघ्र ही जिले भर के पटवारी एकजुट होकर कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे और उद्योगपति के खिलाफ पुख्ता सबूत प्रशासन को सौंपेंगे। बैरागी ने कहा कि प्रशासन द्वारा पूंजीपतियों के इशारे पर कार्य करना लोकतंत्र और न्याय की भावना के विरुद्ध है। जब इस संबंध में कलेक्टर से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि मामला उनके स्तर का नहीं है पटवारी को एसडीएम द्वारा निलंबित किया गया था और मामले की जानकारी लेकर वे आगे देखेंगे। वहीं एसडीएम सोनल सिडाम से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# नॉमिनी को मिला 2 लाख का चेक

मण्डला/अंजनिया(स्वतंत्रमत)




प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना पीएमएसबीवाई के तहत भारतीय स्टेट बैंक अंजनिया के धीरज कुमार कोष्टा के द्वारा नॉमिनी को चेक दिया गया यह चैक स्व. राजेश कुमार सोनी जिनकी मृत्यु कुआ में गिरने से हुई और जिनका भारतीय स्टेट बैंक अंजनिया में बीमा था जिस दिन स्व राजेश कुमार सोनी की मृत हुए उसके ठीक 45 दिन के अंदर उनकी पत्नी राधा सोनी भारतीय स्टेट बैंक में जाकर धीरज कुमार कोष्टा से संपर्क किया ने तत्काल स्व. राजेश कुमार सोनी के खाते में किये गए बीमा का फार्म बैंक से उपलब्ध कराया और लगभग 1 महीने के बाद 18 दिसंबर को नॉमिनी राधा सोनी को धीरज कुमार कोष्टा बैंक मैनेजर के द्वारा 2लाख का चेक दिया गया जिससे उनके परिवार में खुशी ही ख़ुशी छा गई पीएमएसबीवाई एक सरकारी दुर्घटना बीमा योजना है यह योजना 2 लाख रुपये का दुर्घटना मृत्यु या विकलांगता कवर प्रदान करती है जिसका प्रीमियम सीधे पॉलिसीधारक की मृत्यु होने के बाद नॉमिनी के बैंक खाते से ट्रांसफर कर दिया जाता है और बीमा हर एक नागरिक को करवाना चाहिए जिससे उनके परिवार के लोगो को बीमा का लाभ मिल सके इस कार्य को पूर्णत: सफल करने मे विशेष मार्गदर्शन क्षेत्रीय प्रबंधक आनन्द कुमार द्वारा दिया गया एवं शाखा के समस्त स्टाप ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# 26 दिसंबर को होगा भव्य कवि सम्मेलन

मण्डला(स्वतंत्र मत)



नगर मुख्यालय में 26 दिसंबर को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। जिसको लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। श्री मिश्रा ने कहा कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपेयी( भारत रत्न) की जन्मजयंती है। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा की स्थापना भाजपा कार्यालय में की जा रही है। इसी के साथ अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं 26 दिसंबर को एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन भाजपा कार्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया है। इस कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय कवि जगदीश मित्तल, मदन मोहन समर, सुदीप भोला मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इसी के साथ अन्य कवियों के भी आने की जानकारी मिल रही है। बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई है। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सुनील मिश्रा, नीरज अग्रवाल, रंजीत कछवाहा, किशोर रजक, सुधीर कांसकार मुकेश सोनी, अनिल मिश्रा, इन्द्रेश बब्बल खरया, नवीन जैन अकेला, आशीष ज्योतिषी, अनमोल अग्रवाल, रोहित बघेल, विजय अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विवेक ज्योति को मिली वॉटर कूलर की सौगात

मण्डला(स्वतंत्र मत)




विवेक ज्योति स्कूल नावघाट में वॉटर कूलर की स्थापना की गई। इंसाफ स्मॉल फायनेंस बैंक के सौजन्य से लगे वॉटर कूलर का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने किया। इस अवसर पर बैंक के सीएच प्रशांत शुक्ला, अधिमान्य पत्रकार नीरज अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील मिश्रा, अशोक सोनी, बैंक प्रबंधक सिद्धार्थ सिंह चौहान, स्कूल संचालक ब्रजेश चौरसिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यहां पर मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वालित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि जल ही जीवन हैं और अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छा पानी भी जरूरी है उन्होंने कहा कि विवेक ज्योति स्कूल नगर मुख्यालय का काफी पुराना स्कूल है जहां पर अनुशासन, शिक्षा के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी बच्चों को दिया जाता है इस अवसर पर उन्होंने बैंक के अधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया है वहीं कार्यक्रम में उपस्थित बैंक सीएच श्री शुक्ला ने कहा कि इंसाफ स्मॉल फायनेंस बैंक सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों में भी अपनी सहभागिता दर्ज कराता है। ग्राहकों के भरोंसे पर खरे उतरे इस बैंक से जिले भर के हजारों खाताधारी जुड़े हुए हैं। वहीं इस अवसर पर अधिमान्य पत्रकार नीरज अग्रवाल ने कहा कि बैंक की यह अच्छी पहल है। सामाजिक क्षेत्र में इंसाफ बैंक की अच्छी छवि है। इस अवसर पर स्कूल संचालक ब्रजेश चौरसिया ने उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और अतिथियों को स्कूल का भ्रमण कराया। जहां पर बच्चों से शिक्षा संबंधी चर्चा भी की गई कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय खेल में द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र का मंच से सम्मान भी किया गया। वहीं छात्रा प्रिया अड़माचे ने 200 मीटर दौड़ में राज्य में दूसरा स्थान बनाया है। दोनो छात्रों का प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। इस अवसर पर बैंक से अंकुश चौरसिया संदीप यादव, गरिमा रावत, अंकिता पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। वहीं कार्यक्रम के दौरान दीपाली यादव, रतना वैष्णव, मिथिला ताम्रकार, आशुतोष कछवाहा, कान्हा धनगर, चांदनी जंघेला, मनीषा तिवारी, मंजुला चौरसिया, साधना साहू, प्रिया जैन, नूतन कछवाहा, शिवानी श्रीवास, नमृता बिलैया, शर्मिला, विनिता यादव, सूर्यांश सिंधिया, संजना श्रीवास के साथ स्कूल स्टॉफ मौजूद रहा।

## खेल प्रतियोगिता का हुआ आगाज



**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** नारायणगंज विकासखंड के अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र मानेगांव में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता की शुभारंभ मंडल अध्यक्ष किशनलाल तेकाम, एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष होसीलाल साहू की अध्यक्षता में तथा सरपंच ग्राम पंचायत पाठा श्रीमती मंगो बाई उरवेती, सरपंच ग्राम पंचायत घोटखेड़ा इंद्रजीत मरावी की गरिमामई उपस्थित रही। प्राथमिक वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता माध्यमिक वर्ग की कबड्डी हाई स्कूल वर्ग की दौड़। आदि प्रतियोगिता संपन्न हुई है। उपरोक्त समस्त प्रतियोगिता हमारे जन शिक्षा केंद्र के प्रभारी नरेश सैयाम, एवं हाई स्कूल की प्रभारी अंग्रेज सिंह उईके, जन शिक्षक सुभाष साहू एवं सहदेव मरावी तथा वरिष्ठ शिक्षक उजियार सिंह मसराम, के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें जन शिक्षा केंद्र के समस्त शिक्षकों का भी योगदान रहा।

## श्याम प्रजापति का निधन

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** वार्ड क्रमांक 11 निवासी अजय, मनोज, राम, संदीप प्रजापति के भाई श्याम प्रजापति पिता स्व . चम्मा लाल प्रजापति नगर पालिका नैनपुर कर्मचारी का नागपुर में उपचार के दौरान हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। आपकी अंतिम यात्रा में नगर के चिरपरिचित सामाजिक बन्धुओ नाते-रिश्तेदारों व अधिकार कर्मचारियों ने सम्लित होकर अंतिम विदाई दिया तथा दो मिनट का मोन रख अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# सड़कों व रहवासी क्षेत्र में ठेकेदार लगवा रहा दुकानें

**नैनपुर( स्वतंत्र मत)।** बाजार ठेकेदार की हठधर्मिता अब बढ़ते जा रही है। एक तरफ कलेक्टर मंडला के निर्देशन में एसडीएम , तहसीलदार , नगरपालिका एंव पुलिस प्रशासन अतिक्रमण हटाने यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने में लगा हुआ है तो वहीं दूसरी ओर बाजार ठेकेदार मनमानी कर सड़को और रहवासी क्षेत्र में दुकान लगवा कर अव्यवस्था फेलाने का प्रयास करते आ रहा है । 19 दिसम्बर को तो ठेकेदार ने हद ही पार कर




दिया । जानकारी अनुसार एक सब्जी दुकान दार को रहवासी क्षेत्र घर के सामने दुकान लगाने मकान मालिक ने मना किया तो बाजार ठेकेदार ने सब्जी विक्रेता गणेश भांवरें को झूठी शिकायत करने पुलिस थाना भेज दिया । पुलिस को बताया गया कि सब्जी विक्रेता के द्वारा गर्म पानी डाल कर उसे दुकान नहीं लगाने दिया जा रहा है और गर्म पानी से वह जल गया है। जबकि मकान मालिक ने ऐसा कुछ नहीं किया था ।

## श्रीमति प्रभा चक्रवर्ती का निधन

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** वार्ड क्रमांक 5 निवासी मनीष (शेरू) एंव आशीष (कालू) चक्रवर्ती की मां श्रीमति प्रभा चक्रवर्ती का लंम्बी बिमारी के चलते उपचार के दोरान निधन हो गया। आपकी अंतिम यात्रा में नगर के चिरपरिचित सामाजिक बन्धु सामिल हुए और अंतिम संस्कार बाद दो मिनट का मोन रख अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# पर्यावरण प्रदूषण विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

## अतरिया ग्राम में न्यायाधीश ने किया ग्रामीणों को जागरूक

नैनपुर (स्वतंत्र मत)






राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार पर्यावरण विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नालसा नई दिल्ली द्वारा शीत ऋतु के दौरान पर्यावरण प्रदूषण, विशेष रूप से वायु गुणवत्ता में निरंतर हो रही गिरावट को दुष्टिगत रखते हुए प्रोटेक्ट टूडे सिक्योर टूमारो पैन इंडिया पर्यावरण विधिक साक्षरता शिविर सामुदायिक पहल प्रारंभ की गई है। जिसके पालन मे तहसील विधिक सेवा समिति नैनपुर द्वारा ग्राम पंचायत अतरिया में इस विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन माननीय श्री आदिल अहमद खान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी / अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति नैनपुर एवं बलदेव सिंह मुजालदा थाना प्रभारी पुलिस थाना नैनपुर की उपस्थिति में किया गया। उक्त कार्यक्रम में माननीय न्यायाधीश द्वारा पर्यावरण के बढ़ते प्रदूषण एवं वायु गुणवत्ता में निरंतर हो रही गिरावट के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित जनमानस एवं छात्र/छात्राओं को पर्यावरण के प्रति अपना योगदान देने तथा प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के संबंध में प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस एवं छात्र/छात्राओं द्वारा भी यह प्रतिज्ञा ली गई कि वह भी अब अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण के बचाव हेतु अपना योगदान देंगें तथा उनके द्वारा रोपित किये गये पेड़ों की उचित देखभाल कर उनकी वृद्धि हेतु निरंतर सजग रहेगें। उक्त कार्यक्रम में श्री बलदेव सिंह मुजालदा थाना प्रभारी नैनपुर द्वारा भी पेड़ों की नितान्त आवश्यकता एवं पर्यावरण के प्रति पेड़ों की भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करते हुये पर्यावरण के प्रति अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अधिकारियों के अलावा ग्राम पंचायत अतरिया के समस्त जनप्रतिनिधि पदाधिकारीगण तथा ग्रामीणजनों के साथ-साथ स्कूल के शिक्षकगण एवं छात्र/छात्राऐं उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर परिषद, भुआ बिछिया, जिला-मण्डला**

E-mail:cmobichhiya@mpurban.gov.in
Cmo.bichhiya15@gmail.com
Website : bhuabichhiya.mp-np.in
दुरभाष क्रमांक 07648299402

क्रमांक/न.परि./2025/769 भुआ बिछिया, दिनांक 19/12/2025

**(आवासीय भूमि का पट्टा वितरण हेतु प्रारंभिक सूची का प्रकाशन)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मप्र शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा राजस्व विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र.क्र. 4209/2025/18-3 भोपाल दिनांक 17/11/2025 के अनुक्रम में नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदाय किये जाना) अधिनियम 1984 के अंतर्गत आवासीय भूमि के पट्टे दिये जाने हेतु नगर परिषद भुआ बिछिया के सर्वेक्षण दल द्वारा किये गये सर्वेक्षण अनुसार पात्र/अपात्र हितग्राहियों की प्रारंभिक सूची का प्रकाशन दिनांक 19/12/2025 से 03/01/2026 तक की जाती हैं जारी सूचना दिनांक से 15 दिवस के अंदर कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी भुआ बिछिया में कार्यालयीन समय पर मय दस्तावेज सहित लिखित में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावे आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा पात्र/अपात्र हितग्राहियों की सूची कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व बिछिया एवं नगर परिषद कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं विभागीय वेबसाईड W.W.W.mpurban.gov.in में देखी जा सकती हैं।

(सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित)

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद भुआ बिछिया**

संपादकीय


# 'रामवादी राजनीति'

संसद के शीतकालीन सत्र का शुक्रवार 19 दिसंबर को समापन हो गया। सरकार ने मनरेगा का वैकल्पिक बिल 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' दोनों सदनों में पारित करा लिया, और अब इसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद कानून के तौर पर अधिसूचित कर दिया जाएगा। नए बिल को संक्षेप में 'जी-राम-जी' कहा जा रहा है। शायद इसीलिए हिंदी और अंग्रेजी के शब्दों की खिचड़ी बनाई गई है। इसे भाजपा की 'रामवादी राजनीति' से जोड़ कर भी देखा जा रहा है। मोदी सरकार ने पहले संकेत दिए थे कि संशोधित बिल 'पूज्य बापू' के नाम पर होगा, लेकिन जब बिल का मसौदा सार्वजनिक हुआ, तो 'जी-राम-जी' सामने आया। अब विपक्ष का महात्मा गांधी के नाम पर आंदोलित होना भी लाजिमी है, क्योंकि सरकार 2014 से 2025 तक मनरेगा को यथावत चलाती रही है। कोई नाम-परिवर्तन नहीं। सामाजिक और बौद्धिक स्तर पर भी 'जी-राम-जी' का विरोध किया जा रहा है, क्योंकि उससे काम का अधिकार छिनने का अंदेशा है।

बुनियादी चिंता और सरोकार यह भी होना चाहिए कि जिस भारतीय को काम का संवैधानिक अधिकार हासिल है, क्या उसे 100 अथवा 125 दिन का रोजगार मुहैया कराया जा रहा है अथवा नहीं? जब 2005 में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी बिल' तैयार किया गया था, तब भाजपा के वरिष्ठ सांसद कल्याण सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति में बिल पर व्यापक विमर्श किया गया था। संसदीय समिति ने तत्कालीन मनमोहन सरकार को कई सुझाव भी दिए थे। यकीनन वह ऐतिहासिक प्रयोग था कि देश में गरीब और बेरोजगार अथवा जिसे काम चाहिए, उस व्यक्ति को साल में कमोबेश 100 दिन का रोजगार, केंद्र सरकार के जरिए, उपलब्ध कराया जाएगा। वह संकल्प और कानूनी प्रावधान अधूरे ही रहे, क्योंकि 2006-07 से लेकर 2024-25 तक औसतन 50.24 दिन का रोजगार ही मुहैया कराया जा सका है। वाकई यह सरकार की नाकामियों का स्मारक भी है, लेकिन इसमें कांग्रेस और भाजपा दोनों की ही सरकारें शामिल रही हैं। साल 2008 में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रपट सामने आई, तो बदइंतजामी और गहरे भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए। करीब 70 फीसदी ब्लॉक में मनरेगा अफसर ही तैनात नहीं थे, करीब 52 फीसदी पंचायतों में मनरेगा सहायक ही नहीं थे, बंगाल के 19 जिलों में बिना काम ही भुगतान किए गए और फंड के गलत इस्तेमाल किए गए। देश के 19 राज्यों में सर्वे कराए गए, तो अधिकारी और ठेकेदार के मिलीभगत भ्रष्टाचारों का खुलासा हुआ। 2024-25 में, मोदी सरकार के दौरान, 193 करोड़ रुपए का गबन और घोटाला पाया गया। 2025-26 में 23 राज्यों में मनरेगा के तहत या तो काम ही नहीं कराया गया अथवा बजटीय खर्च कम किया गया। बीती 5 दिसंबर को ही राज्यसभा में सरकार ने जानकारी दी थी कि मनरेगा की मद के 9746 करोड़ रुपए बकाया हैं। बजट में मनरेगा के लिए 80,000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। चूंकि रकम खर्च नहीं की गई, लिहाजा साफ है कि मजदूरी बांटी नहीं गई, क्योंकि काम उपलब्ध ही नहीं कराया गया।

# नाभिकीय ऊर्जा में निजी क्षेत्र का रास्ता खुला

प्रमोद जोशी



संसद ने 'सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया विधेयक, 2025' को पारित कर दिया। इसे अंग्रेजी नामाक्षरों के आधार पर 'शांति-विधेयक' कहा गया है। हालांकि, कई विपक्षी सांसदों ने विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने की मांग की थी, पर सरकार ने इसे राज्यसभा में चर्चा के लिए भेजकर जल्दी पास कराना उचित समझा। अब यह कानून बन जाएगा। दोनों सदनों की राजनीतिक बहसों पर ध्यान नहीं दें, तो यह स्पष्ट है कि यह कानून यूपीए सरकार में अमेरिका के साथ हुई 'न्यूक्लियर-डील' का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो अब अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते के साथ भी जुड़ा है।

यह कानून अनायास ही नहीं बनाया गया है। कई कारणों से 'न्यूक्लियर डील' अपने अभीप्सित उद्देश्यों में पूरी तरह सफल नहीं हो सकी। एक बड़ा अड़ंगा, संभावित दुर्घटना की क्षतिपूर्ति को लेकर था, जिसके लिए 2010 में पास हुए नागरिक दायित्व अधिनियम से विदेशी आपूर्तिकर्ता सहमत नहीं थे। 2008 में, भाजपा ने मनमोहन सिंह सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिसका एक कारण यह भी था कि 'न्यूक्लियर डील' में ऐसा कोई प्रावधान नहीं था, जिससे क्षतिपूर्ति हो सके। इस साल का बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने नाभिकीय ऊर्जा को लेकर कुछ बड़ी घोषणाएं की थीं। उन्होंने स्वदेशी स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) विकसित करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये के 'परमाणु ऊर्जा मिशन' की घोषणा की थी। 2033 तक इनमें से कम से कम पांच रिएक्टर चालू हो जाएंगे। भारत के 2047 तक 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा सुनिश्चित करने के बड़े लक्ष्य के लिहाज से यह महत्वपूर्ण है। उसके पहले पिछले साल जुलाई में नई सरकार के पहले बजट भाषण में उन्होंने कहा था कि सरकार भारत स्मॉल रिएक्टर (बीएसआर) की स्थापना, भारत स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (बीएसएमआर) के अनुसंधान और विकास, तथा परमाणु ऊर्जा के लिए नई प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान और विकास के लिए निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी करेगी। भारत में परमाणु बिजली बनाने का काम अभी तक सरकारी कंपनी न्यूक्लियर पॉवर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड करती है।

अब नाभिकीय बिजली उत्पादन में निजी क्षेत्र का प्रवेश भी होगा, जिसमें विदेशी कंपनियों की भागीदारी भी हो सकती है। यह घोषणा नाभिकीय ऊर्जा के मामले में भारत-अमेरिका संवाद फिर से कायम होने की ओर इशारा कर रही है। 2008 की न्यूक्लियर डील ने भारत और अमेरिका को काफी करीब कर दिया था, पर इसी डील ने दोनों के बीच खटास भी पैदा की थी। न्यूक्लियर डील होते वक्त लगता था कि भारत नाभिकीय ऊर्जा के लिए अपने दरवाज़े खोलेगा, पर उस दिशा में प्रगति नहीं हुई, बल्कि सब कुछ धीमा पड़ गया। 2011 में जापान के फुकुशिमा एटमी बिजलीघर की दुर्घटना के बाद उससे जुड़े जोखिम को लेकर भी सवाल उठे।

भारतीय संसद ने 2010 में सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट पास किया, जिसमें वे व्यवस्थाएं थीं, जो परमाणु दुर्घटना की स्थिति में मुआवजे का भार उपकरण सप्लाई करने वाली कंपनी पर डालती थीं। उस कानून की धारा 17 से जुड़े मसले पर दोनों देशों के बीच सहमति नहीं रही है। यह असहमति केवल अमेरिका के साथ ही नहीं थी, दूसरे देशों के साथ भी थी। 2010 में जब यह कानून पास हो रहा था, तब भारतीय जनता पार्टी भी कड़ी शर्तें लागू करने की पक्षधर थी। बाद में यूपीए सरकार पर जब अमेरिकी दबाव पड़ा तो रास्ते खोजे जाने लगे। भारत की कुल स्थापित विद्युत क्षमता का 1.5 प्रतिशत और उत्पादित बिजली का 3 प्रतिशत हिस्सा परमाणु ऊर्जा क्षेत्र से आता है। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने, ग्रिड की स्थिरता में सुधार करने और 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए हाल के वर्षों में सरकार के एजेंडे में परमाणु ऊर्जा क्षेत्र का निजीकरण करना प्रमुख रहा है। भारत के रूपांतरण के लिए परमाणु ऊर्जा के सतत दोहन और विकास विधेयक, 2025, परमाणु ऊर्जा अधिनियम, पुराने 1962 के कानून और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 दोनों को निरस्त करके उनका स्थान लेगा। वर्ष 1962 का कानून परमाणु ऊर्जा के विकास और उपयोग के आधार प्रदान करता है, और 2010 का परमाणु दुर्घटना के मामले में दायित्व और मुआवजा देने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है। नया कानून दो स्पष्ट जरूरतों से प्रेरित है। एक, कोयले पर आधारित ऊर्जा के स्थान पर अक्षय ऊर्जा क्षमता का निर्माण और इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात, नाभिकीय-क्षमता वृद्धि के लिए पूंजी की आवश्यकता। वर्ष 1962 के अधिनियम के तहत परमाणु ऊर्जा से जुड़ी गतिविधियों के लिए लाइसेंस केवल केंद्र सरकार की इकाई या सरकारी कंपनियों को ही दिया जा सकता है। वहीं नाभिकीय दुर्घटना होने पर क्षतिपूर्ति के लिए 2010 के अधिनियम के तहत, परमाणु स्थापना का संचालक 'नो-फॉल्ट' सिद्धांत के अनुसार परमाणु घटना के कारण होने वाले किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी है। ऑपरेटरों को देनदारियों को कवर करने के लिए बीमा रखना होगा। ऑपरेटर की देयता की अधिकतम सीमा भी तय है, जिसके ऊपर की देयता केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। 2010 के अधिनियम में 10 मेगावाट या उससे अधिक की ताप विद्युत क्षमता वाले परमाणु रिएक्टर के लिए अधिकतम 1,500 करोड़ रुपये की देनदारी निर्दिष्ट की गई थी।

अब नए कानून में क्षमता के आधार पर 100 करोड़ रुपये से 3,000 करोड़ रुपये तक की देयता सीमा तय की गई है। इस सीमा के ऊपर की क्षतिपूर्ति केंद्र सरकार करेगी। लोकहित में जरूरी हुआ, तो वह किसी गैर-सरकारी संस्था का पूरा दायित्व भी अपने ऊपर ले सकती है। अब सरकारी संस्थाओं, संयुक्त उपक्रमों और 'अन्य किसी कंपनी' को लाइसेंस के जरिए नाभिकीय ऊर्जा गतिविधियों की अनुमति देने की इजाजत देकर, संसद ने संकेत दिया है कि घरेलू निजी पूंजी इन्हें चलाए, न कि विदेशी संयंत्र मालिक। 100 गीगावॉट का लक्ष्य पूरा करने के लिए भारत को बड़े पैमाने पर पूंजी जुटानी होगी। निर्माण संबंधी जोखिम साझा कर सकने वाली गैर-सरकारी संस्थाओं को भी खोजना होगा। साथ ही नाभिकीय प्रसार के लिहाज से संवेदनशील कामों को राज्य के मातहत रखना होगा। इस कानून में सेफ्टी, क्रियान्वयन और विवाद-समाधान तथा भागीदारी की शर्तों को एक साथ समेटने का प्रयास किया गया है। पश्चिम एशिया के कुछ सरकारी कोषों और विदेशी निधियों ने आंशिक वित्तपोषण में रुचि दिखाई है, जिसमें एसएमआर की विनिर्माण श्रृंखला में प्रवेश करना भी शामिल है।

परमाणु ऊर्जा को व्यावसायिक रूप से प्रतिस्पर्धी विकल्प बनाए रखने के लिए एसएमआर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सरकारी सूत्रों ने संकेत दिया है कि नाभिकीय क्षेत्र में इक्विटी निवेश के नियम सरकार के विदेशी इक्विटी भागीदारी दिशानिर्देशों के अनुरूप होंगे। दो प्रमुख संशोधन खासतौर से महत्वपूर्ण हैं। एक का उद्देश्य एक विशिष्ट प्रावधान-नागरिक दायित्व कानून की धारा 17 (बी) को कमज़ोर करना है, जिसे दुनियाभर में लागू किए गए इसी तरह के परमाणु दायित्व कानूनों के विपरीत माना गया था। इसे विदेशी उपकरण विक्रेताओं ने बाधा बताया है। इस धार पर किसी ने भी कानून लागू होने के बाद से भारत में किसी भी परियोजना में निवेश नहीं किया है। यह भारतीय उप-विक्रेताओं के लिए भी चिंता का विषय था, क्योंकि 'आपूर्तिकर्ता' शब्द का दायरा बहुत व्यापक माना जाता है। अब इसे भी स्पष्ट किया गया है।

# दादा की संपत्ति पर पोते के हक का सवाल

भारतीय परिवारों में संपत्ति विवाद एक गंभीर समस्या है जो रिश्तों की नींव को हिला देती है। जमीन-जायदाद के कागज़ात पारिवारिक सद्भाव को नष्ट कर देते हैं। इन विवादों के केंद्र में जटिल सवाल यह होता है- 'जब पिता जीवित हैं, तो दादा की संपत्ति पर पोते का कितना अधिकार है?' यह प्रश्न केवल एक कानूनी जटिलता नहीं, बल्कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी चले आ रहे सामाजिक मूल्यों और हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की बारीकियों को भी दर्शाता है। भारतीय समाज में परिवार और संपत्ति का संबंध केवल आर्थिक नहीं, बल्कि गहरा भावनात्मक भी होता है। यही कारण है कि जब दादा की संपत्ति के बंटवारे की बात आती है, तो मामला केवल कानूनी धाराओं तक सीमित न रहकर रिश्तों में कड़वाहट की जड़ बन जाता है।



डॉ. सुधीर कुमार

लेखक कुरुक्षेत्र विवि के विधि विभाग में सहायक प्रोफेसर हैं।

पोते-पोतियों के मन में यह सामान्य सवाल होता है- 'क्या पिता के जीवित रहते हम दादा की संपत्ति पर सीधा दावा कर सकते हैं?' इस प्रश्न का उत्तर 'हां' या 'ना' में देना सरल नहीं। इसका जवाब पूरी तरह संपत्ति के प्रकार पर निर्भर करता है - यानी वह 'स्व-अर्जित' है या 'पैतृक'। इस अंतर को सुप्रीम कोर्ट ने अपने विभिन्न फैसलों के जरिये समय-समय पर स्पष्ट किया है, जिससे कानूनी स्थिति साफ हो। कानूनन संपत्ति मुख्यतया दो प्रकार की होती है, और यह अंतर समझना ही सारे विवाद समाप्त कर सकता है। स्व-अर्जित संपत्ति वह है जिसे दादा ने अपनी मेहनत, वेतन, या व्यावसायिक आय से स्वयं खरीदा या अर्जित किया है। इस संपत्ति पर दादा का पूर्ण स्वामित्व होता है। उनके जीवनकाल में, उनका बेटा या पोता भी सीधे तौर पर दावा नहीं कर सकता, और दादा के पास अधिकार है कि वे जिसके नाम चाहें, उस संपत्ति की वसीयत करे। यहां अहम कानूनी बिंदु यह कि यदि पिता (अर्थात दादा के बेटे) जीवित हैं, तो पोता दादा की स्व-अर्जित संपत्ति में सीधे हिस्सेदार नहीं बन सकता। पोता केवल तभी दावा कर सकता है जब उसके पिता की मृत्यु दादा से पहले हो चुकी हो। इस स्थिति में, पोता अपने मृत पिता का प्रतिनिधित्व करते हुए हिस्सा पाता है। यह नियम स्पष्ट है- स्व-अर्जित संपत्ति पर पोते को धैर्य रखना पड़ता है। इसके विपरीत, पैतृक संपत्ति वह होती है जो कम से कम चार पीढ़ियों से निरंतर पुरुष वंशजों के माध्यम से हस्तांतरित होती आयी है। इस संपत्ति के संबंध में पोते की कानूनी स्थिति पूरी तरह बदल जाती है। पैतृक संपत्ति में पोता जन्म लेते ही 'सह-स्वामी' बन जाता है। उसका हक दादा या पिता की मृत्यु का इंतजार नहीं करता; वह बतौर जन्मसिद्ध अधिकार कभी भी बंटवारे की मांग कर सकता है। यह उसे स्व-अर्जित संपत्ति से मौलिक रूप से अलग करता है। कानूनी स्थिति को सबसे निर्णायक रूप से सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2018 में 'विनीत शर्मा बनाम राकेश शर्मा' नामक एक अत्यंत महत्वपूर्ण मामले में स्पष्ट किया था। यह लैंडमार्क केस पैतृक और स्व-अर्जित संपत्ति के बीच अंतर को कानूनी रूप से मजबूत करता है, जो अक्सर पारिवारिक विवादों का कारण बनता है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराधिकार के नियमों पर यह साफ किया कि यदि दादा अपनी स्व-अर्जित संपत्ति (जो उन्होंने अपनी मेहनत से कमाई थी) को वसीयत के जरिये अपने बेटे या पोते को सौंपते हैं, तो संपत्ति प्राप्त करने वाले व्यक्ति के लिए वह 'पैतृक संपत्ति' नहीं, बल्कि उसकी 'व्यक्तिगत संपत्ति' बन जाती है।

उत्तराखंड के हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया था कि जब तक पिता जीवित हैं, तब तक पोता अपने दादा की स्व-अर्जित संपत्ति में हिस्सा नहीं मांग सकता है। यह फैसला इस मौलिक सिद्धांत की पुष्टि करता है कि स्व-अर्जित संपत्ति पर पोते का सीधा अधिकार उनके पिता के माध्यम से ही आता है, और वह तभी प्रभावी होता है जब पिता जीवित न हों या जब संपत्ति पैतृक श्रेणी में हो। सर्वोच्च न्यायालय ने 2014 में सी. शिवकुमार बनाम शिवन्ना मामले में इस सिद्धांत को फिर दोहराया कि स्व-अर्जित संपत्ति के मालिक (इस मामले में दादा) को उस संपत्ति पर पूर्ण व निर्विवाद अधिकार होता है। इस फैसले ने इस बात पर मुहर लगा दी कि मालिक अपनी स्व-अर्जित संपत्ति का उपयोग, उपभोग या हस्तांतरण अपनी इच्छानुसार कर सकता है, और वारिसों का उस पर जन्मसिद्ध अधिकार लागू नहीं होता।

उत्तम बनाम सौभाग सिंह (2016) मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के बाद, यदि किसी व्यक्ति (जैसे दादा) को अपने पिता से कोई संपत्ति विरासत में मिलती है, तो वह स्व-अर्जित संपत्ति मानी जाएगी, न कि स्वचालित रूप से पैतृक संपत्ति। इस फैसले ने पुरानी कानूनी धारणाओं को बदलते हुए यह स्थापित किया कि संपत्ति को 'पैतृक' साबित करने के लिए यह दिखाना अनिवार्य है कि वह चार पीढ़ियों से अविभाजित रूप से चली आ रही है। यदि दादा ने संपत्ति को कानूनी बंटवारे के बाद अपने हिस्से में लिया है, तो वह उनकी स्व-अर्जित संपत्ति है। ऐसे में, पोते का उस पर जन्मसिद्ध हक नहीं। यह फैसला पारिवारिक मुखिया के अधिकारों को मजबूती प्रदान करता है, जबकि पोते के अधिकार सिर्फ अविभाजित पैतृक संपत्ति तक सीमित हैं। उपरोक्त निर्णायक फैसलों से यह अंतिम कानूनी सत्य सामने आता है कि स्व-अर्जित संपत्ति पर दादा का अधिकार सर्वोपरि है, और पोते का जन्मसिद्ध दावा केवल वास्तविक, अविभाजित पैतृक संपत्ति तक ही सीमित है। जायदाद के मामलों को अदालतों के गलियारों में घसीटने से बेहतर है कि पारिवारिक मुखिया पारदर्शिता अपनाए और विवाद की गुंजाइश खत्म करने के लिए स्पष्ट वसीयत तैयार करे।

# हमारे कर्मों के हिसाब से है हवा खराब

शमीम शर्मा

एक ठंडी सर्द रात में चूल्हे के सामने बैठी एक नन्ही बच्ची ने अपनी मां से एक मासूम-सा सवाल किया-मां, जब चूल्हे की आग कम हो जाती है तो हम फूंक मारकर उसे तेज कर देते हैं, लेकिन दीये पर फूंक मारें तो वो बुझ क्यों जाता है? हवा भेदभाव करती है क्या? बच्ची का सवाल छोटा था लेकिन उसके भीतर समाज का पूरा सच धधक रहा था। व्यवस्था तो ऐसी होनी चाहिए, जिससे हवा भी चलती रहे और दीया भी जलता रहे।

दरअसल, हवा की यह दोहरी भूमिका हमारे समाज जैसी ही है। एक ओर चूल्हे हैं, जो हवा मिलते ही वह भभक उठते हैं। दूसरी ओर दीपक हैं, जो हल्की-सी हवा से भी फुर्र होकर अंधेरे में बदल जाता है। कहीं हवा मौका बन जाती है और कहीं जोखिम बन जाती है। पर आजकल हवा भी खराब हो गई है। गांव की हवा में कभी मिट्टी की खुशबू होती थी अब तो चिड़ियां भी दिशाओं से पूछती हैं कि किधर उड़ें कि सांस बची रहे?

आज राजनीति से लेकर परिवार तक हर कोई हवा का रुख देखकर हवा में उड़ रहा है, मौका मिलते ही हवा बदल लेता है। जब सच सामने आता है तो आम आदमी की हवा निकल चुकी होती है। नेता हों या अफसर, सब अपनी-अपनी हवा बनाए रखने में जुटे हैं जबकि आम आदमी की जिंदगी की तो हवा निकली पड़ी है। जो बचे हैं उनकी हवा खराब हवा ने निकाल रखी है।

सबसे मजेदार बात यह है कि हम कहते हैं कि हवा खराब है पर खुद को सुधारने की हवा कभी नहीं चलने देते। गाड़ी की खिड़की बंद करके ए.सी. चला लेते हैं और पेड़ काटकर कहते हैं-विकास जरूरी है। विकास जरूरी है, पर सांस भी तो चाहिए! आजकल हवा में सिर्फ ऑक्सीजन नहीं, हमारे कर्मों का फल भरा पड़ा है। जो धुआं कारखानों से निकला, जो जहर हमने खेतों में डाला, जो गंदगी हमने शहरों में फैलाई-सब मिलकर हवा का चरित्र प्रमाण-पत्र बना रहे हैं। और फिर हम मासूमियत से कहते हैं-आजकल हवा खराब है।

पहले हवा शरीर साफ करती थी, अब सी.टी. स्कैन करवाती है। हवा इतनी बदनाम हो चुकी है कि खिड़की खोलना भी साहसिक खेल बन गया है। हम हवाओं पर सम्मेलन-गोष्ठियां कर रहे हैं। बड़े-बड़े मंच और बड़ी-बड़ी बातें। फोटो खिंचवाकर घर लौट आते हैं और हवा वहीं की वहीं बेचारी।

# मेसी आए, कैमरे चमकेः लेकिन भारतीय फुटबॉल आईसीयू में तड़पता रहा

निखिल नाज

लियोनेल मेसी का भारत आगमन इस हफ्ते की सबसे बड़ी सुर्खी रहा। हर तरफ वही चर्चा- भीड़, कैमरे, वीआईपी पास और 'इतिहास रचने' के दावे... लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस पूरे तमाशे ने मुझे जरा भी उत्साहित नहीं किया...गलत मत समझिए। मैं वर्षों से इस कद में छोटे, लेकिन कद-काठी में महान अर्जेंटीनी का प्रशंसक रहा हूं। उन्हें नजदीक से देखने का मौका मिले, तो शायद मैं भी दौड़ पड़ूं... लेकिन मौजूदा हालात में, खुद को इससे अलग रखना ज्यादा ईमानदार लगा। क्योंकि सवाल सीधा है- जब इस देश में फुटबॉल खुद आईसीयू में पड़ी हो, तब किसी फुटबॉलर का जश्न कैसे मनाया जाए?

अनुमान है कि मेसी को भारत लाने के लिए आयोजकों ने करीब 120 करोड़ रुपये खर्च किए। इस रकम में उनकी फीस, प्राइवेट जेट, सुरक्षा, मेहमाननवाजी और तमाम ऑपरेशनल खर्च शामिल बताए जाते हैं। इस निवेश की भरपाई का फॉर्मूला भी उतना ही अनुमानित था- कॉरपोरेट स्पॉन्सरशिप, सरकारी साझेदारियां, 10 हजार से 30 हजार रुपये तक के टिकट, कथित तौर पर 10 लाख रुपये प्रति व्यक्ति वाले निजी मीट-एंड-ग्रीट और टीवी राइट्स। पैसे, ताकत और ग्लैमर का ऐसा नशा, जिसने 72 घंटों की फुटबॉल रॉयल्टी को संभव बना दिया।

पिछला एक साल भारतीय फुटबॉल के इतिहास का शायद सबसे अंधकारमय दौर रहा है। देश की शीर्ष लीग- इंडियन सुपर लीग, ठहरे हुए पानी की तरह अटकी पड़ी है। इसके कमर्शियल राइट्स के लिए कोई खरीदार नहीं है, सीजन शुरू नहीं हो पा रहा और करीब 300 भारतीय फुटबॉलर्स बेरोजगार हो चुके हैं। हालात इतने खराब हो गए कि सुनील छेत्री और गुरप्रीत सिंह संधू जैसे दिग्गजों को सोशल मीडिया पर एसओएस संदेश डालने पड़े- मदद की गुहार लगाते हुए। रिलायंस ने करीब एक दशक तक आईएसएल को संभाला, लेकिन लगातार घाटे और ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के साथ असहनीय मतभेदों के बाद उसने हाथ खड़े कर दिए। नीचे की लीगों का हाल और भी बुरा है। भारत की दूसरी श्रेणी की पुरुष लीग, आई-लीग, के संचालन के लिए इस साल एक भी बोली नहीं आई। यह सिर्फ एआईएफएफ की कुप्रबंधन और अक्षमता की कहानी नहीं है, बल्कि इससे भी ज्यादा असहज सच्चाई की ओर इशारा करता है- खेल के प्रति गहरी उदासीनता।

अब जरा हिसाब समझिए। आईएसएल के एक पूरे सीजन को चलाने की लागत करीब 100 करोड़ रुपये बताई जाती है। लेकिन एआईएफएफ फिलहाल किसी भी इच्छुक संस्था से न्यूनतम 37.5 करोड़ रुपये की गारंटी मांग रहा है। यानी भारत की शीर्ष फुटबॉल लीग के तीन पूरे सीजनों के मार्केटिंग और नियंत्रण अधिकार, लगभग उतनी ही कीमत में, जितनी मेसी की तीन दिन की भारत यात्रा पर खर्च हुई। फिर भी, कोई कॉरपोरेट अपने मार्केटिंग बजट से आगे नहीं आ रहा। कोई राज्य सरकार



'पार्टनरशिप फीस' देने को तैयार नहीं। कोई अमीर संरक्षक खेल को सहारा नहीं दे रहा। यहां तक कि घरेलू मैचों के लिए टिकट खरीदने वाली मजबूत मिडिल क्लास भी नदारद है। केंद्र सरकार भी लगभग हाथ खींच चुकी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, खेल मंत्रालय ने साफ कहा है कि वह आईएसएल को फंड या संचालित करने में मदद नहीं कर सकता, यह जिम्मेदारी पूरी तरह स्टेकहोल्डर्स की है। यह सब उस देश में हो रहा है, जो 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी और 2036 ओलंपिक की दावेदारी का सपना देख रहा है। अब बात राष्ट्रीय टीम की। भारतीय पुरुष टीम इस वक्त फीफा रैंकिंग में 142वें स्थान पर है-पिछले एक दशक का सबसे खराब प्रदर्शन। हालिया हारें बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ आई हैं, जिन्हें कभी आसान प्रतिद्वंद्वी माना जाता था। कभी एशिया की बड़ी ताकत माने जाने से लेकर एसएएफएफ स्तर पर संघर्ष तक... भारतीय फुटबॉल की गिरावट तेज और दर्दनाक रही है। लगभग उतनी ही तेज, जितनी डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट। एक और कड़वा सच- भारत अगले एएफसी एशियन कप के लिए क्वालिफाई तक नहीं कर पाया। फीफा वर्ल्ड कप की बात तो छोड़ ही दीजिए। भारतीय फुटबॉल अब एशिया की टॉप-24 टीमों में भी शामिल नहीं है...उस महाद्वीप में, जिसे खुद फुटबॉल की दुनिया का सबसे कमजोर हिस्सा माना जाता है। यह गिरावट इसलिए और चौंकाती है क्योंकि भारत इससे पहले एशियन कप के लगातार तीन संस्करणों में खेल चुका था। यह सब उस धारणा को और मजबूत करता है, जिस पर मैं लंबे समय से यकीन करता आया हूं- भारत में लोग खेल से नहीं, खेल सितारों से प्यार करते हैं। भारतीय फुटबॉल को सुधारने की जिम्मेदारी लियोनेल मेसी की नहीं है। यह उम्मीद करना कि किसी सुपरस्टार की यात्रा से एक जर्जर व्यवस्था बदल जाएगी, भोलेपन के सिवा कुछ नहीं। लेकिन क्या भारतीय फुटबॉल के हित में कुछ किया नहीं जा सकता था? वीआईपी लोगों के लिए बने इस एक्सक्लूसिव इवेंट की जगह, अगर मेसी आधा घंटा अंडर-17 टीम, अंडर-23 खिलाड़ियों या महिला सीनियर टीम के साथ बिताते- जिन्होंने हाल के वर्षों में उम्मीद जगाई है- तो शायद इस दौरे का मतलब कुछ और होता....क्योंकि जब तक चमक सितारों पर टिकी रहेगी और सिस्टम अंधेरे में सड़ता रहेगा, भारतीय फुटबॉल दूर से महानता की तालियां बजाता रहेगा और उसकी अपनी नींव चुपचाप ढहती रहेगी।

## ट्रम्प ने वार्षिक रक्षा नीति विधेयक पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन (वार्ता)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वार्षिक रक्षा नीति विधेयक पर कानूनी तौर पर हस्ताक्षर कर दिए है। अमेरिकी सीनेट ने बुधवार को वित्त वर्ष 2026 के लिए 901 अरब डॉलर का राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम (एनडीएए) पास कर दिया था। इस विधेयक को सीनेट में 77-20 और हाउस में 312-112 वोटों से मंजूरी मिली, इसमें सेना के जवानों की सैलरी में 3.8-4 प्रतिशत की बढ़ोतरी, हथियारों के उत्पादन को बढ़ावा देना और यूक्रेन के लिए हथियारों के लिए सालाना 400 मिलियन डॉलर मंजूर करना शामिल है। विधेयक में सहयोगी देशों से सलाह-मशविरा करके यूरोप और दक्षिण कोरिया में अमेरिकी सैनिकों की संख्या को भी बनाए रखा जाएगा। मुख्य प्रावधानों में पेंटागन की खरीद प्रक्रियाओं में सुधार, गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम का विकास, और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ पर वेनेजुएला के पास कथित ड्रग नावों पर अमेरिकी हमलों के बिना एडिट किए गए फुटेज कांग्रेस को देने का दबाव डालना शामिल है, जब तक वे ऐसा नहीं करते, तब तक उनके यात्रा बजट का एक चौथाई हिस्सा रोक दिया जाएगा।

## नॉर्थ कैरोलिना में विमान दुर्घटना, कई लोगों की मौत

**स्टेट्सविले (वार्ता)।** अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना स्थित एक क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर एक छोटा विमान उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में कई लोगों की मौत की आशंका है। विमानन अधिकारियों ने बताया कि इस सेसना सी550 विमान में छह लोग सवार थे। यह कॉर्पोरेट जेट स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग सवा दस बजे स्टेट्सविले रीजनल एयरपोर्ट पर दुर्घटना का शिकार हो गया। हवाई अड्डे के निदेशक जॉन फर्ग्यूसन ने बताया कि जब वह घटनास्थल पर पहुंचे, तब विमान आग की लपटों में घिरा हुआ था। विमान रनवे के पूर्वी छोर पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ। मलबे को हटाने और जांच के लिए स्टेट्सविले हवाई अड्डे को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड इस हादसे की जांच कर रहा है। दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## अनारक्षित आनलाइन टिकट की कॉपी जरूरी नहीं

**नई दिल्ली (वार्ता)।** रेलवे ने यात्रियों के लिए आनलाइन या डिजिटल तरीके से खरीदे गये अनारक्षित टिकटों की छपी हुई कॉपी अनिवार्य किये जाने से संबंधित खबरों को निराधार बताया है और कहा है कि भारतीय रेलवे की ओर से इस तरह की कोई हिदायत नहीं दी गयी है। रेलवे ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि भारतीय रेलवे ने बिना अनारक्षित ट्रेन टिकट की छपी हुई कॉपी साथ में रखना अनिवार्य कर दिया है, जो पूरी तरह से गलत है। रेलवे ने कहा है कि यह स्पष्ट किया जाता है कि अभी जो भी व्यक्ति काउंटर से भौतिक तौर पर अनारक्षित टिकट लेता है, उसे यात्रा के दौरान उसे साथ रखना होगा। हालांकि, ऑनलाइन बुक किए गए डिजिटल अनारक्षित टिकट के मामले में यात्री सत्यापन के लिए उसी मोबाइल में डिजिटल टिकट दिखा सकता है जिससे उसे बुक किया गया था। रेलवे ने कहा है कि मीडिया में बताई गई ऐसी कोई भी हिदायत जारी नहीं की गयी है कि यात्री को टिकट की कागज पर छपी प्रति रखना अनिवार्य होगा।

### दंगाइयों ने नारे लगाए और बिल्डिंग में लगा दी आग

# बांग्लादेश में 30 पत्रकारों को जिंदा जलाने की कोशिश

ढाका/नई दिल्ली

बांग्लादेश में कल देर रात भारी बवाल देखने को मिला। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में प्रदर्शनकारियों ने जमकर उपद्रव किया। इस दौरान कई इमारतों और वाहनों को आग के हवाले किया गया। बांग्लादेश में कल देर रात एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। भारी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने कई इमारतों को निशाना बनाया और जमकर तोड़फोड़ की। इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने बवाल काटा। इस दौरान भीड़ ने ढाका के कावरान बाजार में द डेली स्टार अखबार के दफ्तर पर भी हमला बोला। भीड़ ने इस दफ्तर को आग के हवाले कर दिया, इस कारण भीतर काम कर रहे लोग अंदर ही फंस गए। हालांकि, अखबार के दफ्तर



पर हमला करने के चार घंटे से अधिक समय बाद कम से कम 30 पत्रकारों को उनके दफ्तर से बचाया गया है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, पहला हमला बंगाली भाषा के दैनिक प्रोथोम आलो पर हुआ, जहां भीड़ नारे लगाते हुए गई थी। भीड़ ने रात करीब 12 बजे दफ्तर में तोड़फोड़ करने के बाद आग लगा दी। द डेली स्टार के पत्रकारों को शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे बचाया गया।

बताया जा रहा है कि हमलावरों ने पहले अखबार के दफ्तर के ग्राउंड और पहली मंजिल पर तोड़फोड़ की और फिर रात के करीब 12.30 बजे आग लगा दी। बीडी न्यूज के हवाले से बताया गया कि आग तेजी से दो मंजिल में फैल गई, जिससे हवा में धुएं का एक बड़ा गुबार फैल गया। अखबार के रिपोर्टरों ने बताया कि फायर सर्विस भी मौके पर नहीं पहुंच सकी, क्यों कि इमारत के सामने बड़ी संख्या में भीड़ खड़ी थी। इमारत के अंदर फंसी अखबार की एक रिपोर्टर जायमा इस्लाम ने बताया कि मैं अब सांस नहीं ले पा रही हूं। बहुत ज्यादा धुआं है। मैं अंदर हूं। तुम मुझे मार रहे हो।

गौरतलब है कि यह आगजनी और हंगामा तब हुआ जब बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार, मुहम्मद यूनुस ने नागरिकों से देश में शांति बनाए रखने और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को पेशेवर तरीके से जांच करने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार कानून के शासन को बनाए रखने और लोकतांत्रिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले दिन में पहले देश को संबोधित करते हुए यूनुस ने कहा किमैं देश के सभी नागरिकों से दिल से अपील करता हूं कि धैर्य और संयम बनाए रखें। कानून लागू करने वाली एजेंसियों और संबंधित संस्थानों को अपनी जांच पेशेवर तरीके से करने दें। राज्य कानून का राज स्थापित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# दिल्ली सरकार लगायेगी सरकारी स्कूलों में 10 हजार एयर प्यूरीफायर

नई दिल्ली (वार्ता)

राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को घोषणा की कि सरकार पहले चरण में सरकारी स्कूलों के 10,000 क्लासरूम में एयर प्यूरीफायर लगायेगी। इस योजना के लिये जल्दी ही निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। श्री सूद ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इस पहल का मकसद छात्रों के लिए एक स्वस्थ माहौल सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, स्मार्ट क्लास के साथ-साथ अब बच्चों को शुद्ध हवा भी मिलेगी। आने वाले चरणों में दिल्ली सरकार के स्कूलों के हर क्लास रूम में चरणबद्ध तरीके से एयर प्यूरीफायर लगाए जाएंगे। उन्होंने सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि प्रशासन बच्चों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं करेगा। श्री सूद ने कहा, हम अपने



बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहते और न ही किसी और को ऐसा करने देंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण सिर्फ एक मौसम या कुछ महीनों की समस्या नहीं है। उन्होंने कहा, यह कोई मौसमी या दस महीने का मुद्दा नहीं है। दिल्ली का अपना मौसम नहीं है। जब जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी होती है तो यहां ठंड बढ़ जाती है और जब राजस्थान में धूल भरी आंधी आती है तो दिल्ली भी प्रभावित होती है। श्री सूद ने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी नेता सिर्फ सरकार की आलोचना करने के लिए अलग-अलग मुद्दों पर विशेषज्ञ बन जाते हैं। उन्होंने वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मॉनिटरिंग स्टेशनों के बारे में आरोपों का जिक्र करते हुए कहा कि एक रिपोर्ट से पता चलता है कि 2017 और 2018 में 20 नये एक्यूआई मॉनिटरिंग स्टेशन लगाये गये थे, जिनमें से लगभग 30 प्रतिशत ग्रीन बेल्ट में थे। उन्होंने आरोप लगाया, वे साफ हवा चाहते थे, सटीक डेटा नहीं। श्री सूद ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी नेता अब सवाल उठा रहे हैं कि ऑड-ईवन योजना क्यों लागू नहीं की गयी। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल एक तथाकथित वैज्ञानिक ऑड-ईवन योजना लाये थे, लेकिन अदालतों ने भी उस पर सवाल उठाए थे। उन्होंने पिछली सरकार की रेड लाइट पर इंजन बंद जैसे अभियानों की भी आलोचना करते हुये दावा किया कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने कहा था कि इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। श्री सूद ने आरोप लगाया, आम आदमी पार्टी के लिए दिल्ली का प्रदूषण एक जन संपर्क गतिविधि थी और अभी भी बनी हुई है।




# अमेरिका ने ग्रीन कार्ड लॉटरी प्रोग्राम सस्पेंड किया

वाशिंगटन

अमेरिका ने शुक्रवार को ग्रीन कार्ड लॉटरी या डाइवर्सिटी वीजा प्रोग्राम को सस्पेंड कर दिया है। इसके जरिए अमेरीका में कम प्रतिनिधित्व वाले देशों के लोगों को ग्रीन कार्ड दिया जाता था। ये निर्णय 14 दिसंबर को ब्राउन यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी और 15 दिसंबर को मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर की घर पर गोली मारकर हत्या के बाद लिया गया है। होमलैंड सिक्योरिटी सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के निर्देश पर इस लॉटरी प्रोग्राम को रोका गया है ताकि कोई और अमेरिकी इस तरह की घटनाओं में घायल न हो। उन्होंने याद दिलाया कि 2017 में न्यूयॉर्क सिटी में ट्रक हमले के बाद भी ट्रम्प ने इस कार्यक्रम को खत्म करने की कोशिश की थी। ग्रीन कार्ड लॉटरी या डायवर्सिटी वीजा प्रोग्राम एक ऐसा सिस्टम है जो हर साल लॉटरी के जरिए अमेरिका में कम प्रतिनिधित्व वाले देशों के लोगों को ग्रीन कार्ड देता है। इस प्रोग्राम के तहत हर साल लगभग 50,000 लोग चुने जाते हैं। यह लॉटरी सिस्टम 1990 में लागू किया गया था ताकि अमेरिका में विभिन्न देशों के लोगों को आने का मौका मिले। साल 2025 में इस लॉटरी के लिए करीब 20 मिलियन लोगों ने आवेदन किया था।

## यूक्रेन नाटो में शामिल होने की जिद छोड़े



मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शुक्रवार दोपहर सालाना ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। इस दौरान पुतिन ने यूक्रेन युद्ध पर अपनी पुरानी दलीलें दोहराईं। उन्होंने कहा, रूस शांति के रास्ते से युद्ध खत्म करने को तैयार है, लेकिन यूक्रेन को नाटो में शामिल होने की जिद छोड़नी होगी। तभी शांति आएगी। वहीं, यूरोपीय संघ के रूस की संपत्ति जब्त करने के सवाल पर पुतिन ने कहा कि यूरोपीय संघ चोरी नहीं, डकैती कर रहा है। चोरी तो छिपकर होती है, ये सब खुलेआम हो रहा है, लेकिन रूस अपनी संपत्ति वापस लेकर रहेगा। यह पुतिन का 22वां सालाना संवाद है। इस दौरान वह आम लोगों और मीडिया के सवालों के जवाब दे रहे हैं। साथ ही साल 2025 में सरकार के कामकाज और देश से जुड़े बड़े मुद्दों पर अपनी बात रख रहे हैं। पुतिन की सालाना प्रेस कॉन्फ्रेंस हर साल आयोजित होती है। बीते दो हफ्तों में इस कार्यक्रम के लिए बनाए गए कॉल सेंटर्स में 24.9 लाख से ज्यादा सवाल पहुंचे हैं। रूस की राजधानी मॉस्को में 18 दिसंबर को एक इमारत के सामने लगी डिजिटल स्क्रीन पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साल के अंत में होने वाले वार्षिक कार्यक्रम का प्रचार किया गया। रूस की राजधानी मॉस्को में 18 दिसंबर को एक इमारत के सामने लगी डिजिटल स्क्रीन पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साल के अंत में होने वाले वार्षिक कार्यक्रम का प्रचार किया गया।

### नेशनल हेराल्ड के बाद विपक्ष को दूसरी राहत

# महुआ के खिलाफ 'कैश-फॉर-क्वेरी' केस धराशायी

नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड केस में विशेष अदालत ने ईडी की चार्जशीट का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। कोर्ट के इस फैसले के बाद कांग्रेस पार्टी को नेशनल हेराल्ड केस को राजनीति से प्रेरित बता सरकार के खिलाफ आक्रामक होने का मौका मिल गया था। अब विपक्ष को सरकार के खिलाफ आक्रामक होने का एक और मौका मिल गया है। कैश फॉर क्वैरी मामले में पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस यानी टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई के चार्जशीट दायर करने से जुड़ा केस भी धराशायी हो गया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने महुआ को बड़ी राहत देते हुए लोकपाल के उस



फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें सीबीआई को चार्जशीट दायर करने की अनुमति दी गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल और जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने लोकपाल को इस मामले में महुआ मोइत्रा की दलीलों पर ठीक से विचार कर एक महीने के भीतर फैसला लेने के लिए कहा है। लोकपाल ने सीबीआई को इस मामले में महुआ मोइत्रा के खिलाफ आरोप पत्र दायर करने की मंजूरी दे दी थी। महुआ मोइत्रा ने लोकपाल के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। महुआ मोइत्रा की ओर से दाखिल याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट की दो जजों की बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने महुआ मोइत्रा की याचिका पर अपना फैसला शुक्रवार को सुना दिया। महुआ मोइत्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता निधेश गुप्ता पेश हुए। सुनवाई खत्म होने पर निधेश गुप्ता ने कोर्ट से सीबीआई की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने तब अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। महुआ मोइत्रा के वकील ने कोर्ट में दलील दी थी कि लोकपाल ने उनकी बातों पर ठीक से गौर किए बिना सीबीआई को चार्जशीट दायर करने की मंजूरी दे दी। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की ओर से दिल्ली हाईकोर्ट में कहा गया कि सीबीआई को चार्जशीट दायर करने की अनुमति देने का लोकपाल का फैसला गलत है। महुआ मोइत्रा के वकील ने लोकपाल के फैसले को लोकपाल अधिनियम के विपरीत बताया और कहा कि यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन है। सीबीआई ने इस मामले की सुनवाई के दौरान महुआ मोइत्रा की चुनौती याचिका को निरर्थक बताया था। हाईकोर्ट ने अब लोकपाल को महुआ मोइत्रा की दलीलों पर ठीक से विचार कर एक महीने में फैसला लेने के लिए कहा है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# तू मेरी, मैं तेरा...अनएक्सपेक्टेड लव स्टोरी

कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के मेकर्स ने आज इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया। यह फिल्म इस साल क्रिसमस के मौके पर यानी 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है, जिसमें रोमांस के साथ हल्की-फुल्की और मजेदार कॉमेडी दिखाई गई है। फिल्म में कार्तिक और अनन्या के अलावा में नीना गुप्ता, जैकी श्रॉफ और टीकू तलसानिया भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसका डायरेक्शन समीर विद्वांस ने किया है और इसके प्रोड्यूसर करण जौहर हैं। मुंबई में आज फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे के अलावा फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर भी पहुंचे। ट्रेलर लॉन्च के दौरान कार्तिक आर्यन ने फिल्म से जुड़े अनुभव शेयर किए। उन्होंने कहा कि कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा के साथ काम करना उनके लिए काफी मजेदार रहा। कार्तिक ने यह भी कहा कि विशाल-शेखर, जुबिन नौटियाल और लकी अली जैसे कलाकारों के गानों का हिस्सा बनना उनके लिए खुशी की बात है। जब कार्तिक से रोमांटिक फिल्मों को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया। एक्टर ने कहा कि रियल लाइफ में रोमांस नहीं मिल रहा, तो रील लाइफ में ही सही। उनका यह जवाब सुनकर वहां मौजूद लोग हंस पड़े। इस दौरान अनन्या पांडे ने कहा कि उन्हें इस तरह की फिल्में करना बहुत पसंद है



और वह आगे भी ऐसी फिल्मों में काम करना चाहेंगी। इवेंट के दौरान अनन्या ने कार्तिक के साथ अपनी केमिस्ट्री पर बात की। उन्होंने कहा कि एक समझदार इंसान ने कहा है कि प्यार असल में दोस्ती होता है। इसी वजह से उनकी केमिस्ट्री अच्छी है, क्योंकि वे दोनों अच्छे दोस्त हैं। वहीं, कार्तिक ने कहा कि कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं। उन्होंने बताया कि उन्हें एक-दूसरे को जानते हुए 6-7 साल हो चुके हैं। कार्तिक के मुताबिक, वक्त के साथ दोनों बदले जरूर हैं, लेकिन उनकी दोस्ती, केमिस्ट्री और प्रोफेशनल बिहेवियर आज भी वही है। उन्होंने अनन्या की तारीफ करते हुए कहा कि वह अब ज्यादा मैच्योर, डेडिकेटेड और हमेशा वक्त की पाबंद हैं। इस पर अनन्या ने ऐसे रिएक्ट किया, जैसे कार्तिक उन पर ताना मार रहे हों, और कहा, झूठा ही सही। इवेंट के दौरान करण जौहर ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्मों और साल 2025 के अंत में आने वाली फिल्मों को लेकर बात की। करण जौहर ने कहा कि उन्हें फिल्म धुरंधर की सफलता पर बेहद गर्व है और उन्होंने पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह एक शानदार फिल्म है। करण ने यह भी बताया कि उन्होंने 'अवतार: फायर एंड ऐश' के बारे में भी काफी अच्छी बातें सुनी हैं। करण ने यह भी कहा कि वह फिल्म इक्कीस देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह फिल्म उनके लिए निजी तौर पर भी खास है, क्योंकि धर्मेंद्र के लिए उनके मन में हमेशा सम्मान और आदर रहा है। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र का जाना फिल्म इंडस्ट्री के लिए बड़ा नुकसान है और उन्हें एक बार आखिरी बार पर्दे पर देखना दर्शकों के लिए इमोशनल एक्सपीरियंस होगा।

### कैसी है फिल्म की कहानी

फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा...' रे मेहरा की कहानी दिखाती है, जिसका किरदार कार्तिक आर्यन ने निभाया है। रे एक प्यारा, बेफिक्र और चुलबुला शख्स है, जो अपनी समझदारी और आकर्षक अंदाज के लिए जाना जाता है। वह मानता है कि जिंदगी में सिर्फ एक इंसान से सच्चा प्यार किया जाना चाहिए, बाकी रिश्ते सिर्फ हल्के-फुल्के होते हैं। जब वह लॉस एंजिलिस से सफर के दौरान रुकता है, तो उसकी मुलाकात रूमी (अनन्या) से होती है, जो एक राइटर है। इसी मुलाकात से एक अनएक्सपेक्टेड लव स्टोरी शुरू हो जाती है। 3 मिनट 21 सेकेंड का यह ट्रेलर दोनों के बीच के प्यारे और रोमांटिक रिश्ते को दिखाता है, साथ ही उन कुर्बानियों की झलक भी देता है, जो उन्हें अपने प्यार को पूरा करने के लिए करनी पड़ सकती हैं।

# ओटीटी पर रिलीज हुई ये नई फिल्में

शुक्रवार 19 दिसंबर 2025 को तमाम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर एक्साइटिंग क्राइम थ्रिलर से लेकर सस्पेंस से भरपूर पुलिस ड्रामा और एंटरटेनिंग रोमांटिक कॉमेडी से भरपूर फिल्में और सीरीज रिलीज हुई हैं। इनमें रात अकेली है: द बंसल मर्डर्स एक एक्साइटिंग क्राइम थ्रिलर है जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी, राधिका आप्टे और चित्रांगदा सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं। कहानी इंस्पेक्टर जतिल यादव के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कानपुर स्थित आलीशान बंगले में हुए अमीर और इंफ्लूएंसिएल बंसल परिवार के क्रूर सामूहिक हत्याकांड की इनवेस्टिगेशन कर रहे हैं। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ती है, उन्हें लालच, विश्वासघात और एक घातक साजिश से जुड़े रहस्यों का पता चलता है।

**फोर मोर शॉट्स प्लीज!**- फोर मोर शॉट्स प्लीज! का चौथा और फाइनल सीज़न चार मुख्य किरदारों सिद्धि, दामिनी, अंजना और उमंग की कहानी को आगे बढ़ाता है, जो सबसे बड़े समझौते का सामना करती हैं। यह समझौता उन्हें कई सच्चाइयों का सामना करने और छह महीनों के भीतर अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए मजबूर करता है। इस रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा में सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गागरू ने कमबैक किया है।

**द ग्रेट फ्लड**- साउथ कोरिया की इस साइंस फिक्शन डिजास्टर मूवी में किम दा मी, पार्क हे सू और क्वोन यून सेओंग ने अभिनय किया है। ये एक एआई रिसर्चर के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके पास मानवता के भविष्य की कुंजी है। एक विनाशकारी ग्लोबल बाढ़ के कारण जब पूरी दुनिया जलमग्न हो जाती है, तो वह और उसका छोटा बेटा एक डूबती हुई इमारत में फंस जाते हैं। कहानी उनके जिंदा रहने के संघर्ष पर फोकस्ड है।

**ह्यूमन स्पेसिमेंस**- कानाए मिनाटो के नॉवेल ह्यूमन स्पेसिमेंस पर बेस्ड यह जापानी साइकोलॉजिकल थ्रिलर, प्रोफेसर शिरो साकाकी नाम के एक तितली रिसर्चर पर बेस्ड है, जो अपने बेटे सहित छह छोटे लड़कों को मानव




नमूनों में बदलने की बात कबूल करता है। ये सीरीज मानवता की काली प्रवृत्तियों को उजागर करती है।

**नयनम**- नयनम, एक जबरदस्त साइकोलॉजिकल साइंस-फाई थ्रिलर है, जो एक नेत्र रोग विशेषज्ञ की लाइफ के इर्द-गिर्द घूमती है। वो जरूरतमंद लोगों के लिए एक आई क्लिनिक चलाता है और साथ ही ऐसे एक्सपेरिमेंट करता है जो रियलिटी और महत्वाकांक्षा के बीच की रेखा को धुंधला कर देते हैं।

**मिसेज देशपांडे**- माधुरी दीक्षित स्टारर मिसेज देशपांडे एक बेहद एक्साइटिंग क्राइम थ्रिलर है, जिसमें 25 साल की सजा काट रही एक सीरियल किलर की कहानी दिखाई गई है। पुलिस उससे कॉन्टेक्ट करती है और उससे उसी के तरीके से अपराध करने वाले एक नए हत्यारे को पकड़ने में मदद मांगती है। यह सीरीज फ्रेंच सीरीज ला मांटे से इंस्पायर है।

**डोमिनिक एंड द लेडीज पर्स**- ये मिस्ट्री-कॉमेडी फिल्म डोमिनिक नाम के एक तेजतर्रार लेकिन बदनाम पूर्व पुलिस अधिकारी के जीवन की कहानी बयां करती है, जो अब प्राइवेट जासूस बन गया है। वह एक खोए हुए पर्स के मालिक को ढूंढने का एक सीधा-सा मामला अपने हाथ में लेता है, जो जल्द ही एक मर्डर मिस्ट्री में बदल जाता है, जिसमें एक सीरियल किलर के शामिल होने की आशंका है। मलयालम फिल्म में मुख्य भूमिका में ममूटी हैं।

# कांग्रेस ने वेतन ना मिलने के मुद्दों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत

शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस शहर ग्रामीण एवं नगर पालिका में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा नगर पालिका की उदासीनता, लापरवाही, भ्रष्टाचार एवं कर्मचारियों को समय पर वेतन ना मिलने के मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने इंदिरा चौक हरेराम धर्मशाला से लेकर नगर पालिका तक सांकेतिक रूप से झाड़ू लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर पालिका प्रशासन एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नगर पालिका के समक्ष धरना दे रहे नगर पालिका के कर्मचारियों की



मांग को जायज ठहराते हुए कांग्रेस ने समर्थन दिया। यहां पर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। आंदोलनकारी कर्मचारियों को 11000/ पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर मनीष साहू द्वारा 5100/, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धनीराम पटेल , जनपद उपाध्यक्ष कंचेरी पटेल ने 1100/,1100/, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण महोबिया ने 500 रुपए दिए। अनेक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियो ने व्यक्तिगत रूप से भी राशि प्रदान की। कर्मचारियों के धरना स्थल पर पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने कहा कि लंबे समय से कर्मचारी अपनी मांगों के निराकरण की मांग कर रहे



हैं इसके बावजूद भी नगर पालिका प्रशासन उदासीन बना रहा , नरसिंहपुर से लेकर दिल्ली तक भाजपा की सत्ता है इसके बाद भी नरसिंहपुर में बदहाली बनी हुई है। क्या दोनों मंत्रियों को समस्या नहीं दिख रहीं। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा कि नगर पालिका में इतनी उदासीनता कभी नही देखी। शहरवासी गंदगी एवं कई समस्याओं से हलाकान हैं कर्मचारियों को कई महीनो तक वेतन ना मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष साहू ने कहा कि नगर में विकास हो नहीं रहा और तीन-चार माह से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा आखिर राशि जा कहां रही है? इसका उत्तर नगर वासियों को मिलना चाहिए। कांग्रेस पार्षद दल के नेता रूद्रेश तिवारी ने कहा कि हम सब कर्मचारियों के साथ हैं। संचालन करते हुए पार्षद अस्सू नेमा ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों एवं नगर विकास की अनदेखी नही की जा सकती। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण धनीराम पटेल, पार्षदगण बॉबी खान, आशीष राजवैध, आनंद चौरसिया, मुकेश कटारे एवं देवेंद्र शुक्ला के अलावा कांग्रेस के कई पदाधिकारियो ने आरोप लगाया कि भाजपा नगर पालिका में 26 वर्ष से अधिक समय से नरसिंहपुर नगर में काबिज है इसके बाद भी विकास में नरसिंहपुर पिछड़ा हुआ है । उक्त मौके पर बड़ी संख्या में एनएसयूआई , युवा कांग्रेस, ब्लॉक एवं जिला कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गहोई वैश्य समाज पंचायत का शपथ ग्रहण समारोह कल

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** सकल गहोई वैश्य समाज की श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत का शपथ ग्रहण समारोह कल 21 दिसंबर, रविवार को शाम चार बजे से श्री देव राधावल्लभ मंदिर में रखा गया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों समाज एवं मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वय निर्विरोध निर्वाचित हुए है। अध्यक्ष गणों का शपथ ग्रहण समारोह श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष




ओपी कनकने की अध्यक्षता एवं गहोई वैश्य महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. बीपी नगरिया के मुख्य आतिथ्य और शरद कठल पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ संघ, शिवकुमार नीखरा पूर्व अध्यक्ष महाकौशल क्षेत्रीय सभा, बसंत तपा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नवयुवक मंडल, केजी आजाद पूर्व मंत्री महाकौशल क्षेत्रीय सभा, जगदीश बरसैंया पूर्व मंत्री महाकौशल क्षेत्रीय सभा वरिष्ठ संघ, मंदिर न्यास के निवर्तमान अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता पप्पू, महिला मंडल अध्यक्ष सरिता गेड़ा के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। जिसमें सभी सामाजिक जनों से उपस्थिति की अपील सचिव गहोई वैश्य समाज पंचायत एवं सकल गहोई वैश्य समाज गाडरवारा ने की है।

## कश्मीर से कन्याकुमारी तक साईकिल यात्रा 25 दिसंबर को प्रारंभ होगी

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

कश्मीर से कन्याकुमारी तक साईकिल यात्रा 25 दिसंबर को प्रारंभ होगी। इस यात्रा का नेतृत्व डॉ. अनंत दुबे करेंगे। जबकि उनके साथ सामाजिक कार्यकर्ता देवेन्द्र दुबे एवं जुगल किशोर शर्मा रहेंगे। तीनों करीब 4000 किमी. की साईकिल यात्रा करेंगे। डॉ. अनंत दुबे ने होटल कुसुमवैली में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि श्रीनगर यात्रा का प्रथम बिन्दु है और 25 दिसंबर से लाल चौक से ही यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा करीब 11 प्रांतो से होकर निकलेगी जिसमें करीब 45 बड़े शहर पड़ेंगे। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर संवाद किया जायेगा । डॉ. अनंत दुबे ने बताया कि पंच परिवर्तन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रस्तवित एक विचार हैं, संघ का यह शताब्दी वर्ष, इन पाँच विषयों के साथ पूरे देश में प्रत्येक परिवार तक पहुंचने का एक संकल्प हैं जिसमें राष्ट्र के सर्वागींण विकास के लिए इन विषयों पर चर्चा हैं । स्व का बोध (आत्म-बोध) और संस्कृति और मूल पहचान के प्रति जागरूकता, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय गौरव की भावना विकशित करना।

## आयोजित स्वास्थ्य व नेत्र शिविर में 451 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

विगत दिवस नरसिंह वरिष्ठ जन परिषद और पेंशनर शाखा नरसिंहपुर द्वारा सदर मढ़िया प्रांगण नरसिंहपुर में गरिमामय स्वास्थ्य शिविर और नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।शंकराचार्य नेत्रालय झोतेश्वर के डाक्टरों द्वारा आंख के मरीजों की जांच की गई।जिला शासकीय अस्पताल की ओर से मरीजों का सुगर बी पी सहित स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।जिला आयुष विभाग द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उन्हें दवा वितरित की गई।डा अमित चौकसे ने भी आयोजित शिविर में अपनी चिकित्सीय सेवाएं दीं।



शिविर में 451 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 110 मरीजों को मोतियाबिंद आंख के आपरेशन हेतु चिन्हित किया गया। शिविर आयोजन समिति द्वारा सभी मरीजों का पुष्पमालाओं से स्वागत सत्कार किया गया।60 मरीजों को नेत्रालय की बस से नेत्र चिकित्सालय झोतेश्वर भेजा गया।शेष मरीज अपनी निजी व्यवस्थाओं से नेत्रालय पहुंचे।नगर के अनेक समाजसेवियों ने भी शिविर में पहुंच कर आयोजन समिति को साधुवाद दिया। वरिष्ठ जनो पेंशनरों के योगदानों और शंकराचार्य नेत्रालय झोतेश्वर सहित चिकित्सा अधिकारियों की अनुकरणीय सेवाओं के लिये नरसिंह वरिष्ठ जन परिषद की ओर से अध्यक्ष गणेश कुमार चतुर्वेदी सचिव अशोक त्रिपाठी सह सचिव अरुण खरे पेंशनर समाज की ओर से पदाधिकारी रूप कुमार सोनी एस के चतुर्वेदी शिवकुमार जाट और तहसील अध्यक्ष अनिल राय ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

## डॉ. महिमा ने बढ़ाया गौरव

**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।** नगर की प्रतिभाशाली बेटी डॉक्टर महिमा नेमा नीट पीजी परीक्षा उत्तीर्ण कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में एमएस कोर्स (ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायेनाकोलॉजी ) के लिए चयनित हुई हैं। उल्लेखनीय है कि नीट पीजी परीक्षा में महिमा का ऑल इंडिया मेरिट रैंक 6178 और मध्यप्रदेश में मैरिट रैंक 176 रहा है । डॉ



महिमा सुप्रसिद्ध साहित्यकार टी आर नेमा की सुपौत्री, कमल नेमा,अनिता नेमा की सुपुत्री , साहित्यकार अजय तुलसी, शिक्षक पवन नेमा की भतीजी हैं।

# जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागी हुए पुरुस्कृत

नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) नरसिंहपुर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की परीक्षा 22 नवंबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुई थी। इसी क्रम में गत दिवस जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार मे किया गया, जिसमें जिलेभर से प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले भर से इस प्रतियोगिता मे लगभग 5200 प्रतिभागी सम्मलित हुए थे । जिसमे में नरसिंहपुर मे संपन्न समारोह मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 300 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिला प्रचारक रविदत्त तिवारी ने विद्यार्थियों के मध्य स्व का बोध,




पर्यावरण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन व नागरिक कर्तव्य बोध (पंच परिवर्तन) इत्यादि विषय की महत्त्वता अभिव्यक्त करते हुए सामाजिक-सांस्कृतिक जागरूकता के संवर्धन बढ़ाने सहित जिम्मेदार नागरिक बनने का आव्हान किया गया ।मुख्य वक्ता के रूप मे साक्षी बोहरे, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्या अभाविप द्वारा अपने उद्बोधन में अभाविप के गौरवशाली इतिहास, राष्ट्रनिर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका एवं संगठन की वैचारिक व सैद्धांतिक पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, अनुशासन एवं स्मार्टफोन के सकारात्मक एवं रचनात्मक उपयोग के विषय में प्रेरक मार्गदर्शन दिया। समारोह का समापन वंदे मातरम गीत एवं संगठनात्मक संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में ज्ञान, अनुशासन एवं राष्ट्रभावना के विकास का संदेश दिया गया। इनकी रही उपस्तिथि,,,कार्यक्रम में विशेष रूप से विभाग संगठन मंत्री सुब्रत बाझल, जिला संगठन मंत्री प्रिंस तिवारी, नगर अध्यक्ष लक्ष्मीकांत धाकड़, संदीप मस्कार्या, मानसी मेहरा, उत्कर्ष रावत, रोहित, श्रेयांश, इशरत, इनायत, हर्षुल सहित अनेक अभाविप कार्यकर्ता एवं विद्यार्थीयो सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी व अभिभावकगण उपस्थित रहे।

**इन्होने प्राप्त किये पुरुस्कार**- प्रतियोगिता के परिणामों में प्रथम स्थान तेंदूखेड़ा तहसील के कृष्णकांत पटेल ने प्राप्त किया, जिन्हें पुरस्कार स्वरूप स्मार्ट फोन प्रदान किया गया।द्वितीय स्थान उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के देवकीनंदन वर्मा को मिला, जिन्हें साइकिल भेंट की गई।तृतीय स्थान चावरा विद्यापीठ के अपूर्व पटेल ने प्राप्त किया, जिन्हें स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया।

# एनटीपीसी ने 85.5 गीगावाट से अधिक की कमर्शियल क्षमता हासिल की

सिंगरौली

एनटीपीसी ने आज गुजरात और राजस्थान में अपनी सब्सिडियरी कंपनियों के विभिन्न सोलर प्रोजेक्ट्स के माध्यम से 359.58 मेगावाट की नई कमर्शियल क्षमता जुड़ने की घोषणा की है। इसके साथ ही एनटीपीसी ग्रुप की कुल कमर्शियल क्षमता 85.5 गीगावाट से अधिक हो गई है। एनटीपीसी ने आज अपनी सब्सिडियरी एनजीईएल के माध्यम से एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के गुजरात स्थित 1255 मेगावाट के खावड़ा-1 सोलर पीवी प्रोजेक्ट की 243.66 मेगावाट आंशिक क्षमता के वाणिज्यिक संचालन (ष्ट्ह्ठ- कमर्शियल ऑपरेशन डेट) की घोषणा की।



इसके अलावा, कंपनी ने राजस्थान में एनटीपीसी के नोख सोलर पीवी प्रोजेक्ट (3म245 मेगावाट) की कुल 245 मेगावाट क्षमता में से 78 मेगावाट के वाणिज्यिक संचालन (ष्ट्ह्ठ) की घोषणा की। कंपनी ने एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (ह्ज्ञक्ष्ट ऋश्वरु) के गुजरात में स्थित 450 मेगावाट हाइब्रिड ट्रेंच-ङ्क प्रोजेक्ट के तहत खावड़ा सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट की कुल 300 मेगावाट क्षमता में से 37.925 मेगावाट की आंशिक क्षमता का वाणिज्यिक संचालन (ष्ट्ह्ठ) भी घोषित किया है। इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित एवं वाणिज्यिक क्षमता बढ़कर 85,541 मेगावाट तक पहुँच गई है। एनटीपीसी लिमिटेड देश की कुल बिजली जरूरतों का लगभग एक-चौथाई योगदान दे रही है। कंपनी की कुल स्थापित क्षमता 85 गीगावाट से अधिक है, जबकि 30.90 गीगावाट अतिरिक्त क्षमता निर्माणाधीन है, जिसमें 13.3 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता शामिल है। एनटीपीसी वर्ष 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे भारत के नेट ज़ीरो लक्ष्यों को मजबूती मिलेगी। थर्मल, हाइड्रो, सोलर और विंड पावर प्लांट्स के विविध पोर्टफोलियो के साथ एनटीपीसी देश को भरोसेमंद, किफायती और सस्टेनेबल बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी बेहतर भविष्य के लिए सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अपनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों को अपनाने पर लगातार काम कर रही है। बिजली उत्पादन के अलावा, एनटीपीसी ने कई नए व्यवसाय क्षेत्रों में भी कदम रखा है, जिनमें ई-मोबिलिटी, बैटरी स्टोरेज, पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज, वेस्ट-टू-एनर्जी, न्यूक्लियर पावर और ग्रीन हाइड्रोजन सॉल्यूशंस शामिल हैं।

## 26 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे पीजी कॉलेज का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**सिंगरौली ।** गनियारी में 26 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे पीजी कॉलेज भवन का कलेक्टर गौरव बैनल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीडब्लूडी



एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य में गति लायें एवं समय सीमा में कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें।कलेक्टर ने एम्फीथिएटर कक्ष के साथ साथ अध्ययन कक्ष एवं मल्टीपर्पज हॉल का निरीक्षण किए तथा संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये की पीजी कॉलेज के व्यवस्थित विस्तारीकरण हेतु ऑडिटोरियम,लाइब्रेरी के साथ साथ पहुँच मार्ग निर्माण हेतु योजना तैयार कर प्रस्तुत करें ताकि डीएमएफ मद से राशि की स्वीकृति प्रदान हो सके। कलेक्टर ने कहा कालेज परिसर तक आवागमन हेतु पहुच मार्ग का निर्माण नही हो पाया है जिसके संबंध में पीडब्लूडी के द्वारा बताया गया कि चिन्हित किए गयें स्थले के साथ साथ कालेज के क्षेत्रांतर्गत शासकीय भूमियें में कुछ व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके कारण कठिनाई हो रही है। जिसके संबंध में निर्देश दिएगए कि राजस्व विभाग से संपर्क कर सीमा क्षेत्र को चिन्हित किया जाये ताकि जो भी अवैध अतिक्रमण हो उन्हे हटाने की कार्यवाही की जा सके।

# कलेक्टर ने किया धान उपार्जन केंद्र करौटी का निरीक्षण

### कलेक्टर ने किसानो से संवाद कर केन्द्र में की गई व्यवस्थाओ के संबंध में ली जानकारी

सिंगरौली

गौरव बैनल ने धान उपार्जन केंद्र करौटी का औचक निरीक्षण किया एवं उपार्जन केंद्र में आये किसानों से रूबरू होते हुए उनका हालचाल जाना उन्होने किसानों से संवाद कर उपार्जन केंद्र में की गई व्यवस्थाओं के संबंध में किसानों से जानकारी ली। किसानों ने एक स्वर में कहा कि किसी भी तरह की परेशानी नहीं है। उपर्जन केन्द्र में तौल काटो के साथ साथ पर्याप्त मात्रा में वारदाने उपलंब्ध है स्लाट बुकिंग सहजता के साथ हो रही है। उपार्जन के समय अतिरिक्त राशि की मांग नही की जा रही है, हम



सब सहजता अपने धान की बिक्री कर रहे है। कलेक्टर ने उपर्जित धान के गुणवत्ता की मशीन के माध्यम से जांच कराने के साथ ही वजन की गई धान की बोरियों का अपने समक्ष तौल कराया गया। धान की बोरियों का वजन निर्धारित मात्रा के अनुसार मिला। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित उपयुक्त सहकारिता एवं समिति के प्रबंधक को निर्देश दिए कि बाहर रखी हुए धान की बोरियां आकस्मिक बरसात से भीगे नही अन्यथा उपयुक्त सहकारिता एवं समिति के प्रबंधक के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। केंद्र में तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था रखें साथ ही यह सुनिश्चित कर कि केन्द्र में वरदानो की पयाप्त उपलब्धता रहे।कलेक्टर ने उप आयुक्त सहकारिता को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रति दिवस उपार्जित धान का परिवहन कराया जाना सुनिश्चित करें। एवं प्रगति प्रतिवेदन के माध्यम से नियमित रूप से अवगत कराएं एवं किसानों का समय पर भुक्तान किया जाए । भ्रमण के दौरान उपयुक्त सहकारिता पी के मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## क्रिसमस आगमन की जोरशोर से तैयारियां प्रारंभ

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।** स्थानीय मेथोडिस्ट चर्च में प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन क्रिसमस डे के आगमन की तैयारी बड़े जोरशोर से चल रही है । मसीह समाज द्वारा चर्च मे रंग रोगर हो गया है चर्च में सीलिंग एवं पेवल कार्य गया जो कि बहुत ही सुंदर नजर आ रहा है। बीते दिवस केरोल सिंगिंग का कार्यक्रम हर. टी. पी.जी में रह रहे मसीही परिवार में संपन्न की गई एवं द्वितीय दिवस चर्च भवन में संडे



स्कूल के बच्चों द्वारा भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इसमें गायन लघु नाटक एवं डांस की उत्तम प्रस्तुती बच्चों द्वारा दी गई सभी बच्चो को पुरस्कार स्वरूप गिफ्ट वितरित किये गयें आगामी 21 दिसंबर को स्थानीय मसीही परिवारो में केरोल सिगिंग की जायेगी , सारे कार्यक्रम पास्टर विपिन मसीह के अगुवाई मे किये जाएंगे। उक्त जानकारी मैंथोडिस्ट चर्ज के व्यवस्थापक संजय राजकुमार द्वारा दी गई है ।

# एनसीएल की महिला कर्मियों ने पंख प्रसार कार्यक्रम में दिखाया दमखम

### महिला कर्मियों की फिटनेस के लिए विविध खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

सिंगरौली

गुरुवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा 'पंख प्रसार-हौसलों की उड़ान' प्रतियोगिता का सिंगरौली स्टेडियम में आयोजन किया गया। एनसीएल द्वारा यह कार्यक्रम महिला कर्मियों की छिपी हुई प्रतिभा, कौशल एवं क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस दौरान महिला कर्मियों की फिटनेस के लिए विविध खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के दौरान जुम्बा, ब्लास्ट द बलून, सेव द बलून, थ्री लेग रेस, रस्सा कस्सी, बोरा दौड़, पिचर रेस, रिले दौड़, लॉन्ग जंप, शॉट पुट इत्यादि प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया 7 पंख प्रसार' कार्यक्रम में एनसीएल की सभी



परियोजनाओं एवं इकाइयों से महिलाओं को 4 टीमों में बांटा गया था7 इस दौरान कुल 10 खेल खेले गए जिसमें 184 महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह के दौरान महाप्रबंधक (मानव संसाधन), राजेश त्रिवेदी, कंपनी जेसीसी सदस्य- बीएमएस से श्यामधर दूबे, एचएमएस से अशोक कुमार पांडे, मुख्यालय जेसीसी सदस्यगण, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेंबर्स, विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण के साथ बड़ी संख्या में महिला कर्मी उपस्थित रहीं 7 इस दौरान अपने उद्बोधन में त्रिवेदी ने कहा कि खेल-कूद को दैनिक जीवन में शामिल करने से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार होता है, और सभी प्रतिभागियों को शानदार प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएँ दीं। इस प्रतिस्पर्धा के दौरान ओवरऑल चैंपियनशिप में टीम एम सी मेरी कॉम विजेता एवं टीम पी. वी. सिंधु ने उपविजेता खिताब अपने नाम किया। इसके पूर्व गुरुवार की सुबह में कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक (मानव संसाधन/प्रशासन) संजय सिन्हा ने किया 7 कार्यक्रम के अंत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम एवं प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया । गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष कर्मियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है।

# विश्नोई समाज द्वारा गुरु जम्भेश्वर महाराज की निकाली शोभा यात्रा

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

स्थानीय विश्नोई समाज कार्य कारिणी समिति द्वारा गुरु जम्भेश्वर महाराज जी भव्य शोभा यात्रा पौष अमावस्या के अवसर पर प्रकृति प्रेम के संदेश के साथ निकाली गई । सुबह 7 बजे से 10 बजे तक विश्नोई मंदिर में गुरु जंभेश्वर महाराज जी की पूजा अर्चना हवन किया गया तत्पश्चात मंदिर परिसर चौकी से 11 बजे विशाल शोभा यात्रा प्रारंभ हुई जो चावड़ी, महावीर भवन, शक्ति चौक, शिवालय चौक, सब्जी मंडी, पुरानी गल्ला मंडी, सराफा बाजार, झंडा चौक होते हुए चौकी विश्नोई मंदिर पहुची वहा समापन किया गया । विश्नोई समाज कार्य कारिणी समिति की शोभायात्रा में सभी महिलाएँ गुलाबी वस्त्र एवं सभी पुरुष सफेद




वस्त्र पहनें हुए क्रमबद्ध तरीके से हाथों में प्रकृति प्रेम के नारे लिखी तख्ती लेकर चल रहे थें । धरती की पुकार पेड़ बचाओ यार, पेड़ नहीं तो प्राण नहीं, हरियाली ही खुशहाली है, शाकाहार रैली की जय , मुक्ति के लिए शाकाहार नारे लगते हुए विश्नोई बंधु शोभा यात्रा में काफी उत्साहित दिखाई के रहे थे । शोभा यात्रा समापन उपरांत भोजन प्रसादी का आयोजन स्वर्णकार भवन चौकी मोहल्ला में किया गया । इस आयोजन में विश्नोई समाज कार्य कारिणी समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# कटनी जिले में परिवहन विभाग चला रहा सघन जांच अभियान

## 23 वाहनों पर कार्यवाही, करीब दो लाख रुपये शमन शुल्क वसूला

कटनी (स्वतंत्रमत)।

परिवहन आयुक्त के निर्देश पर एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में अतिरिक्त जिला परिवहन अधिकारी संतोष पॉल द्वारा 13 दिसंबर से 18 दिसंबर तक कटनी जिले के विभिन्न मार्गों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य बिना वैध दस्तावेज, परमिट, फिटनेस, टैक्स एवं अन्य परिवहन नियमों का उल्लंघन कर संचालित हो रहे वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई करना था, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा बनी रहे। अभियान के दौरान कटनी जिले के प्रमुख मार्गों पर कुल 138 वाहनों की जांच की गई।

जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 23 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 1,97,820 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया गया। यह अभियान विशेष रूप से कटनी-मैहर मार्ग एवं कटनी-जबलपुर मार्ग पर केंद्रित रहा, जहां यात्री एवं मालवाहक वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। कटनी-मैहर मार्ग पर थाना कुठला अंतर्गत की गई जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इस मार्ग पर वाहन क्रमांक एमपी21जी0957 से 34,160 रुपये, डीएल१एलआर9214 से 39,160 रुपये, एमपी20जैडई5917 से 18,000 रुपये, एमपी21एल1012 से 5,000 रुपये, एमपी20जीए9585 से 5,000 रुपये तथा एमएच40डीएल2902 से 10,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।



इन वाहनों में परमिट, टैक्स अथवा अन्य वैधानिक दस्तावेजों में कमी पाई गई थी। इसी प्रकार कटनी-जबलपुर मार्ग पर थाना यातायात अंतर्गत सघन जांच की गई। इस मार्ग पर एमपी 21 आर 5003 से 15,000 रुपये, एमपी 21 आर 2237 से 5,000 रुपये, एमपी 20 जीए 5841 से 10,000 रुपये, एमपी 21 आर 3011 से 10,000 रुपये, एमपी 20 जीए 6032 से 5,000 रुपये, एमपी 21आर 4069 से 5,000 रुपये, एमपी21आर3575 से 5,000 रुपये, एमपी०7जैडवाई1323 से 3,000 रुपये, एमपी 16 जीए 1183 से 5,000 रुपये, एमपी 21 एल 0991 से 1,000 रुपये, एमपी 04 वाएके 7817 से 1,000 रुपये, एमपी 18 डीए 0146 से 2,000 रुपये, एमपी 20 एलबी 4076 से 1,000 रुपये, एमपी 20 जीए 7372 से 500 रुपये, एमपी 21 जी 0784 से 1,000 रुपये, एमपी 21 जी 6084 से 1,000 रुपये तथा यूपी 14 डीटी 7333 से 15,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। जांच के दौरान गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर थाना यातायात में कुल चार वाहनों को जप्त कर सुरक्षार्थ रखा गया। इसके अतिरिक्त एक बस वाहन क्रमांक आरजे 27 पीबी 2806 को कटनी-जबलपुर मार्ग पर बिना परमिट संचालित पाए जाने पर जप्त कर परिवहन कार्यालय कटनी में सुरक्षित रखा गया। वहीं, एक ऑटो रिक्शा को भी नियमों के उल्लंघन के चलते जप्त कर आरटीओ कार्यालय कटनी में सुरक्षार्थ रखा गया।




अतिरिक्त जिला परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों से अपील की कि वे अपने वाहनों के सभी वैध दस्तावेज जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा, टैक्स एवं ड्राइविंग लाइसेंस अद्यतन रखें और परिवहन नियमों का पालन करें। नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस सघन जांच अभियान से जिले में परिवहन नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ी है और अवैध रूप से संचालित वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। परिवहन विभाग का यह कदम सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# कन्हवारा की बदहाल सड़क को लेकर ग्रामीणजनों में आक्रोश

### क्षेत्रीय ग्रामवासियों के साथ युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

कटनी (स्वतंत्र मत)।





कटनी जिले के विकासखंड मुडवारा-93 कटनी अंतर्गत ग्राम कन्हवारा वार्ड 13-14 के करूहा सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीण जनों में भारी आक्रोश व्याप्त है, ग्रामीणों के अनुसार पंचायत द्वारा वर्षों से सड़क का कार्य अधूरा छोड़ दिया है, जिससे कीचड़ के बड़े बड़े गड्ढे हो गए और आमजन को आवागमन में भारी समयाओं का सामना करना पड़ रहा है, छोटे बच्चों को भी स्कूल जाने में बहुत समस्या होती है। आए दिन खराब सड़क के कारण दुर्घटनाएं होती है। जिसे गंभीरतापूर्वक लेते हुए युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव दिव्यांशु मिश्रा अंशु द्वारा बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं युवा साथियों के साथ जिला पंचायत सीईओ दफ्तर पर जमकर प्रदर्शन कर एक माह के अंदर सड़क बनाये जाने की मांग की व जल्द सड़क निर्माण कराये जाने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। अंशु मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनावों में झूंठे वादे कर जीतने वाली भाजपा सरकार में हर वर्ग परेशान है पूरे जिले की सड़कें बदहाल है, जनता के आदेश पर हम पूरे जिले में जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन करेंगे। उपस्थित जनसमूह ने जमकर भाजपा सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की। सड़क निर्माण के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल एवं मुंड वारा विधायक संदीप जैसवाल को भी सड़क निर्माण त्वरित करायेजाने हेतु पत्र प्रेषित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से कांग्रेस पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष विजय पटेल, यूथ कांग्रेस जिलाअध्यक्ष मोहम्मद इजराइल, एनएसयूआई जिलाअध्यक्ष शुभम मिश्रा, मुड़वारा विधानसभा अध्यक्ष सचिन गर्ग, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वय कमल पांडे, आनंद पटेल, एनएसयूआई प्रदेश सचिव अजय खटिक, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जाटव, पूर्व पार्षद द्वय राहुल पटेरिया, एडवोकेट मुकेश पाटकर, विजय मंगल चौधरी, पार्षद विनीत जायसवाल, शेखर भारद्वाज, दिग्विजय सिंह, मणिराम पांडेय, कांग्रेस आईटीसेल जिला अध्यक्ष सुरेंद्र राणा, रवि जायसवाल, रमेश अहिरवार, सूर्यकांत कुशवाहा, अभिषेक प्यासी, अनुराग दहिया, हरीश यादव, यश यादव, सौरभ पांडे, प्रज्वल साहू, अवध लाल, राघवेंद्र सिंह, मदन कोरी कैलाश कोल, हरि आदिवासी, कल्पना बेन, सुनीता साहू सहित बड़ी संख्या में खराब सड़क से पाधित क्षेत्रीय महिलायें, बुजुर्ग युवाजन एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।



# कॉलोनी क्षेत्र में व्याप्त समस्या से महापौर को कराया अवगत

कटनी (स्वतंत्रमत)।

वीर सावरकर वार्ड क्रमांक 12, के नागरिक पीयूष जैन ने महापौर प्रीति संजीव सूरी से भेंट कर बच्चन नायक गली जैन मंदिर के पीछे, बाहुबली कॉलोनी क्षेत्र में व्याप्त समस्या से अवगत कराया। नागरिक द्वारा स्वयं व वार्ड वासियों की ओर से आवेदन पत्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि कॉलोनी में स्थित खाली प्लॉट खसरा क्रमांक 414 में लंबे समय से गंदगी, झाड़ियाँ एवं जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे मच्छरों का अत्यधिक प्रकोप फैल रहा है और आसपास निवास करने वाले लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना हुआ है तथा क्षेत्रवासियों का सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। नागरिकों द्वारा समस्या के शीघ्र एवं स्थायी निराकरण हेतु संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाने का निवेदन किया गया। निवेदनकर्ता पीयूष जैन, निवासी बाहुबली कॉलोनी, द्वारा महापौर से आग्रह किया गया कि खाली प्लॉट की साफ-सफाई कराई जाए एवं आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। महापौर ने नागरिकों की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# भीषण सड़क हादसा: झरेला मोड़ के पास ऑटो और लोडर में आमने-सामने भिड़ंत, एक की मौत, तीन गंभीर





कटनी (स्वतंत्रमत)।

कटनी जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत विलायतकला-स्लीमनाबाद मार्ग पर शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना घटित हुई। झरेला मोड़ के समीप एक ऑटो और लोडर वाहन के बीच हुई सीधी भिड़ंत में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विलायत कला से स्लीमनाबाद की ओर जा रहे ऑटो और सामने से आ रहे लोडर वाहन की झरेला मोड़ के पास जोरदार भिड़ंत हो गई। चश्मदीदों के मुताबिक, दोनों वाहनों की गति तेज थी, जिसके कारण मोड़ पर चालक नियंत्रण खो बैठे। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना बड़वारा पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही बड़वारा पुलिस बल मौके पर पहुंचा और 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को तत्काल बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत अभिषेक बर्मन पिता गिरधारी मंगल नगर थाना रंगनाथ निवासी को मृत घोषित कर दिया। तीनो घायलों की हालत नाजुक, जिला अस्पताल रेफर इस सड़क हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। घायलों की पहचान पप्पू कुशवाहा 35 वर्ष, पिता जवाहर कुशवाहा ग्राम भुड़सा थाना बड़वारा निवासी छोटू कोल, पिता विदेशी कोल ग्राम भुड़सा थाना बड़वारा निवासी और रजनीश तिवारी, पिता गोविंद प्रसाद मंगल नगर, थाना रंगनाथ निवासी निवासी के रूप में हुई है बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद, तीनों की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



# चावल उद्योग महासंघ की हुई बैठक

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** 18 दिसम्बर शाम 4 बजे नान के मुख्यालय में खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता एवं नान के प्रबंध संचालक अनुराग वर्मा, महाप्रबंधक मनोज वर्मा एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में चावल उद्योग महासंघ की बैठक हुई। जिसमें महासंघ द्वारा 8 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया एवं अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया गया कि जब तक शासन मिलर्स द्वारा 24-25 में की गई धान कस्टम मिलिंग पर अपग्रेडेशन राशि, हमाली, बारदाना की उपयोगिता व्यय राशि दिए जाने संबंधी एवं 25-26 में किए जा रहे उपार्जन के अंतर्गत की जाने वाली धान मिलिंग पर 200/- रुपए अपग्रेडेशन राशि देने संबंधी आदेश जारी नहीं करेगा तब तक प्रदेश के मिलर्स मिलिंग कार्य नहीं करेंगे। साथ ही महासंघ द्वारा यह भी स्पष्ट कर दिया गया कि शासन हम पर मिलिंग एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही बाद में करेगा, हम पहले ही अपनी मिल की चाबी शासन को सौंपने के लिए तैयार है। शासन चाहे तो हमारी मिलो का अधिग्रहन कर ले, हम उसके लिए भी तैयार है, लेकिन किसी भी स्थिति में बिना अपग्रेडेशन राशि के आदेश हुए हम मिलिंग करने की स्थिति मै नहीं है, क्योंकि मिलर्स की शासन की उपार्जित धान की मिलिंग करने से आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। महासंघ के द्वारा प्रस्तुत तथ्यों को सुनने के बाद अंत में अपर मुख्य सचिव द्वारा कुछ समय मांगा गया है एवं उच्च स्तर पर अवगत कराकर जवाब देंने का आश्वासन दिया गया है।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम की बेहतरी के लिए कलेक्टर की सुचिंतित पहल सक्सेस 3.0 शुरू

कटनी (स्वतंत्रमत)।



जिला प्रशासन ने बोर्ड परीक्षा के परिणामों की बेहतरी के लिए सुचिंतित और प्रभावी पहल शुरू किया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर सत्र 2025-26 में जिले की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की बोर्ड परीक्षा परिणामों में गुणात्मक सुधार लाने तथा प्रदेश की प्रवीण सूची में जिले के विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने और कमजोर विद्यार्थियों की शैक्षणिक मदद हेतु जिले में 23 दिसंबर से अभिनव पहल सक्सेस 3.0 शुरू की जा रही है। इस संबंध में जिले के समस्त शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों को दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। जारी निर्देश के अनुसार इस पहल में प्रतिदिन प्रति विषय 10-10 प्रश्न और उत्तर तैयार किये जायेंगे। ये प्रश्नोत्तर प्रतिदिन कटनी प्रिंसिपल के व्हाट्स ऐप ग्रुप में प्रेषित किये जायेंगे। जहां से ये सभी प्रश्नोत्तर सभी विद्यालयों में संबंधित विषय शिक्षक विद्यार्थियों के ग्रुप में उसी दिवस भेजना सुनिश्चित करेंगे। विद्यार्थी उसे विषयवार कॉपियों में लिखकर लायेगें, जो विद्यार्थी लिखकर नहीं लाते है तो उन्हें संबंधित विषय शिक्षक अपने कालखंड में लिखवाकर पूर्ण करायेगें। प्रत्येक विषय शिक्षक एक दिवस पूर्व प्राप्त प्रश्नों को सभी विद्यार्थियों से पूछेगें एवं उनके द्वारा बनायी गयी उत्तर पुस्तिका को चैक करेंगे। प्रतिदिन विद्यार्थियों की सक्सेस 3.0 की विषयबार कॉपियों की रेंडमली जाँच की जायेगी। विषय शिक्षक द्वारा सप्ताह में एक दिन सभी विद्यार्थियों का टेस्ट लिया जायेगा एवं रिकार्ड संधारित किया जावेगा। अर्द्ध वार्षिक परीक्षा में कमजोर विद्यार्थियों की प्रतिदिवस सतत मॉनीटरिंग की जाएगी एवं उन्हें प्रश्न उत्तर याद कराये जायेंगे। निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिला एवं विकासखंड कार्यालय द्वारा इसकी सतत मॉनीटरिंग की जाएगी और योजना का क्रियान्वयन न पाये जाने पर संबंधित शिक्षक एवं प्राचार्य के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## कोदो की रोटी खाकर चार गम्भीर

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कोदो की रोटी खाकर चार लोग गम्भीर होकर एमजीएम हास्पिटल में भर्ती हुए राम विशाल पिता नटवर प्रसाद, बाई पति राम विशाल, मीरा पति खडोरी बर्मन, दीवाकर पिता राम विशाल बर्मन गनियारी थाना माधवनगर के निवासी है।

## विद्यालय परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण कराए जाने सौंपा ज्ञापन

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** शासकीय माध्यमिक शाला बरगवां से आई शिक्षिकाओं द्वारा नगर की महापौर प्रीति संजीव सूरी से भेंट कर विद्यालय परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवाल निर्माण कराए जाने हेतु निवेदन किया गया। महापौर से विद्यालय की समस्या से अवगत कराते हुए शीघ्र निराकरण की मांग की गई।

# खेल शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में सहायक : महापौर

## महापौर एवं क्षेत्रीय पार्षद द्वारा रिबन काटकर खेल प्रतियोगिताओं का किया गया शुभारंभ

कटनी (स्वतंत्र मत)।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वेंकट वार्ड शाला परिसर में शाला संस्था द्वारा छात्र-छात्राओं को खेल प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यालय में बच्चों के लिए बॉलीबॉल एवं फुटबॉल सहित खेलों के प्रोत्साहन हेतु छात्रों को खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाकर शुक्रवार को शाला स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं की औपचारिक शुरुआत की गई। विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद बीना बैनर्जी द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश नारायण द्विवेदी सहित समस्त शाला स्टाफ की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ करने शाला पहुंची महापौर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिता छात्र जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। खेल छात्रों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में सहायक होते है बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। इस दौरान महापौर ने प्रतियोगी छात्रों से उनके रुचिकर खेलों के संबंध में जानकारी ली तथा खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की सीख देते हुए नगर का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित भी किया।



### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

खेल प्रतियोगिता के दौरान राज्य स्तर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महापौर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की तथा विद्यालय प्रबंधन को इस प्रकार की शैक्षणिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन कर निरंतर प्रोत्साहित करने हेतु बधाई दी।

# शीतलहर से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियों एवं जनजागरूकता के लिए एडवाइजरी जारी

## गर्म कपड़े पहनें, कई परतों में वस्त्र धारण करें, अनावश्यक यात्रा से बचें, संतुलित आहार व विटामिन-सी युक्त फल-सब्जियों का करें सेवन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने मैदानी कर्मियों एवं आम नागरिकों को शीतलहर के लक्षण, बचाव उपाय तथा क्या करें और क्या न करें के संबंध में जागरूक करने और आवश्यक तैयरियां रखने के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। उल्लेखनीय है कि कटनी जिले में माह दिसंबर एवं जनवरी के दौरान शीतलहर का प्रकोप प्राय: देखने को मिलता है। इस अवधि में कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस अथवा उससे भी कम दर्ज किया जाता है, जिससे जन-मानस के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। अत्यधिक ठंड के कारण हाइपोथर्मिया, फ्रॉस्टबाइट जैसी शीतजनित बीमारियाँ तथा विषम परिस्थितियों में मृत्यु की संभावना भी हो सकती है। शीतलहर के दौरान विशेष रूप से 65 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, हृदय एवं श्वसन रोग से पीड़ित व्यक्ति, बेघर लोग, खुले स्थानों व निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिक, सड़क किनारे रहने वाले व्यक्ति एवं छोटे व्यवसायी अत्यधिक संवेदनशील होते हैं। शीतलहर एक मौसम संबंधी घटना है जिसमें न्यूनतम तापमान में अचानक गिरावट आती है, ठंडी हवाएँ चलती हैं तथा पाला या बर्फ जमने जैसी स्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं।

स्थानीय रेडियो, टीवी एवं समाचार पत्रों के माध्यम से मौसम की जानकारी नियमित रूप से लेते रहें। पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहनें तथा कई परतों में वस्त्र धारण करें। सिर, गर्दन, हाथ एवं पैरों को अच्छी तरह ढकेंय टोपी, मफलर एवं मोज़े का प्रयोग करें। वॉटरप्रूफ जूतों का उपयोग करें। गर्म एवं तरल पेय पदार्थ चाय, सूप आदिद्ध लेते रहें तथा संतुलित आहार व विटामिन-सी युक्त फल-सब्जियों का सेवन करें। ठंडी हवा से बचें, यथासंभव घर के अंदर रहें एवं अनावश्यक यात्रा से बचें। बच्चों, बुजुर्गों, अकेले रहने वाले एवं असहाय व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। आवश्यक दवाइयों, ईंधन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का पूर्व भंडारण रखें।

ठंड से प्रभावित होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें और निकटस्थ अस्पताल से संपर्क करें। अत्यधिक ठंड में खुले स्थानों पर अनावश्यक समय तक न रहें। गीले कपड़े पहनकर न रहें, तुरंत सूखे कपड़े पहनें। हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति को मादक पेय पदार्थ न दें। गंभीर ठंड के लक्षणों को नज़र अंदाज़ न करें। तेज कंपकंपी, अत्यधिक थकान, भ्रम की स्थिति, बोलने में कठिनाई, नींद आना। हाथ-पैर की उंगलियों, कानों या नाक में सुन्नता, सफेद या पीला पड़ना।

शिशुओं में ठंडी, लाल त्वचा एवं ऊर्जा की कमी। हाइपोथर्मिया एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है। ऐसे में व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर ले जाकर सूखे कंबल से ढकें और शीघ्र अस्पताल पहुँचाएँ। नागरिक अद्यतन मौसम पूर्वानुमान एवं शीतलहर संबंधी चेतावनी रेडियो और टेलीविजन से प्राप्त कर सकते हैं।

# श्रीलंका को हराकर भारत अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में



दुबई (वार्ता)।

गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ऐरन जॉर्ज (नाबाद 58) और विहान मल्होत्रा (नाबाद 61) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को अंडर-19 एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में श्रीलंका को 12 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है जहां उसका मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। 139 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान आयुष म्हात्र (सात) और वैभव सूर्यवंशी (नौ) के विकेट 25 के स्कोर पर गंवा दिये। ऐसे संकट के समय ऐरन जॉर्ज और विहान मल्होत्रा की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 114 रनों की अविजित साझेदारी हुई। भारत ने 18 ओवर में दो विकेट पर 139 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। ऐरन जॉर्ज ने 49 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 58) रनों की पारी खेली। वहीं विहान मल्होत्रा ने 45 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (नाबाद 61) रन बनाये। श्रीलंका के लिए रसित निमसारा ने दो विकेट लिये।

इससे पहले आज यहां चमिका हीनातिगला (42), कप्तान विमथ दिनसारा (32) और सेठमिका सेनेविरत्ने (30) की जुझारू पारियों के दम पर श्रीलंका ने भारत को जीत के लिए 139 रनों का लक्ष्य दिया था। मैदान गीला होने के कारण विलंब से शुरु हुये मैच को 20-20 ओवरों का कर दिया गया था। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रनों का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 28 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। दुलनिथ सिगेरा (एक), विरान चामुदिथा (19) और कविजा गमागे (दो) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद चमिका हीनातिगला ने कप्तान विमथ दिनसारा के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरने का प्रयास किया। इसी दौरान 12वें ओवर में कनिष्क चौहान ने विमथ दिनसारा 29 गेंदों में (32) रन को अपना शिकार बना लिया। किथमा विथानापथिराना (सात) और आदम हिल्मी (एक) रन बना जल्द ही आउट होकर पवेलियन लौट गये। सेठमिका सेनेविरत्ने ,चमिका हीनातिगला के साथ स्कोर को 100 रन के पार ले गये। आखिरी ओवर में हेनिल पटेल ने पहले चमिका हीनातिगला 38 गेंदों में (42) रन को आउट किया। इसी ओवर आखिरी गेंद पर पटेल ने सेठमिका सेनेविरत्ने (30) को भी आउट कर दिया। भारत के लिए कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल ने दो-दो विकेट लिये। दीपेश देवेन्द्रन, खिलान पटेल और किशन सिंह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## बंगलादेश को हराकर पाकिस्तान अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में



अब्दुल सुभान (चार विकेट) और हुजैफा अहसान (दो विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद समीर मिन्हास (नाबाद 69) की शानदार पारी के दम पर पाकिस्तान ने शुक्रवार को अंडर-19 एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका को 63 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है जहां उसका मुकाबला भारत से होगा। 121 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को पहले ही ओवर में इकबाल हुसैन इमोन ने हम्जा जहूर को बना खाता खोले ही पवेलियन भेजकर पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये उस्मान खान ने समीर मिन्हास के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 85 रनों की साझेदारी हुई। 11वें ओवर में समीउन बशीर ने उस्मान खान (27) को आउटकर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया। इसके बाद समीर मिन्हास ने अहमद हुसैन के साथ शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 16.3 ओवरों में दो विकेट पर 122 रन बनाकर अपनी टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी। समीर मिन्हास ने 57 गेंदों में छह चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 69रनों की पारी खेली। अहमद हुसैन 11 रन बनाकर नाबाद रहे। बंगलादेश की ओर से इकबाल हुसैन इमोन और समीउन बशीर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तानी गेंदबाजों ने बंगलादेश को मात्र 26.3 ओवरों में 121 रन के स्कोर पर ढेर कर दिया। आज यहां मैदान गीला होने के कारण देर से शुरु हुए मैच को 27-27 ओवरों का कर दिया गया था। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 24 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। रिफत बेग (14) और जवाद अबरार (नौ) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कप्तान अजीजुल हकीम ने कलाम सिद्दीकी के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 13वें ओवर में अब्दुल सुभान ने अजीजुल हकीम (20) आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कलाम सिद्दीकी (आठ) और मोहम्मद अब्दुल्ला (पांच) भी सुभान का शिकार बने। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगलादेश के बल्लेबाज बेबस नजर आये। सामिउन बसीर ने बंगलादेश के लिए सर्वाधिक 33 रनों की पारी खेली। बंगलादेश की पूरी टीम 26.3 ओवरों में 121 के स्कोर पर सिमट गई। बंगलादेश के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान की ओर से अब्दुल सुभान ने चार विकेट और हुजैफा अहसान ने दो विकेट लिये। अली रजा, मोहम्मद सय्याम, अहमद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।




## गौतम गंभीर को टीम के कोच की जगह प्रबंधक होना चाहिए: कपिल देव

**कोलकाता, (वार्ता)।** भारत के पहले विश्व कप जीतने वाले कप्तान कपिल देव ने पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को लेकर कहा कि आज के क्रिकेट सेटअप में गंभीर को कोच के बजाय टीम प्रबंधक के तौर पर देखा जाना चाहिए। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के आईसीसी शताब्दी सत्र में कपिल ने कहा कि समकालीन क्रिकेट में कोच शब्द को अक्सर गलत समझा जाता है और उन्होंने उच्चतम स्तर पर इसकी प्रासंगिकता पर सवाल उठाया। कपिल की यह टिप्पणी भारत के हाल ही में घर पर टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार के बाद गंभीर की बढ़ती आलोचना के बीच आई है, जिसमें खिलाड़ियों के बार-बार रोटेशन और ऑलराउंडरों पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर गंभीर की आलोचना की गई है। कपिल ने कहा, च्आज, कोच नाम का यह शब्द, कोच एक बहुत ही आम शब्द है। गौतम गंभीर कोच नहीं हो सकते। वह टीम के मैनेजर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब आप कोच कहते हैं, तो कोच वह होता है जिनसे मैं स्कूल और कॉलेज में सीखता हूं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि गौतम गंभीर किसी लेग-स्पिनर या विकेटकीपर को क्रिकेट की बारीकियां कैसे सिखा सकते हैं। उनके अनुसार, यह काम स्कूल या कॉलेज स्तर के कोचों का होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुख्य कोच का असली काम खिलाड़ियों के व्यक्तित्व को समझना, उनका मनोबल बढ़ाना और टीम के लिए एक सही माहौल तैयार करना है। पूर्व ऑलराउंडर ने इस बात पर बल दिया कि कोच का काम तकनीकी सिखाने से ज्यादा खिलाड़ियों का सही तरीके से प्रबंधन करना होता है। मुझे लगता है कि आपको मैनेज करना होगा। यह अधिक महत्वपूर्ण है। एक प्रबंधक के तौर पर आप उन्हें प्रोत्साहित करते हैं कि आप यह कर सकते हैं, क्योंकि जब आप प्रबंधक बनते हैं, तो युवा लड़के आपको देखते हैं। कपिल ने समझाया कि एक सहायक माहौल बनाना कप्तान और टीम मैनेजमेंट दोनों की एक प्रमुख जिम्मेदारी थी। उन्होंने कहा, च्‌ आप किसी लेग स्पिनर या विकेटकीपर को कैसे कोच कर सकते हैं, जब वे पहले से उस कला में माहिर हैं? ऐसे में सबसे जरूरी काम मैनेजमेंट का होता है। एक मैनेजर खिलाड़ियों को भरोसा देता है, हौसला बढ़ाता है और उन्हें यह एहसास दिलाता है कि वे बेहतर कर सकते हैं। कपिल ने कहा, कप्तान या प्रबंधक का काम टीम को आराम और आत्मविश्वास देना है।

## ट्रैविस हेड का नाबाद शतक ऑस्ट्रेलिया बड़ी बढ़त की ओर

**एडिलेड (वार्ता)।** सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (नाबाद 145) की शतकीय और एलेक्स कैरी (नाबाद 52) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पहली पारी में 286 पर समेटने के बाद शुक्रवार को तीसरे एशेज टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप्स के समय अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 271 रन बना लिये है और उसकी कुल बढत 356 रन हो गई है। आज यहां इंग्लैंड ने कल के आठ विकेट पर 213 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में इंग्लैंड का नौवां विकेट कप्तान बेन स्टोक्स के रूप में गिरा। उन्हें 85वें ओवर की पहली गेंद पर मिचेल स्टार्क ने बोल्ड आउट किया। बेन स्टोक्स ने 198 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 83 रनों की पारी खेली। इसके बाद 88वें ओवर की दूसरी गेंद पर स्कॉट बोलैंड ने जोफ्रा आर्चर को आउटकर 286 के स्कोर पर इंग्लैंड की पहली पारी का अंत कर दिया। जोफ्रा आर्चर ने 105 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 51 रनों की पारी खेली। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 85 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने तीन-तीन विकेट लिये। नेथन लायन को दो



विकेट मिले। मिचेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में जेक वेदरॉल्ड (एक) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद मार्नस लाबुशेन (13), उस्मान ख्वाजा (40) और कैमरन ग्रीन (सात) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उस समय टीम का स्कोर चार विकेट पर 149 रन था। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आये एलेक्स कैरी ने ट्रेविस हेड के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। इसी दौरान ट्रेविस हेड ने अपना शतक पूरा किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 271 रन बना लिये है।

## डेवन कॉन्वे के दोहरा शतक से न्यूजीलैंड ने 575/8 पर की पारी घोषित, वेस्टइंडीज की ठोस शुरुआत

**माउंट मॉन्गानुई (न्यूजीलैंड) (वार्ता)।** डेवन कॉन्वे (227) और रचिन रविंद्र (नाबाद 72) की शानदार पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ आठ विकेट पर 575 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने स्टंप्स के समय बिना कोई विकेट गंवाये 110 रन बनाकर ठोस शुरुआत की। आज यहां न्यूजीलैंड ने कल के एक विकेट पर 334 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट जेकब डफी (17) के रूप में गिरा। उन्हें जेडेन सील्स ने आउट किया। इसके बाद केन विलियमसन (31) रन बनाकर आउट हुये। इसी दौरान डेवन कॉन्वे ने अपना दोहरा शतक पूरा किया।

## एचआईएल 2025-26 महिला हॉकी के रंग में रंगी रांची

**रांची (वार्ता)।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 को लेकर राजधानी रांची में खेल का उत्साह चरम पर है। इस प्रतिष्ठित लीग के आयोजन की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम को पूरी तरह से सजाया-संवारा जा रहा है। स्टेडियम में रंग-रोगन, दर्शक दीर्घा की मरम्मत, मैदान की फिनिशिंग, लाइटिंग और आधुनिक तकनीकी सुविधाओं को युद्धस्तर पर पूरा किया जा रहा है, ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिल सकें। इस बार हॉकी प्रेमियों के लिए सबसे खास बात यह है कि महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के सभी मुकाबले रांची में आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की नामचीन महिला खिलाड़ियों की मौजूदगी से राजधानी एक बार फिर हॉकी के वैश्विक मानचित्र पर



अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराने जा रही है। आयोजन से न केवल रांची, बल्कि पूरे झारखंड में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। टूर्नामेंट से पहले ही कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रांची पहुंच चुके हैं।

मोरहाबादी स्थित मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में टीमों के अभ्यास सत्र जोरों पर हैं। घरेलू टीम 'रांची रॉयल्स' सबसे अधिक चर्चा में है। अभ्यास सत्र के दौरान टीम को देखने के लिए खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। टीम में भारतीय महिला हॉकी टीम की अनुभवी खिलाड़ी निक्की प्रधान, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी ब्यूटी डुंगडुंग समेत कई प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं। इसके अलावा झारखंड की कई उभरती महिला हॉकी खिलाड़ियों को भी अभ्यास का मौका मिल रहा है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं का मनोबल काफी बढ़ा है।

अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का यह संतुलन रांची रॉयल्स को एक मजबूत टीम के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। महिला हॉकी इंडिया लीग का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। पहला मुकाबला 28 दिसंबर को रांची रॉयल्स और एसजी पाइपर्स के बीच रात 7:30 बजे खेला जाएगा। 29 दिसंबर को सूरमा हॉकी क्लब और राढ़ बंगाल टाइगर्स आमने-सामने होंगे। 30 दिसंबर को रांची रॉयल्स का मुकाबला राढ़ बंगाल टाइगर्स से होगा। नए साल पर 1 जनवरी को एसजी पाइपर्स और राढ़ बंगाल टाइगर्स तथा 2 जनवरी को रांची रॉयल्स और सूरमा हॉकी क्लब के बीच मैच खेले जाएंगे। 3 से 8 जनवरी तक लीग चरण के अंतिम मुकाबले होंगे, जबकि फाइनल मैच 10 जनवरी को रात 8:15 बजे आयोजित किया जाएगा। हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने कहा कि हॉकी झारखंड का सबसे लोकप्रिय खेल है। हॉकी इंडिया और राज्य सरकार के सहयोग से यह आयोजन सफल होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछली बार करीब दो लाख दर्शक जुटे थे।

## फ्लिपकार्ट ने मिनिवेट एआई में हासिल की नियंत्रक हिस्सेदारी




**नयी दिल्ली (वार्ता)।** ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट ने एआई और मशीन लैंग्वेज समाधान प्रदाता कंपनी मिनिवेट एआई में नियंत्रक हिस्सेदारी हासिल कर ली है। फ्लिपकार्ट ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह अधिग्रहण मूल रचनात्मक एआई (जेनएआई) क्षमताओं के निर्माण और उनमें निवेश की दिशा में एक रणनीतिक कदम है। इससे फ्लिपकार्ट और दूसरे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के अधिक सहज तथा बेहतर खरीदारी अनुभव की ओर तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। मिनिवेट एआई ई-कॉमर्स के लिए रचनात्मक वीडियो पर केंद्रित है, जो उत्पादों के कैटलॉग को तस्वीरों की सीमाओं से निकालकर आकर्षक वीडियो कंटेंट में बदलता है। यह प्लेटफॉर्म पारंपरिक प्रोडक्शन लागत से बेहद कम खर्च पर उच्च-गुणवत्ता के परिणाम प्रदान करता है। वीडियो के अलावा मिनिवेट एआई ई-कॉमर्स की एआई क्षमताओं का एक व्यापक सूट भी पेश करता है। अधिग्रहण पर टिप्पणी करते हुए मिनिवेट एआई के संस्थापक आदित्य राचकोंडा ने कहा, फ्लिपकार्ट के साथ यह साझेदारी मिनिवेट एआई के लिए एक निर्णायक क्षण है। इससे हमें अपनी स्वामित्व वाली जेनएआई समाधानों को देश के अग्रणी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बड़े पैमाने पर अपनाने में मदद मिलेगी, जिससे लाखों ग्राहकों के लिए खरीदारी और भी अधिक सहज और बेहतर बनेगी।

## चावल नरम, चीनी मजबूत- दाल, तेल में घट-बढ़

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव घट गये जबकि गेहूं की कीमत स्थिर रही। चीनी के दाम बढ़ गये। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत छह रुपये घटकर 3,866 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 2,859 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत 12 रुपये बढ़ी। दाल-दलहनों में मूंग दाल औसतन आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल की कीमत 31 रुपये और मसूर दाल की नौ रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। उड़द दाल में पांच रुपये और चना दाल में चार रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 74 रिंगिट घटकर 3,906 रिंगिट प्रति टन



रह गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 प्रतिशत गिरकर में 48.59 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 18 रुपये और सोया तेल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 29 रुपये और सूरजमुखी तेल की 24 रुपये घट गयी। मूंगफली तेल 15 रुपये और वनस्पति दो रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चीनी भी दो रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।दाल चना 7836.23 रुपये, मसूर काली 8171.33 रुपये, मूंग दाल 10121.78 रुपये, उड़द दाल 10369.44 रुपये, तुअर दाल 10568.03 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.40 रुपये और चावल 3866.22 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3314.18 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी एस 4326.79 रुपये और गुड़ 5013.94 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17647.37 रुपये, मूंगफली तेल 17762.58 रुपये, सूरजमुखी तेल 15787.43 रुपये, सोया तेल 13753.40 रुपये, पाम ऑयल 12445.18 रुपये और वनस्पति 14497.24 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## अल्ट्राटेक सीमेंट को 6.58 करोड़ रुपये के कर नोटिस

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** आदित्य बिरला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित देनदारी, ब्याज और जुर्माने समेत कुल 6.58 करोड़ रुपये के दो कर नोटिस मिले हैं। कंपनी ने शुक्रवार




को शेयर बाजार को बताया कि दोनों नोटिस 18 दिसंबर को मिले हैं। एक नोटिस केंद्रीय जीएसटी के उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित संयुक्त आयुक्त कार्यालय से मिला है। इसमें 72, 62,390 रुपये के जीएसटी, 86,22,535 रुपये के ब्याज और 1,49,41,110 रुपये के जुर्माने की मांग की गयी है। यह राशि कुल 3,08,26,035 रुपये है। इसमें कंपनी पर अयोग्य होने के बावजूद इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने और उन वेंडरों के नाम पर आईटीसी के दावे का आरोप है जिनके पंजीकरण पहले ही रद्द कर दिये गये थे। दूसरा नोटिस केंद्रीय जीएसटी के पश्चिम बंगाल स्थित भोलापुर के संयुक्त आयुक्त से प्राप्त हुआ है।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा

**मुंबई (वार्ता)।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 1.689 अरब डॉलर बढ़कर 688.949 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। गत 05 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में यह 1.033 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 687.26 अरब डॉलर पर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 12 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 90.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 557.787 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसमें अमेरिका डॉलर के अलावा जापानी येन, ब्रितानी पाउंड और यूरो शामिल हैं जिनके मूल्य का आंकलन डॉलर की तुलना में उनकी संदर्भ दर के आधार पर किया जाता है। आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार 75.8 करोड़ डॉलर बढ़ा और सप्ताहांत पर 107.741 अरब डॉलर पर रहा जो करीब दो महीने का उच्चतम स्तर है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.686 अरब डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 1.4 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 18.735 अरब डॉलर हो गया।

## रुपया 53 पैसे मजबूत

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को 53 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 89.67 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा में यह लगातार तीसरी तेजी है। गुरुवार को यह 18 पैसे की मजबूती के साथ 90.20 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपये में आज भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। यह 90.1950 रुपये प्रति डॉलर पर लगभग स्थिर खुला और नीचे 90.3050 रुपये तथा ऊपर 89.25 रुपये प्रति डॉलर तक गया। विशेष रूप से दोपहर के बाद रुपये का ग्राफ काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने आज भारतीय पूंजी बाजार में लिवाली की, जिससे रुपये को प्रोत्साहन मिला।

# मजबूत रुपये से चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई (वार्ता)।

रुपये की मजबूती के दम पर शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में चौतरफा लिवाली रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 447.55 अंक (0.53 प्रतिशत) चढ़कर 84,929.36 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 150.85 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,966.40 अंक पर बंद हुआ। भारी उतार-चढ़ाव के बीच रुपया आज बीच कारोबार में 89.25 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। इससे बाजार में निवेश धारणा मजबूत हुई। चौतरफा लिवाली के बीच निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.91 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.36 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सभी सेक्टर हरे निशान में रहे। रसायन, रियलिटी, ऑटो, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस और फार्मा सेक्टरों में ज्यादा लिवाली



रही। एनएसई में कुल 3,214 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,184 में तेजी और 938 में गिरावट रही जबकि 92 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 26 के शेयरों में तेजी और अन्य चार में गिरावट रही। बीईएल का शेयर 2.37 फीसदी चढ़ा। पावरग्रिड में 2.19 प्रतिशत, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स में 1.98, एशियन पेंट्स में 1.41, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.34 और एलएंडटी में 1.05 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एचडीएफसी बैंक, मारुति सुजुकी और टेक महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में रहे। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.14 प्रतिशत की गिरावट रही। इसके अलावा, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और सनफार्मा के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 1.03 फीसदी, हांगकांग का हैंगसेंग 0.75 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.36 फीसदी चढ़ा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.06 प्रतिशत ऊपर था जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.12 फीसदी की गिरावट थी।

# अर्थ नीति ही तय करती है राष्ट्र की प्रगति की दिशा : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कांफ्रेंस-2025 को मुम्बई में किया संबोधित

भोपाल (स्वतंत्र मत)




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसी भी राष्ट्र की सशक्त अर्थ नीति और वैचारिक दूरदर्शिता ही उसके विकास की संतुलित गति, स्थायित्व और भविष्य की दिशा तय करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीता दशक देश की अर्थव्यवस्था के लिए स्वर्णिम काल रहा है। इस दौरान देश ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक चुनौतियों से उबरते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुंबई में आयोजित वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कॉन्फ्रेंस-2025 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। मध्यप्रदेश में निवेश और सरलता से व्यापार-व्यवसाय बढ़ाने के लिए हमारी सरकार निवेशकों की हर संभव मदद करने को तत्पर है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश करने के इच्छुक हर निवेशक के लिए हमारी सरकार हर घड़ी उनके साथ खड़ी है। निवेशकों की जरूरतों से हम वाक़िफ हैं, इसीलिए जैसी जरूरत, हमारी सरकार निवेशकों की वैसी मदद करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सब मिल जुलकर मेक इन इंडिया और विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे। देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में 25 दिसंबर को भारतरत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह प्रदेश में 2.5 लाख करोड़ रूपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी को 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट' में शामिल होने के लिए ग्वालियर आमंत्रित करते हुए कहा कि यह आयोजन 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के सफल समापन का साक्षी बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेशकों को बेहतर पॉलिसी, अवसर, इन्सेंटिव, इको सिस्टम, मार्केट लिंकेज और ग्रोथ रेट के साथ-साथ सरकार का फुल सपोर्ट मिलेगा। हमारे यहां उद्योगों के लिए पर्याप्त लैंड और वॉटर बैंक है, यूथ फोर्स है और स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स भी है। उन्होंने निवेशकों से मध्यप्रदेश में निवेश करने के लिए बेहिचक आगे बढ़ने का आहवान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भारत की आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक मूल्यों और वैश्विक नेतृत्व की भूमिका पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज भारत जिस रफ्तार से आर्थिक प्रगति कर रहा है, वह अभूतपूर्व है। सुदृढ़ नीतियों, संरचनात्मक सुधारों, आत्मनिर्भर भारत अभियान और वैश्विक निवेशकों के बढ़ते विश्वास के कारण हमारा देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत शीघ्र ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

### देश-विदेश से बड़ी संख्या में आए बिजनेस टायकून्स

देश-विदेश से बड़ी संख्या में आए बिजनेस टायकू न्स, उद्योगपतियों, नीति-निर्माताओं, अर्थशास्त्रियों, शिक्षाविदों, ग्लोबल इकोनॉमी के विचारकों और वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम के सभी सदस्यों ने कॉन्फ्रेंस में शिरकत की। वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम कॉन्फ्रेंस-2025 भारत की आर्थिक सोच, सांस्कृतिक विरासत और वैश्विक दृष्टि को एक साझा मंच प्रदान कर रहा है, इससे देश की भावी विकास यात्रा को नई दिशा और ऊर्जा मिल रही है।

### मध्यप्रदेश निवेश और विकास का नया केंद्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्फ्रेंस में मध्यप्रदेश की बेजोड़ उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य निवेश, उद्योग, कृषि, ऊर्जा और पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। मध्यप्रदेश में कभी भी औद्योगिक बाधाओं (इंडस्ट्रियल अनरेस्ट) की शिकायत नहीं रही। सरकार की निवेशकों के अनुकूल 18 नई औद्योगिक नीतियों, पारदर्शी शासन-प्रशासन और मजबूत बुनियादी ढांचे के कारण मध्यप्रदेश आज निवेशकों और नव उद्यमियों के लिए एक आकर्षक और भरोसेमंद केंद्र बन गया है। हम निवेशकों को हर जरूरी प्रोत्साहन, न्यूनतम दर पर भूमि, मदद और मार्गदर्शन भी मुहैया करा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इनोवेशन प्रास्पेरिटी एण्ड सेल्फ-रिलायंस इंडिया पाथ टू ग्लोबल लीडरशिप जैसे विषय पर ऐसे समय में संवाद हो रहा है, जब भारत केवल उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि विश्व को दिशा देने वाली शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है।

**हमने 18 नई औद्योगिक पॉलिसी लॉन्च की**- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने 18 नई औद्योगिक पॉलिसी लॉन्च कीं, जो प्रदेश की ग्रोथ के लिए गेम चेंजर सिद्ध हो रही हैं। धार जिले में देश के पहले और सबसे बड़े पीएम टेक्सटाइल पार्क का भूमि-पूजन किया गया है। यह पार्क फार्म-टू-फाइबर-टू-फैक्ट्री-टू-फैशन-टू-फॉरेन के विजन को साकार करेगा। प्रदेश में 20 लाख 43 हजार से अधिक एमएसएमई इकाइयां कार्यरत हैं। पिछले 3 वर्षों में 4 लाख 26 हजार से अधिक नई विनिर्माण इकाइयां स्थापित हुईं। इनसे 66 हजार करोड़ से अधिक निवेश एवं एक करोड़ से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी और एपीजीसी-एक्सआर हब जैसी अभिनव पॉलिसी लागू की हैं।

### कृषि के साथ औद्योगिक विकास पर विशेष जोर दिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश डबल इंजन की सरकार के साथ आगे बढ़ रहा है। राज्य में कृषि के साथ औद्योगिक विकास पर विशेष जोर दिया गया है। हमारी सरकार ने प्रदेश में लॉजिस्टिक, मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी और सप्लाई चेन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। यहां स्वदेशी रेल और मेट्रो कोच तैयार किए जाएंगे। इसी साल फरवरी में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) आयोजित की गई। इससे प्रदेश में अब तक बम्पर निवेश आया है, जिसमें से 6 लाख करोड़ लागत के कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं। प्रदेश में इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन सिटी और भोपाल-रायसेन मेट्रोपॉलिटन सिटी के बाद ग्वालियर और जबलपुर को भी मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाया जाएगा।



## भारत अब हर चुनौती और परिस्थिति का सामना करने में सक्षम: डॉ. यादव

**मध्यप्रदेश आई.ए.एस. एसोसिएशन सर्विस मीट 2025 का किया शुभारंभ**

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद का विचार था कि 21वीं सदी भारत की होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रभावी नेतृत्व और मार्गदर्शन में आज विवेकानंद जी का यह स्वप्न साकार होता दिख रहा है। वर्तमान में विश्व का हर देश भारत से मित्रता करना चाहता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत अब हर चुनौती और परिस्थिति का सामना करने में सक्षम है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की भूमिका के आधार पर ही भारत आज दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है। हमारे प्रशासनिक अधिकारी हर चुनौती का सामना करते हुए देश को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। भारत की अनेक विविधताओं के बीच आज देश में यह सेवा क्षेत्र मजबूती और प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव म.प्र. आई.ए.एस. एसोसिएशन सर्विस मीट-2025 के शुभारंभ अवसर पर प्रशासन अकादमी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, सेवानिवृत्त अधिकारियों सहित मध्यप्रदेश कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश की आजादी के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों के फलस्वरूप प्रशासनिक व्यवस्था निर्मित हो पाई। देश में राजाओं की सत्ता को प्रजातंत्र में बदलने में प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। हमारे देश की संवैधानिक व्यवस्था में संघीय प्रणाली है और इस बीच प्रदेश के अधिकारियों ने केंद्र-राज्यों के साथ समन्वय करते हुए राज्य की बेहतर छवि बनाई है। मध्यप्रदेश एक प्रयोगशाला की तरह है, जहां कई क्षेत्रों में लगातार नवाचार हुए और इनमें से कई नवाचारों का देश-दुनिया में अनुसरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी योग्यता और अनुभव के महत्व को पहचानते हैं। इसी का परिणाम है कि सेवाकाल के बाद भी कई अधिकारियों के अनुभव का लाभ शासन व्यवस्था को मिल रहा है। प्रदेश के सभी प्रशासनिक अधिकारी सम्मान के हकदार हैं। प्रसन्नता का विषय है कि सभी अधिकारी एक परिवार की तरह हर कठिनाई से निकलने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अनुभव से भरे हमारे वरिष्ठ अधिकारी और ऊर्जा से भरे हमारे युवा साथी विकसित और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के आधार हैं। उन्होंने कहा कि यह समय नीतियां बनाने और योजनाओं का क्रियान्वयन करने के साथ नवाचार को समझने, तकनीक को अपनाने और नागरिक की दृष्टि से सोचने का भी है। हमें सेवा कर पाने का अवसर सौभाग्य से मिलता है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने यह सौभाग्य अपने कठिन परिश्रम से अर्जित किया है। हमारी संस्कृति में नर सेवा को नारायण सेवा माना गया है।

# शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक भोपाल में आज

**बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री श्री मनोहर लाल भी रहेंगे मौजूद**

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक 20 दिसंबर शनिवार प्रातः 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र, भोपाल में आयोजित हो रही है। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रमुख शहरी विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच सहयोग और समन्वय को सुदृढ़ करना है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि यह बैठक राज्यों को योजना-वार प्रगति प्रस्तुत करने, क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याओं को साझा करने, श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान तथा मंत्रालय से नीतिगत एवं रणनीतिक मार्गदर्शन प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। क्षेत्रीय बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल और प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति रहेगी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़, दिल्ली, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश के शहरी विकास मंत्री एवं राज्यमंत्री, भारत सरकार एवं राज्यो के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण स्वच्छ सर्वेक्षण वर्ष 2025-26 के लिए कार्य-दिशा पुस्तिका का विमोचन होगा। इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने बताया कि यह कार्य-दिशा पुस्तिका स्वच्छता, स्थायित्व तथा नागरिक-केंद्रित शहरी प्रशासन को और अधिक सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बैठक के दौरान पाँच सत्रों में शहरी विकास से जुड़े प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इन सत्रों के माध्यम से केंद्र एवं राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही व्यवहारिक चुनौतियों का समाधान निकाला जा सकेगा। अमृत योजना के अंतर्गत संचालित एवं प्रस्तावित कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा समयबद्ध पूर्णता से संबंधित विषयों पर विचार किया जाएगा। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये आवश्यक सुधारात्मक कदमों पर भी मंथन होगा। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत डंप स्थलों के वैज्ञानिक प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट निपटान तथा स्वच्छता से जुड़ी चुनौतियों पर मंथन होगा। स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत निर्माणाधीन एवं स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा लाभार्थियों को समय पर आवास उपलब्ध कराने में आ रही समस्याओं के समाधान पर विचार किया जाएगा। अंगीकार अभियान की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों एवं चुनौतियों की समीक्षा करते हुए अभियान को अधिक प्रभावी एवं जनसहभागिता आधारित बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश तय किए जाएंगे।

# फिल्म निर्माण से बुंदेलखंड में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे: धर्मेन्द्र सिंह

## 7 से 11 जनवरी तक होगा बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम

दमोह (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश शासन की फिल्म पर्यटन नीति 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र की कला, लोक संस्कृति, भाषा एवं सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने की दिशा में बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी पहल है। इस आशय के विचार राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने मीडियाजनों के समक्ष व्यक्त किये। इस अवसर पर राज्यमंत्री द्वय और अतिथियों ने बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम पोस्टर का विमोचन किया। कार्यक्रम में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटैल, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व भाजपा अध्यक्ष नरेन्द्र व्यास, प्रो. रश्मि जेता, सत्येन्द्र सिंह लोधी, एसडीएम आरएल बागरी, राजीव अयाची मंचासीन थे। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा यह आयोजन बुन्देलखण्ड कला




संस्कृति मंच समिति छतरपुर एवं फिल्म पर्यटन संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश द्वारा प्रस्तावित किया गया है जिसका उद्देश्य फिल्म निर्माण, पर्यटन और स्थानीय सांस्कृतिक प्रतिभाओं के बीच सशक्त समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कहा दमोह एवं आसपास के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में उपलब्ध ऐतिहासिक धरोहरों, प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक स्थलों एवं ग्रामीण लोक संस्कृति को फिल्म निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान के रूप में विकसित करना जिससे स्थानीय और बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को समुचित स्थान प्राप्त हो यह इस आयोजन का लक्ष्य है। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा इस समागम के अंतर्गत बॉलीवुड के अनुभवी लाइन प्रोड्यूसर्स, फिल्म निर्माता, निर्देशक, ओटीटी प्लेटफॉर्म प्रतिनिधि एवं मीडिया पार्टनर्स की सहभागिता से बुन्देलखण्ड को फिल्म निर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी। स्थानीय बुन्देली भाषा की फिल्मों, शॉर्ट फिल्मों, वेब सीरीज, वृत्तचित्र, लोकसंगीत एवं डिजिटल कंटेंट से जुड़े कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान एवं अवसर प्राप्त होंगे। फिल्म निर्माताओं को परमिशन प्रक्रियाए लॉजिस्टिक सपोर्टए स्थानीय संसाधन एवं मानव संसाधन से अवगत कराते हुए दमोह को फिल्म फ्रेंडली डेस्टिनेशन के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा इस आयोजन से स्थानीय कलाकारों के लिए मंच एवं रोजगार के अवसर सृजित होगे बल्कि फिल्म एवं पर्यटन विभागों के बीच सहयोग को भी सुदृढ़ करेगा। उन्होंने कहा समापन अवसर पर भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ पुरस्कार वितरणए सम्मान समारोह एवं आगामी फिल्म परियोजनाओं पर विमर्श होगा। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि इस फेस्टिवल में संभवतः कुछ बॉलीवुड के कलाकार शामिल होने की संभावना है। उन्होंने कहा मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा इस आयोजन को स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जायेगा ताकि दमोह एवं बुंदेलखंड को फिल्म पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित कर राष्ट्रीय पहचान दिलाई जा सके।

# कृषि उपज मंडी में भावन्तर योजना की खरीदी की जांच के लिए 11 सदस्यीय जांच समिति गठित

**7 से 17 नवंबर तक हुई खरीदी के प्रत्येक पहलू की 9 बिंदुओं पर जांच करेगी टीम**

**हटा (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा 30 सितंबर 2025 के अनुसार हटा मंडी में भावांतर योजना लागू की गई है जिसमें 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक सोयाबीन की खरीदी निश्चित की गई है जिसके अंतर्गत हटा कृषि उपज मंडी में 21 नवम्बर को संयुक्त संचालक मंडी बोर्ड द्वारा की गई जांच में हटा कृषि उपज मंडी में भावांतर योजना की खरीदी में भारी पैमाने पर गड़बड़ी पाई गई थीं खरीदी के ऑनलाइन आंकड़ों और स्टॉक में भारी अंतर पाया गया था जिसमें बिट्ठल ट्रेडर्स अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी मां चंडी इंटरप्राइजेज नाम क गल्ला खरीदीं फर्मों के प्रोपराइटर प्रखर अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल एवं रामस्वरूप असाटी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी इसी के साथ 7 नवम्बर 2025 से 17 नबम्वर 2025 तक के मध्य सोयाबीन विक्रय करने वाले पंजीकृत किसानों को भावांतर भुगतान की कार्यवाही स्थगित रखी गई थी इस दौरान योजना अंतर्गत सोयाबीन विक्रय की जांच हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कौचर द्वारा मंडी प्रशासक एवं एसडीएम राकेश मरकाम सहायक संचालक कृषि एसएल कुर्मी सहित 11 सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया है जिसे सात दिवस में नौ निर्धारित बिंदुओं पर जांच करने का निर्देश दिया गया है इन नौ बिंदुओं में रिसाइक्लिंग में किसान व्यापारी एवं मंडी स्टाफ की भूमिका की जांच एएक ही किसान द्वारा बार बार विक्रय एवं असामान्य विक्रय की जांच, दिनांक बार व्यापारी बार प्रत्येक विक्रय संव्यवहार का परीक्षण एव्यापारी स्टाक सत्यापन परिवहन एवं अनुज्ञा पत्र आदि बिंदु जांच में शामिल किए गए हैं। हटा पुलिस थाना में तीन व्यापारियों, प्रखर अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल और रामस्वरूप असाटी के विरूद दर्ज प्राथमिकी में हटा पुलिस द्वारा मंडी कर्मचारियों के बयान दर्ज किए जा रहे है। इसी दौरान प्रखर अग्रवाल और प्रकाश अगरवाल द्वारा प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक की अदालत में गिरफ्तारी पूर्व जमानत का आवेदन भी लगाया गया है जो अपर सत्र न्यायालय द्वारा शुक्रवार को निरस्त कर दी गई है, तीनों पुलिस की नजर में फरार बताए गए है।

# सामुदायिक कार्यक्रमों पर एक दिवसीय अभिसरण कार्यशाला संपन्न

दमोह (स्वतंत्र मत)



स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से अंतरा फाउंडेशन दमोह द्वारा सामुदायिक कार्यक्रमों पर आधारित एक दवसीय अभिसरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वस्थ विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग तथा आजीविका विभाग को एक साथ, एक मंच पर एक उद्देश्य के लिए लाना था ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबधित सेवाओं को प्रदाय करने के दौरान जमीनी स्तर पर आ रही सामाजिक एवं व्यावहारिक बाधाओं के संभव समाधानों पर साथ मिलकर रणनीति बनाई जा सके जिससे जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों को बेहतर किया जा सके। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि संवादात्मक कार्यशाला थी जिसमें सरकारी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यशाला के दौरान अंतरा टीम ने प्रदर्शनी के माध्यम से यह भी दिखाया कि किस प्रकार समुदायिक बैठकों में पिक्चर काड्र्सए खेल और सहभागितापूर्ण गतिविधियों का उपयोग कर जागरूकता बढ़ाई जा रही है। कार्यशाला में साझा की गई वास्तविक जमीनी कहानियों ने यह स्पष्ट किया कि सामुदायिक सहभागिता और सरकारी सहयोग से सतत और प्रभावी बदलाव संभव है। अंतरा फाउंडेशन ने सभी सरकारी विभागों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**// निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1. | PRO-692<br>Date 19/12/2025<br>2025_UAD_469490_1 | संभाग क्रमांक 06 अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड में जी.टी.कैप्स 300 मीटर ड्रेन कार्य (CM Monit A+ मद) | तीन माह<br>14.39/- लाख | 2,000/-<br>10799/- | 21/01/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, जबलपुर


## कनकतला के पास ऑटो पलटा, युवक घायल



**हटा (स्वतंत्र मत)।** मड़ियादो मार्ग पर कनकतला गांव के पास ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार धर्मेंद्र अहिरवार उम्र 25 वर्ष घायल हुआ जिसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल हटा भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दमोह जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि प्रतिबंध के बाबजूद हटा से ग्रामीण क्षेत्र बड़ी संख्या में ऑटो रिक्शा संचालित है जिनके पास बैध दस्तावेज न होने के कारण दुर्घटना में घायल को बीमा क्लैम का लाभ नहीं मिल पाता जबकि जिलाधीश सुधीर कोचर के निर्देश पर पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा ऑटो रिक्शा चालकों से बैध दस्तावेज पंजीयन बीमा परमिट और लाइसेंस बनवाने लगातार कैम्प लगाए जाते है इसके बाबजूद कतिपय ऑटो चालक यात्रियों की जानमाल से खिलवाड़ करने से बाज नही आ रहे।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./0036/अ-6/20025-26

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका श्रीमति त्रिवेणी पासी पति स्व. रामचन्द बावरिया, नीतू पासी पिता स्व.रामचन्द बावरिया, तरूण पासवान पिता राचन्द बावरिया निवासी म.नं. 84 संजय गांधी नगर, सदर केंट जबलपुर द्वारा ग्राम कजरवारा प.ह.नं. 10 नं.ब. 505 ख.नं. 23/11 रकबा 0.0200 हेक्टेयर फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विधाचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि आवेदक/ आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्रात दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 18/12/2025 को जारी

जारी दिनांक : 18/12/2025

पेशी दिनांक : 30/12/2025

**अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक 02 कछपुरा नगर निगम, जबलपुर**

क्र./सं.अ./02/कछपुरा/2025/एम/क्यू-360

जबलपुर दिनांक 19/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री शिव प्यासी (2) शिवम प्यासी पिता स्व. सुरेन्द्र कुमार प्यासी ने मकान 1945 वार्ड रानी दुर्गावती भूतल 346 शपथ पत्र के आधार पर नगर निगम प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकरण की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रं. 02 कछपुरा में प्रमाण-पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय कार्यालय सं.क्र. 02 कछपुरा, नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक 05 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्रं./सं.अधि./सं.क्र 5/2025-26/66

दिनांक 8/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आकाश सिंघई पिता कैलाश सिंघई ने भवन क्रं. 74 वार्ड महात्मा गांधी भूतल 386 वर्गफुट व्यवसायिक प्रथमतल 902 वर्गफुट व्यवसायिक विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 74 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्रीमति डॉ. जयश्री बनाईत (जैन) पति डॉ. अविनाश बनाईत पिन नं. 1000369873/41300099 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथी से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रं. 05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय कार्यालय सं.क्र. 05 नगर निगम जबलपुर**

# नियमों को ताक में रखकर एलडीसी को बना दिया स्टेट बार काउंसिल का सचिव

## हाईकोर्ट ने सचिव को हटाने के दिये आदेश

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

लोअर डिविजनल क्लर्क को नियम विरूद्ध स्टेट बार काउंसिल का सचिव बनाये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ ने याचिका की सुनवाई करते हुए श्रीमति गीता शुक्ला को सचिव पद से हटाकर उनके मूल पद पर भेजने के आदेश जारी किये है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि स्टेट बार काउसिंल दो माह में सचिव पद की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर न्यायालय को अवगत करवाये। स्टेट बार काउंसिल सदस्य शैलेन्द्र वर्मा, अहादुल्ला उसमानी सहित अन्य पांच की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि श्रीमति गीता शुक्ला लोअर डिविजनल क्लर्क के पद पर पदस्थ थी। उनके नियम विरूद्ध तरीके से प्रमोशन देकर स्टेट बार काउंसिल ने 31 जनवरी 2022 को एलडीसी के पद से सहायक सचिव के पद पर पदोन्नत किया। इसके बाद 9 जुलाई



2024 को उन्हें सचिव बना दिया गया। याचिका में कहा गया था कि योग्यता नहीं होने के बावजूद भी उन्हें 6 पदो का प्रमोशन देकर सहायक सचिव बनाया गया था। स्टेट बार काउसिलिंग ने साल 2019 में सहायक सचिव पद के लिए परीक्षा का आयोजन किया था। उक्त परीक्षा में गीता शुक्ला भी शामिल हुई थी और उन्हें सिर्फ पांच अंक प्राप्त हुए थे और उनकी रैकिंग 12 थी। पांच साल के अधिवक्ता का अनुभव नहीं होने के बावजूद भी वह परीक्षा में शामिल हुई थी। उन्हें नियमों को तक में रखकर आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया है।

### सचिव का पद महत्वपूर्ण

चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने कहा कि सचिव का पद एक महत्वपूर्ण पद है और इस पद पर नियुक्ति के लिए योग्यताएं नियमों द्वारा निर्धारित की गई हैं। नियुक्ति से पहले इन्हें पूरा करना अनिवार्य है। कोर्ट ने कहा कि स्टेट बार काउंसिल ने गीता शुक्ला को सहायक सचिव के पद पर पदोन्नत किया और फिर उन्हें सचिव के पद पर नियुक्त किया। स्पष्ट रूप से यह कार्रवाई अधिवक्ता अधिनियम, 1961, मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल नियमों के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन है। आउट ऑफ टर्न प्रमोशन के लिए एग्जीक्यूटिव कमेटी की कोई सिफारिश नहीं की थी।

### दो माह में पूरी करें नियुक्ति प्रक्रिया

चेयरमैन ने अपनी मर्जी से एक्टिंग सेक्रेटरी के तौर पर अपॉइंट किया था और फिर जनरल बॉडी ने उन्हें असिस्टेंट सेक्रेटरी के पद पर आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया। इसके बाद उन्हें बिना जरूरी क्वालिफिकेशन और बिना किसी सिलेक्शन प्रोसेस के सेक्रेटरी के पद पर अपॉइंट कर दिया गया। युगलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि गीता शुक्ला को असिस्टेंट सेक्रेटरी तथा सेक्रेटरी के पद पर उनकी आगे की नियुक्ति रद्द की जाती है। मध्य प्रदेश की स्टेट बार काउंसिल नियमों और तय योग्यताओं के अनुसार स्टेट बार काउंसिल के सेक्रेटरी व असिस्टेंट सेक्रेटरी पद पर दो महीने के अंदर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी करेगी।

# शराब के लिये रुपये न देने पर युवक पर हमला

*जबलपुर ( स्वतंत्रमत )। सिहोरा थाना क्षेत्रातंर्गत नया मोहल्ले क्षेत्र में बीती रात दो असमाजिक तत्वों ने एक युवक से शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करते हुए उस पर किसी नुकीली चीज से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि दुर्गेश चौधरी अपने रिश्ते के भाई रोहित चौधरी के साथ बीती रात सिहोरा बाजार से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वे नया मोहल्ला पहुंचे, उसी समय उन्हें दीपक चौधरी व किशन उर्फ कल्लू चौधरी मिले, जिन्होंने दुर्गेश से शराब पीने के लिये पांच सौ रुपयों की मांग शुरु कर दी। दुर्गेश के रुपये देने से मना करने पर आरोपियों ने गालीगलौज शुरु कर दी। विरोध कर ने पर दीपक व किशन ने मारपीट करते हुए किसी नुकीली चीज से हमला कर दिया। जिससे दुर्गेश को गंभीर चोट आ गई। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है।*

# शिक्षकों को प्रदान किए प्रमाण पत्र

## हितकारिणी कम्प्यूट सेंटर द्वारा ट्रेडिंग कम्प्यूटर स्किल पर कार्यशाला का समापन आज



जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

हितकारिणी कम्प्यूटर सेंटर द्वारा हितकारिणी लॉ कॉलेज में ट्रेडिंग कम्प्यूटर स्किल पर आयोजित कार्यशाला का आज शनिवार को समापन किया जाएगा। इससे पहले आयोजित कार्यशाला में शुक्रवार को प्रशिक्षक आदर्श गुप्ता बीटेक कम्प्यूटर साइंस एवं विश्वेस राठौर बीटेक कम्प्यूटर साइंस द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को कम्प्यूटर स्किल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। शुक्रवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयेश सिंह राठौर मंत्री हितकारिणी विद्या परिषद, डॉ. भावना वर्मा उप प्राचार्य हितकारिणी लॉ कॉलेज तथा डॉ विकास सिंह प्राचार्य लॉ कॉलेज विशेष रूप से उपस्थित रहे। हितकारिणी कम्प्यूटर सेंटर प्रभारी शैलजा गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षकों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

# आठ माह में पमरे ने 5675 करोड़ से अधिक का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू किया अर्जित

जबलपुर (स्वतंत्रमत)।

महाप्रबंधक द्वारा राजस्व बढ़ाने के निर्देशों और वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किए गए समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से नवम्बर तक रूपये 5675 करोड़ 36 लाख का कुल प्राम्भिक राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि (रूपये 5268 करोड़ 79 लाख) की तुलना में 7.72 प्रतिशत अधिक है। ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू के मद वाइस आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से रुपये 1704 करो? 13 लाख, माल यातायात से रुपये 3693 करोड़ 94 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 122 करोड़ 11 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 155 करोड 18 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है। चालू वित्तीय वर्ष के आठ माह में मण्डल वाइस बात करे तो जबलपुर मण्डल ने रूपये 3382 करोड़ 84 लाख, भोपाल मण्डल ने 1237 करोड़ 5 लाख एवं कोटा मण्डल ने रूपये 1055 करोड़ 47 लाख का कुल ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है।

# प्राचीन शिवशक्ति मंदिर का चोरों ने तोड़ा ताला

## सीसीटीवी में कैद हुई विजय नगर थाना क्षेत्र की वारदात

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

विजय नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी जगदंबा कॉलोनी स्थित प्राचीन शिवशक्ति मंदिर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि अज्ञात चोर मंदिर से भगवान के तीन छत्र और भगवती के गले में पहना मंगलसूत्र चुराकर फरार हो गए। पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मंदिर के सचिव संतोष दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरानी जगदंबा कॉलोनी में स्थित यह शिवशक्ति मंदिर वर्षों पुराना है और क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था का केंद्र है। बीती रात नियमित आरती के बाद निर्धारित समय पर मंदिर के पट बंद कर पंडित जी चले गए थे। आज सुबह जब मंदिर खोला गया तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला। सूचना



मिलते ही मंदिर समिति के सदस्य और श्रद्धालु मौके पर पहुंचे। मंदिर के भीतर भगवान के तीन छत्र और भगवती के गले से मंगलसूत्र गायब पाया गया। घटना की जानकारी तत्काल विजय नगर पुलिस को दी गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मंदिर में चोरी की घटना से क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।











हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**